फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 300 प्रभात जयपुर, शनिवार 1 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**We Will Loose Our Flamingoes!!**

Have you ever seen a flamingo eat? They look like they're doing headstands for lunch! Turns out, their oddly-shaped beak is perfectly designed for scooping up food while upside down in the water.

**There Is No 'Self'**

**A Long Space Trip**

# राजनीतिक दलों के विघटन और विलय की संभावनाओं पर बातचीत शुरू हुई

## शरद पवार ने स्वयं एक इन्टरव्यू में स्वीकार किया, निकट भविष्य में कई क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस में विलय होगा

- प्र.मंत्री मोदी ने भी अपनी एक चुनावी सभा में ऐसी कुछ संभावनाओं के संकेत दिये।
- चार जून को चुनाव परिणाम आने के बाद, इण्डिया गठबंधन इस सोच पर काम कर रहा है कि, इण्डिया गठबंधन की सभी पार्टियाँ, अपना अस्तित्व खत्म करके एक शक्तिशाली पार्टी बनें, इसकी संभावना नगण्य है। अतः राष्ट्रपति मुर्मू से सरकार बनाने का निमंत्रण पाने के लिये, कम से कम एक ''कॉमन मिनिमम प्रोग्राम'' पर तो सहमति बना ली जाये।
- इण्डिया गठबंधन, एक तारीख की बैठक में इस संभावना पर भी विचार करेगा कि, किस तरह एन.डी.ए. के गठबंधन के घटकों को अपने साथ लिया जा सके।
- तेजस्वी यादव ने इस संदर्भ में संकेत दिये हैं कि, नीतीश कुमार एक बार और यू-टर्न कर लें, ऐसी संभावना है।
- साथ ही इण्डिया गठबंधन, एन.डी.ए. की घटक, चन्द्रबाबू नायडू की पार्टी तेलगुदेशम को भी समझा बुझाकर एन.डी.ए. छोड़ कर, इण्डिया गठबंधन के साथ आकर खड़े होने को तैयार कर लेगा।
- इसी संदर्भ में एन.सी.पी. (अजीत पवार ग्रुप) के नेता सुनील तटकरे ने कहा कि, शिव सेना (शरद पवार ग्रुप) के लगभग आधा दर्जन विधायक कांग्रेस जॉइन करने को तैयार हैं।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 मई। संभावित विलयों के बारे में अटकलें जोरों पर हैं, क्योंकि 4 जून को चुनाव नतीज़े घोषित होने जा रहे हैं। नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के अजीत पवार गुट के नेता सुनील तटकरे ने कहा कि, शरद पवार गुट के आधा दर्जन विधायक कांग्रेस में जाने की तैयारी में है।

एन.सी.पी. (अजित गुट) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष तटकरे ने कहा कि ये विधायक कांग्रेस में विलय के पक्ष में है। शरद पवार गुट के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने ऐसी अटकलों से इंकार किया, पर कई अन्य ने इन अटकलों की पुष्टि की।

पूर्व कांग्रेसी नेता संजय निरूपम ने कुछ सप्ताह पूर्व कहा था कि कांग्रेस और एन.सी.पी. (शरद पवार गुट) के विलय का कोई राजनैतिक या चुनावी प्रभाव नहीं पड़ेगा। शरद पवार ने खुद एक इन्टरव्यु में कहा था कि निकट भविष्य में कई क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस में विलय हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने भाषण में ऐसी संभावना जताई थी

अटकलें है कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन अच्छा रहेगा पर भाजपा लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इंडिया ब्लॉक को राष्ट्रपति की तरफ से सरकार बनाने के लिए पहले बुलावा मिले यह सुनिश्चित करने की एक रणनीति यह है कि पार्टियों का विलय कर दिया जाए या कम से कम कॉमन मिनिमम प्रोग्राम तो अवश्य बना लिया जाए। इंडिया गठबंधन के घटक दलों का विलय तो अंसभव सा लगता है। लेकिन एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर होने वाली बैठक में कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के ब्लू प्रिंट पर चर्चा की जाएगी।

इंडिया ब्लॉक के नेताओं को चुनाव के बाद विपक्ष की सरकार बनने की स्थिति में एन.डी.ए. से कुछ दलों के टूटने की संभावना नज़र आ रही है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने जद (यू)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एग्ज़िट पोल में शामिल नहीं होगी कांग्रेस

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 मई। लोकसभा के आम चुनाव 1 जून को खत्म हो जाएंगे और उसके बाद टी.वी. मीडिया में एग्ज़िट पोल शुरू हो जाएगा।

एक बयान में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इन एग्ज़िट पोल्स में भाग नहीं लेने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि, 4 जून को परिणाम घोषित हो जाएंगे और उसके पहले हमें ऐसा कोई कारण नज़र नहीं आता कि, हमें कयासबाजी में अथवा टी.आर.पी. के घमासान में शामिल होना चाहिए।

- कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, 4 जून को नतीजे आ रहे हैं और इसके पहले चलने वाले टी.आर.पी. के खेल में हमारी पार्टी शामिल नहीं होगी।

अतः उन्होंने दावे से कहा कि, कांग्रेस एग्ज़िटपोल पर होने वाली किसी भी प्रकार की बहस में भाग नहीं लेगी।

उन्होंने कहा कि, किसी भी बहस या चर्चा का उद्देश्य लोगों को जानकारी देने का होना चाहिए। खेड़ा ने आगे कहा कि, ''हम 4 जून से आगे होने वाली बहस में खुशी से शामिल होंगे।''

कांग्रेस ने पूर्ण आत्मविश्वास व भरोसे के साथ शुक्रवार को कहा कि, जब 4 जून को वोटों की गिनती की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सट्टा बाजार भाजपा को 306 सीटें देने की भविष्यवाणी कर रहा है

- पर साथ ही सट्टा बाजार कुछ निर्णायक बड़े राज्यों, जैसे उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में भाजपा को कुछ सैटबैक मिलने की संभावना भी बता रहा है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 मई। सट्टा बाज़ार ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की भविष्यवाणी की है। यद्यपि सीटों के हिसाब से जीत का अन्तर कम रहेगा।

भाजपा नेतृत्व वाले नैशनल डैमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) के आगामी सरकार बनाने की संभावना वर्तमान में समतुल्य यानी कि 1:1 अनुपात में है सरल शब्दों में दांव पर लगाए गए प्रत्येक 1 रूपए पर 1 रूपए का ही रिटर्न मिलेगा। इसके विपरीत, इण्डिया गठबंधन के सरकार बनाने की संभावना थोड़ी सी कम है और उसके भाव 1:9 हैं।

सटोरियों के शुरुआती रूझान सत्तारूढ़ एन.डी.ए. की सहज विजय बता रहे थे। गत 19 अप्रेल को जैसे ही पहले चरण के लिए मतदान शुरु हुआ, सट्टेबाजों ने एन.डी.ए. को 360 सीटें मिलने का अनुमान लगाया था। तथापि, अब अंतिम चरण का मतदान 1 जून को है तो सटोरियों ने भी एन.डी.ए. द्वारा जीती जाने वाली सीटों की संख्या कम कर 306 तक बता दी है, हालांकि इसमें भी एन.डी.ए. का प्रभुत्व कायम है, लेकिन 400 पार का भाजपा का ऊंचा दावा अतिरंजित प्रतीत होता है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




# 'फैसले लिखने के लिए छुट्टी लीजिए...'

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 मई। अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने लीगल सिस्टम में परिवर्तन की अपनी मांग पुनः दोहराई है और जजों से कहा है कि, फैसलों के लिए भले ही अवकाश ले लें पर पूरे लीगल सिस्टम के कुछ हफ्तों के लिए बंद करने की कोई जरूरत नहीं है।

- अर्थशास्त्री सान्याल ने हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में होने वाले लम्बे अवकाश पर तमिलनाडू बार काउन्सिल तथा वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीराम पांचू की टिप्पणी पर आगे यह भी कहा कि, कोर्ट बंद करने की क्या ज़रूरत है।

सान्याल ने हाल ही में कोर्ट की प्रक्रिया की लम्बी समयावधि पर के संबंध में लीगल सिस्टम में सुधार की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कर्नाटक पुलिस की ''ऑल वुमन'' टीम ने प्रज्वल रैवन्ना को बैंगलुरू एयरपोर्ट पर उतरते ही गिरफ्तार किया

- प्रज्वल की गिरफ्तारी की खबर टी.वी., सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इतनी वायरल हुई कि, प्र.मंत्री के कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर ध्यान में लीन होने की खबर भी एक बार तो बैक ग्राउण्ड में रह गयी।
- पुलिस ने प्रज्वल के वीडियो टेप्स को फॉरैंसिक लैब में जांच पड़ताल को भेजा तथा पुलिस उस मूल उपकरण (संभवतया मोबाइल फोन) की तलाश में जुटी है, जिसने प्रज्वल के बलात्कार व यौन शोषण के कारनामे टेप किये गये।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 मई। जैसा कि प्रत्याशित था, यौन उत्पीड़न के कथित आरोपी प्रज्वल रैवन्ना के शुक्रवार सुबह भारत आगमन और गिरफ्तारी से संबंधित घटनाक्रमों की खबरें ही मीडिया जगत में अधिकांशतः छायी रहीं। प्रज्वल, हासन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से जद (एस) के सांसद हैं इस बार भी चुनाव लड़ रहे हैं। और जद (एस) कर्नाटक में भाजपा की गठबंधन सहयोगी है। टेलीविज़न मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के ध्यान की खबरों के साथ प्रज्वल की खबरों ने कड़ी प्रतिस्पर्धा की।

लोकसभा चुनाव प्रचार के गुरूवार शाम समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मैमोरियल में ध्यानमग्न होकर बैठ गए। विवेकानंद रॉक मैमोरियल भारतीय प्रायद्वीप के सिरे पर हो रहे तीन समुद्रों के संगम के मध्य स्थित है। प्रधानमंत्री की यह ध्यान मुद्रा प्रिंट और इलैक्ट्रोनिक मीडिया में भारी आकर्षण बनी हुई है। लेकिन प्रधानमंत्री के ध्यान लगाने के कुछ घंटों के भीतर ही टेलीविज़न स्क्रीन्स पर आधी रात को प्रज्वल की खबर के लाइव विज़ुअल्स थे इनमें कर्नाटक पुलिस की स्पेशल इन्वैस्टिगेटिंग टीम (एस.आई.टी.) ने महिला पुलिस कर्मियों का एक दल प्रज्वल रैवन्ना को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए सी.आई.डी. ऑफिस ले जा रहा था।

कर्नाटक पुलिस ने केवल महिलाओं की टीम भेजकर जनता व नेताओं को प्रतीकात्मक संदेश देने का प्रयास सफल रहा, जनता व नेताओं ने इसे समझ लिया।

राजनीतिक विश्लेषक चकित हैं कि, यौन उत्पीड़न मामलों के कथित अपराधी प्रज्वल का आना, गिरफ्तारी होना और उसके बाद आगे की जाँच-पड़ताल के लिए उसको हासन, जहां अपराध घटित हुआ है, ले जाना यह सब टी.वी. पर छाया रहा। यह निश्चित रूप से सही नहीं है। क्योंकि, शनिवार को देश में अंतिम चरण का मतदान होगा। उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों और पश्चिम बंगाल में शनिवार को मतदान होगा।

आज की इंटरनैट से जुड़ी दुनिया में डिज़िटल और सोशल मीडिया अच्छी या बुरी खबर को बहुत तेजी से फैला देते हैं और खतरा है कर्नाटक में हुए इस घिनौने यौन उत्पीड़न कांड को कर्नाटक से बाहर के मतदाता भी देख रहे है। इसके अलावा, पीड़ितों का समर्थन और कथित सीरियल अपराधी के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन करने के लिए देश के भिन्न-भिन्न स्थानों से सैंकड़ों कार्यकर्ता हासन पहुँच गए हैं।

रिकॉर्ड के लिए यौन उत्पीड़न के मामलों में आरोपी, प्रज्वल रैवन्ना ने कांड का खुलासा होते ही देश छोड़ दिया था, उनको शुक्रवार सवेरे जर्मनी से आते ही बेंगलुरू हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया था। उसको गिरफ्तार करके पूछताछ के लिए सी.आई.डी. के ऑफिस ले जाया गया। एक महिला आई.पी.एस. के नेतृत्व वाली पाँच महिला पुलिस अधिकाारियों की टीम ने गिरफ्तारी को अंजाम दिया।

इसी दौरान पुलिस ने सैक्स टेप्स को फॉरैन्सिक लैब भिजवा दिया है और उस प्राथमिक डिवाइस का पता लगाने की कोशिश कर रही है जिससे ये अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए गए थे। पुलिस को यह पता लगाने की जरूरत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# देश की जी.डी.पी. आंकड़ों की बढ़ोतरी की खबर बड़े सही टाइम पर आई

## इस लय में यह कहा जा रहा है कि, अगर भाजपा पुनः सत्ता में आई, जिसकी काफी प्रबल संभावना है तो, फायनैंशियल मार्केट आसमान छुएगा

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्लीब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 मई। ग्रोस डोमैस्टिक प्रोडक्ट (जी.डी.पी.) के भारत के शानदार आंकड़ों के जारी होने का समय सत्तारुढ़ पार्टी के लिए इससे अधिक अच्छा नहीं हो सकता था।

- वर्तमान इन्वैस्टमैंट में ग्रोथ का प्रमुख कारण है, सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चरल प्रोजैक्ट में भी पूंजी निवेश करना।
- यह सरकारी निवेश रिज़र्व बैंक के सहयोग से संभव हो सका है, रिज़र्व बैंक ने डिविडैंट के रूप में सरकार को रू. 2.11 लाख करोड़ पेश किये।
- इण्डियन इकॉनमी अभी तक पूरी तरह देश के अंदर ''कंज़म्प्शन'' व डिमाण्ड के स्वस्थ आंकड़ों पर निर्भर रही है।
- खुशी की बात है कि, नवीनतम आंकड़ों के अनुसार ''इन्टरनल कंजम्प्शन'' बहुत अधिक रहने की संभावना है। इसका संकेत है कि, ऑटो सेल्स, हाऊसिंग लोन्स तथा पैट्रोल आदि की डिमाण्ड काफी मजबूत रहने की संभावना है।
- सरकारी पूंजी के निवेश के उपरांत प्राइवेट इन्वैस्टमैंट अपने आप कुछ समय बाद बढ़ने लगता है।

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग शनिवार को होने वाली है और इस बीच आए जी.डी.पी. के आंकड़े भारतीय अर्थव्यवस्था की अच्छी विकास दर दर्शा रहे हैं। लोकसभा चुनावों का परिणाम यदि भाजपा के पक्ष में रहता है, जिसकी संभावना भी प्रबल है, तो वित्तीय बाजार आसमान छू सकते हैं।

लेकिन जब शेष दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति मजबूत नहीं है, ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था की उत्साहवर्धक स्थिति के पीछे का रहस्य क्या है। चीन को ही ले लीजिए, जिसकी अर्थव्यवस्था गिर रही है और गंभीर वित्तीय मंदी की आशंकाओं से घिरी हुई है। अमरिका की अर्थव्यवस्था, वास्तव में, मजबूत एवं अविचलित है और ब्याज दरों में कई बार बढ़ोत्तरी किए जाने के बावजूद मंदी की सभी भविष्यवाणियों को धता बता रही है।

अर्थव्यवस्था के संयोजन में कुछ सूक्ष्म बदलाव हैं जो इसके निरन्तर मजबूत प्रदर्शन को सक्रिय कर रहे हैं। ये रुझान ऐसी प्रसन्नचित्त गति को दर्शा रहे हैं जो भारत की अर्थव्यवस्था को एक संभावित दलदल से बाहर निकालती है।

वर्तमान की निरंतर आर्थिक वृद्धि का कारण निवेश है और खासतौर पर सार्वजनिक निवेश। सार्वजनिक निवेश, जो कि इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण और सामाजिक पूंजी में, मुख्य रुप से सरकार का निवेश है, अर्थव्यवस्था को आगे ले जा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### विचार बिन्दु

कठिनाइयों को जीतने, वासनाओ का दमन करने और दुःखों को सहन करने से चरित्र उच्च सुदृढ़ और निर्मल होता है। –अज्ञात

# लू के थपेड़ों के बीच सरकार की संवेदनशीलता

देश के अधिकांश हिस्सों में हीटवेव के कारण हालात बद से बदतर हो रहे हैं। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा है तो सड़कों पर कफ़्र्यू जैसे हालात हो रहे हैं। इसके चलते असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल ईलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। वैसे तो चुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन का प्रयास कर रही है। पर राजस्थान की सरकार ने गंभीरता बरतते हुए पूरी मशीनरी को इस आपदा के समय लोगों को राहत पहुंचाने में जुटा दिया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हीटवेव की इस प्राकृतिक आपदा के बीच दोपहरी जयपुर की सड़कों पर उतर कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है वह अपने आप में काबिले तारीफ है। ठेठ देसी अंदाज में सिर पर स्वापी लपेटकर 29 मई को जयपुर के रामनिवास बाग स्थित पेयजल सप्लाई केन्द्र और गांधीनगर स्थित जलभवन में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया इससे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संवेदनशीला का पता चलता है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भर दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रुप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया हैं। इसके साथ ही प्रदेश की वरिष्ठतम मशीनरी को सक्रिय करते हुए दो दिन के लिए प्रभार वाले जिलों में भेजकर इस हीटवेव के हालातों में पानी, बिजली और दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की पहल की है, इससे समूचे देश में एक मैसेज गया है। प्रदेश के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, ईलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दिए कि सरकार हीटवेव की इस आपदा में प्रदेश में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिवद्ध है। सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की, वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। यह पहल अपने आपमें सराहनीय है। राजस्थान की सरकार ने अन्य राज्यों के सामने एक उदाहरण रखा है।

लोकसभा चुनावों के मतदान के अंतिम चरण आज पूरा होने जा रहा है और सियासी पारा चढ़ने के साथ ही उम्मीद्वारों की धड़कनें तेज होती जा रही हैं उसी तरह से देश में उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन-प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक और जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा हैं वहीं सूर्यदेव नित नए रेर्काड बनाने में लगे हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़ें को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपात्काल है। हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करके रख दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। हांलाकि अब माननीय न्यायालय ने भी हीटवेव को भी आपदा घोषित कर प्रभावितों को सहायता देने की टिप्पणी की है।

**राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हीटवेव की इस प्राकृतिक आपदा के बीच दोपहरी जयपुर की सड़कों पर उतर कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है वह अपने आप में काबिले तारीफ है। ठेठ देसी अंदाज में सिर पर स्वापी लपेटकर 29 मई को जयपुर के रामनिवास बाग स्थित पेयजल सप्लाई केन्द्र और गांधीनगर स्थित जलभवन में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया इससे मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की संवेदनशीला का पता चलता है।**

देखा जाए तो 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। हीटवेव के कारण जहां जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है वहीं प्रभावित राज्यों में पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे हैं। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता और बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना प्रशासन के लिए मुश्किल हो रहा है।

सामान्यत: एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। यही कारण है कि इस दौरान गर्मी का प्रकोप अधिक रहता है। हमारे यहां तो नौतपा की चर्चा सनातन रुप से की जाती रही है। इस समय देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहा है और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का असर कुछ अधिक ही रहता है। इसके बाद तो बादलों की आवाजाही शुरु होने से सोलर रेडियेशन होने लगता है और उसका असर उमस के रुप में सामने आता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिने के आसार अवश्य है। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है। आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमनें कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई करने में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रिट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। किसी जमाने में हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी-तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालीक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है।

ऐसे में अब तात्कालीक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रुपरेखा तय करनी होगी। क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमनें इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरने की लगते नहीं हैं। एक समय था जब एक टेबल फैन या सिलिंग फैन प्रतिष्ठा का विषय होता था, पर अब तो कूलर भी कहीं पीछे छूट गए हैं और एसी आम होता जा रहा है। एसी के चलते वातावरण में गर्मी और अधिक बढ़ रही है। इसलिए अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा। वातावरण अनुकूल मकानों के निर्माण की तकनीक की और जाना पडेगा वहीं वातावरण को आग का गोला बनने से रोकने के ठोस प्रयास करने होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# संत श्री चोखादास के परम भक्त थे रावराजा प्रतापसिंह



डॉ. डी. सी. मीना

राव प्रतापसिंह का उदय ऐसे समय हुआ जब 18वीं शताब्दी एवं मुगल साम्राज्य दोनों का उतरार्द्ध का समय था तथा विभिन्न धर्मों एवं जातियों के साहसी लोग विघटित साम्राज्य के खंडहरों पर अपने लिए प्रभुत्व एवं भाग्य बनाने का प्रयास कर रहे थे। 25 नवम्बर, 1775 ई. में रावराजा प्रतापसिंह द्वारा अलवर राज्य की स्थापना से पूर्व भौगोलिक दृष्टि से यह क्षेत्र निम्नलिखित पाँच देशों में विभक्त था–

**1.राठ देश, :** राज्य की उत्तरी-पश्चिम में स्थित है, जो दिल्ली के प्रसिद्ध राजा पृथ्वीराज का वंशज होने का दावा करते हैं। चौहान राजपूत मदन ने सन् 1170 ई. में मुण्डावर की स्थापना की। उनके वंशज हंसाजी ने राव की उपाधि प्राप्त की। उनके ही वंशज मुण्डावर के वर्तमान राव हैं। खान हरदौजी ने बड़ौद परिवार की स्थापना की।

**2. वाल देश:–** अलवर राज्य की पश्चिमी सीमा पर स्थित है और मुख्य रूप से शेखावत राजपूतों के कब्जे में था। कहा जाता है कि शेख जी के पुत्र रायमल इस राज्य (वर्तमान बानसूर क्षेत्र) में वाल परिवारों के पिता थे। इसका क्षेत्रफल 226 वर्गमील था।

**3. राजावत देश:–** राज्य के दक्षिण-पश्चिमी में स्थित यह क्षेत्र वर्तमान थानागाजी क्षेत्र से मेल खाता है। भानगढ़ यहां का सबसे बड़ा शहर था। एक समय यहां जयपुर के राजावत राजपूतों के कब्जे में क्षेत्र का एक हिस्सा रहा, वे आमेर के राजा भगवंत सिंह के वंशज थे। इसका क्षेत्रफल 365 वर्गमील था।

**4. मेवात:–** नरू खण्ड को छोड़कर राज्य का शेष भाग मेवात में है, जिसमें आधे से अधिक क्षेत्र शामिल हैं। अलवर नगर इसी क्षेत्र में स्थित है। यहां के अधिकांश निवासी मेव हैं, वे मुसलमान हैं, लेकिन राजपूत मूल के होने का दावा करते हैं। एक मेवाती कवि ने मेवात की भौगोलिक स्थिति का निम्न शब्दों में वर्णन किया है:–

**''इत दिल्ली, उत आगरो, इत अलवर बैराठ, कालो पहाड़ सुहावनों, जाके बीच बसो मेवात।''**

5. नरूखण्ड:– यह क्षेत्र नरूका राजपूतो का देश राज्य के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। नरूका राजपूतों ने राज्य के आधार का निर्माण कर अलवर राज्य की स्थापना की। अलवर राज्य के राजा कच्छवाहा राजवंश की लालावत नरूका शाखा के हैं। अलवर के नरेश आमेर के चौदहवें राजा राव उदयकरण के ज्येष्ठ पुत्र बरसिंह के वंशज हैं। वरसिंह के पौत्र नरू से नरूका शाखा चली और नरू के पुत्र राव लाला से लालावत नरूका कहलाये। इनके वंशज कल्याण सिंह ने मिर्जा राजा जयसिंह के पुत्र कीर्ति सिंह के साथ मिलकर कामां (भरतपुर) के उपद्रवी मेवों का दमन किया। जयपुर नरेश रामसिंह ने कल्याणसिंह की सेवाओं से प्रसन्न होकर माचाड़ी, राजगढ व आधा राजपुर के साथ ढाई गांव की जाग़ीर 25 सितम्बर, 1671 में कल्याण सिंह को प्रदान की। एक स्थानीय किवदन्ती उस कारण से संबंधित है जिसने कल्याणसिंह को माचाड़ी लौटने के लिए प्रेरित किया। ऐसा कहते हैं कि उन्होने सती होने से ठीक पहले खेरात सिंह की विधवा से निर्देश मांगा जिसने सती होने से ठीक पहले उत्तर दिया कि:-

**''जाओ बस, अब देश में, राव कल्याणजी आप, आगे कुल में होंगें, प्रताप एक प्रताप।''**

जोरावर सिंह के पुत्र मौहब्बत सिंह माचाडी के जागीरदार बने, जो 1756 में बरवाड़े के युद्ध में जयपुर की ओर से लडते हुए वीरगति को प्राप्त हुआ। मौहब्बत सिंह की मृत्यु के बाद इनके पुत्र प्रतापसिंह माचाड़ी के जागीरदार बने जिन्होंने राजगढ में अपने दिवंगत पिता मौहब्बत सिंह की स्मृति में विशाल छतरी बनवाई। प्रताप सिंह का जन्म माचाडी में 01 जून 1740 को मौहब्बत सिंह एवं उनकी रानी बख्तकंवर के घर हुआ। पिता की मृत्यु के बाद प्रतापसिंह को एकमात्र जन्मसिद्ध अधिकार के रूप में उल्वर क्षेत्र के नरूखंड में ढाई गांव विरासत में मिले और उन्हे तब तक 'अढाई गांव का ठाकुर' कहा जाता था। प्रतापसिंह के महान नाम एवं कार्यों को स्वभाविक रूप से एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सौंप दिया गया। शुरूआत में प्रतापसिंह माचाड़ी के राव के रूप में जाने जाते थे और जयपुर के राजा माधोसिंह के अधीन आने वाले माचाडी के जागीरदार थे। उस समय अलवर एक अन्य रियासत थी जो भरतपुर के अधीन आती थी।

प्रतापसिंह की ऊर्जा, अभिव्यक्ति, शारीरिक शक्ति एवं व्यक्तिगत चरित्र ने उन्हे आमेर दरबार में एक प्रमुख व्यक्ति बना दिया। जयपुर दरबार में राजा के दाहिनी ओर (प्रथम सीट) बैठने को लेकर प्रताप सिंह का चौमूं के ठाकुर जोधसिंह से विवाद हो गया। विवाद को शांत करने के लिए राजा द्वारा आदेश पारित किया गया कि एक दिन राव प्रताव सिंह एवं दूसरे दिन जोधसिंह उसी स्थान पर बैठेंगे लेकिन राव प्रताव सिंह चौमूं के ठाकुर जोधसिंह की आखों में खटकने लगे। प्रतापसिंह ने सर्वप्रथम अपने मुखिया के आदेश की पालना करते हुए उनियारा के अशांत नरूकाओं को शांत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। यहीं से आमेर प्रमुख और प्रतापसिंह के बीच भय एवं अविश्वास की शुरूआत हुई।

गंगाधर तांतिया के नेतृत्व में रणथम्भौर के किले पर मराठों ने चढाई कर दी तब प्रतापसिंह ने बड़ी वीरता दिखाते हुए 18 नवम्बर, 1759 को काकोड के युद्व में मराठों को हरा दिया तथा रणथम्भोर पर महाराजा माधोसिंह का अधिकार हो गया। रणथम्भौर विजय के बाद प्रतापसिंह की प्रसिद्दि बहुत बढ़ गई। राव प्रताप सिंह की आखों के छल्लों ने एक ज्योतिषी का ध्यान आकृष्ट किया जिसने शाही गरिमा की अंतिम प्राप्ति का संकेत दिया जो उनके निर्वासन का कारण बना। राजा माधोसिंह को ज्योतिषियों एवं कुछ दरबारियों ने भड़का दिया जिससे राजा माधोसिंह ने शिकार करने के बहाने प्रताप सिंह पर हमला कर दिया, इस विषय में कहावत है कि–

**''जापर रामचंद्र कृपालु, कोटि वैरी, करो छलबल होत न बांको बाल।''**

लेकिन प्रताप सिंह बाल-बाल बच गये। प्रताप सिंह ने जान बचाने के लिए इस क्षेत्र को छोडना ही उचित समझा एवं राजगढ चले गये। शरणागत के रक्षक महाराजा सूरजमल की मृत्यु के बाद राव प्रताप सिंह उनके उत्तराधिकारी महाराजा जवाहर सिंह के साथ रहे।

माचाड़ी के राव प्रतापसिंह ने इन सभी परिस्थितियों को बहुत ही चतुराई से अपने लिए अनुकूल बनाया। बाद में महाराजा जवाहर सिंह के शिविर को छोड़कर अलवर की ओर से जयपुर जाकर मावंडा और मंडोली के युद्ध में प्रतापसिंह ने जयपुर नरेश का साथ दिया एवं युद्व में जीत जयपुर नरेश की हुई। इस युद्व में प्रतापसिंह के प्रमुख साथी खेड़ा के मंगलसिंह तथा मनोहरपुर के इन्दरसिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये। प्रतापसिंह के लिए यह युद्ध पूरी तरह साकार हुआ। जयपुर नरेश माधोसिंह ने पहले तो इस जीत की खुशी में उन्हें न केवल अपनी पिछली गलतियों के लिए क्षमा किया गया, बल्कि माचाड़ी की जागीर को बहाल कर दिया और राजा शब्द को उनके पूर्व शीर्षक के साथ जोड़ने का समर्थन किया तथा राजगढ़ में किला बनाने की अनुमति दी। इसके बाद प्रतापसिंह ने खुद मुख्तार होने की कार्यवाही की और सन् 1770 ई.में टहला और राजपुर में गढ़ बनवाये।

जयपुर में माधोसिंह की मृत्यु के बाद हुए विकार में उसने टहला, राजपुर, प्रतापगढ, अजबगढ और गाजी का थाना पर कब्जा कर लिया। आगरा को मुक्त कराने के लिए बरसाना की लड़ाई में शाही सेना का पक्ष लिया जिसके लिए उन्हे पुरस्कार स्वरूप सीधे दिल्ली के बादशाह से राव राजा की उपाधि तथा सनद प्राप्त की। इस प्रकार माचाडी जयपुर से स्वतंत्र होकर सीधे दिल्ली दरबार के अधीन एक स्वतंत्र जागीर बनी। प्रतापसिंह को 15 तोपों की सलामी, 2180 घुड़सवार सेना, 3676 पैदल सैनिक, 351 तोपों को रखने की मान्यता दी गई। उन्हे 'माही मरातिब' नामक बहुप्रतीक्षित प्रतीक चिन्ह भी प्राप्त हुआ। अलवर की चौकी का वेतन जो उस समय भरतपुर वहन करता था, राज्य में प्रचलित अराजकता के कारण बकाया था। इसके कमाण्डर फौजदार नवलसिंह ने टहला में प्रतापसिंह से मुलाकात कर आपसी वार्तालाप से 25 नवम्बर, 1775 को अलवर को सौंप दिया। इस प्रकार अलवर रियासत का एक स्वतंत्र राज्य के रूप में उदय हुआ। प्रताप सिंह की मृत्यु जनवरी 1791 ई. को हुई। प्रताप सिंह के अंतिम समय में अलवर राज्य की ख्याति जोधपुर एवं जयपुर के समकक्ष थी।

प्रतापसिंह के कोई संतान नहीं थी। अत: उसने मृत्यु के पहले थाना के ज़ागीरदार धीरसिंह के पुत्र बख्तावरसिंह को गोद लेकर उसे अपना उत्तराधिकारी बना दिया था। अपने उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए उसने 12 कोटड़ियों के लड़कों को इकट्ठा किया। उनके सामने विभिन्न प्रकार के खिलौने व अस्त्र-शस्त्र रख दिये और उन्हे अपनी पसन्द की वस्तुए लेने को कहा गया। बख्तावरसिंह ने तब और बालकों की भांति खिलौने पसन्द न कर ढाल-तलवार पसन्द की। अत: प्रतापसिंह ने रक्त संबंध में निकटता की बजाय योग्यता के आधार पर बख्तावरसिंह को अपना उत्तराधिकारी चुना। बख्तावरसिंह ने भी रावराजा प्रतापसिंह की विलय नीति का पालन किया। इस प्रकार अलवर राज्य की उत्पत्ति एक उल्लेखनीय व्यक्ति की प्रतिभा एवं कौशल के कारण हुई जिसने जयपुर के महाराजाओं के अधीन ढ़ाई गांव की अपनी मूल विरासत का विस्तार कर एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना की जो आकार में इंग्लैण्ड की दो कांउटियों के बराबर था जिसको बख्तावर सिंह ने पूर्ण आकार दिया। अलवर राज्य की स्थापना के लगभग 100 वर्ष बाद प्रताप सिंह की नीतियों का अनुसरण कर यूरोप में जोसेफ मैजिनी, कावूर एवं गैरीवाल्डी ने 1870-71 ई. में इटली का तथा बिस्मार्क ने जर्मनी का एकीकरण किया।

**अलवर राज्य के संस्थापक राव राजा प्रताप सिंह जयंती पर आलेख।**

**–डॉ. डी. सी. मीना, आर ए एस**

# मां से बिछुड़ा पैंथर शावक गेनोली गांव में ग्रामीण के बाड़े में घुसा

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के पास गेनोली गांव की नई बस्ती के एक बाड़े में पैंथर शावक के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना पर मांडलगढ़ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पांच घण्टे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर पैंथर शावक को पिंजरे में कैद किया। रेस्क्यू के दौरान ग्रामीणों की मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई लेकिन पुलिस के नहीं आने से भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वनकर्मियों को काफ़ी मशक्कत करनी पड़ी।

मांडलगढ़ वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राणावत, सुरेश चौधरी ने बताया कि गेनोली में पैंथर के मूवमेंट की सूचना मिलने पर पिंजरा, रेस्क्यू किट और टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां नई बस्ती की पहाड़ी पर पैंथर शावक जो करीब 6-7 माह का बताया जा रहा है तथा गेनोली नाका वनकर्मियों के मुताबिक निकट के जंगल मे मादा पैंथर के साथ दो शावक होने की जानकारी दी। सम्भवतया उक्त पैंथर शावक मां से बिछुड़ कर पानी की तलाश में गेनोली की नई बस्ती में आ गया। मांडलगढ़ वन विभाग की टीम में शामिल करीब 12 वनकर्मियों ने सावधानी बरतकर सुरक्षित रेस्क्यू ऑपरेशन कर शावक को पिंजरे में कैद किया। पैंथर शावक को भोजन पानी देने के साथ मांडलगढ़ से पशु चिकित्सक से पैंथर शावक का उपचार कराया गया।



मांडलगढ़ के गेनोली गांव में पैंथर शावक के मूवमेंट से ग्रामीण दहशत में आ गए।

- **लोग दहशत में आए, वन विभाग की टीम ने 5 घण्टे रेस्क्यू कर पैंथर शावक को पिंजरे में कैद किया**
- **'पैंथर शावक का स्वास्थ्य परीक्षण करा पूर्ण स्वस्थ होने पर गेनोली के जंगल में वापस छोड़ा जाएगा'**

वन विभाग के रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि पैंथर शावक को कोटा भेज कर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा और पूर्ण स्वस्थ होने पर पैंथर शावक को गेनोली के जंगल में वापस छोड़ा जाएगा, ताकि शावक अपनी मां के साथ प्रशिक्षित हो सके।

# ओमप्रकाश पुरोहित ने देहदान का संकल्प लिया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मृत्यु के बाद भी पार्थिव देह खाक हो जाने के बजाय पीड़ित मानवता की सेवा में कार्य आए इसी नेक विचार से प्रेरित होकर सहकारिता क्षेत्र में सक्रिय भीलवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी ओमप्रकाश पुरोहित ने देहदान का संकल्प लिया है।


ओमप्रकाश पुरोहित श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान भीलवाड़ा के देहदान के लिए प्रेरित करने के लक्ष्य से चलाए जा रहे अभियान से प्रेरणा लेकर इस पुनीत कार्य में सहभागी बने। पुरोहित ने परिजनों की मौजूदगी में देहदान का संकल्प पत्र भरकर श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान को सौंपा। मण्डल ने मानवता की उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरोहित की पहल की अनुमोदना करते हुए उन्हें अभिनंदन पत्र सौंपा।

मण्डल के अध्यक्ष पुखराज चौधरी ने कहा कि मानव सेवा की भावना से ओतप्रोत होकर श्री पुरोहित द्वारा लिया गया यह निर्णय अन्य लोगों को भी देहदान के लिए संकल्पित होने की प्रेरणा देगा। मण्डल के मंत्री नितिन बापना ने बताया कि मण्डल देहदान की प्रेरणा को लेकर निरन्तर अभियान चला लोगों को प्रेरित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने देहदान का संकल्प लेने पर ओमप्रकाश पुरोहित के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मण्डल के पंकज लालानी, नरेन्द्र सिसोदिया, योगेश सिसोदिया, दीपक बोथरा, मुकेश आंचलिया, पीयूष सूरिया, कमलेश सिसोदिया, अनुज संचेती, संदीप कच्छारा, पंकज पंचोली आदि भी मौजूद थे।



ओमप्रकाश पुरोहित ने परिजनों की मौजूदगी में देहदान का संकल्प पत्र भरकर सौंपा।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 1 जून, 2024**

ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 3:16 तक, प्रीति योग दिन 3:10 तक, गर करण प्रात: 7:25 तक, चन्द्रमा आज मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-मीन, मंगल-मीन, बुध-वृष, गुरू-वृष, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज भद्रा सांय 6:15 से आरम्भ होगी। मंगल अश्विनी मेष राशि में दिन 3:37 पर प्रवेश करेगा। आज पंचक है और दशमी तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:19 से 9:01 तक, चर 12:24 से 2:06 तक, लाभ-अमृत 2:06 से 5:30 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:12

**मेष**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा अभी बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**धनु**
घर-परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं। वाद-विवाद हो सकता है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से चार लोगों की मौत

## चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राज्य में एक मार्च से अब तक लू और तापघात से 9 लोगों की मौत हुई है

**जयपुर।** प्रदेश में नौतपा के सातवें दिन शुक्रवार को तापमान में 1 से 3 डिग्री सैल्सियस की गिरावट आने के बाद भी भीषण गर्मी और लू से कोई राहत नहीं है। वहीं आज लू और तापघात से चार लोगों की मौत हो गई है।

चिकित्सा विभाग के अनुसार राज्य में शुक्रवार को लू व तापघाट के 93 मरीज सामने आए है। इनमें से चार लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही प्रदेश में एक मार्च से 31 मई तक लू व तापघात से 9 लोगों की जान जा चुकी है। सूत्रों के अनुसार राज्य में लू और तापघाट से मरने वालों का आंकड़ा पचास के पार हो गया है। हालांकि इस बारे चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुष्टि नहीं की गई है। शुक्रवार को टोंक, अलवर, धौलपुर और नागौर में चार लोगों की मौत होना बताया जा रहा है।

उधर, एक पखवाड़े से भीषण गर्मी का प्रकोप लोगों में बेचैनी, घबराहट और गश खाकर गिरने जैसी समस्याएं बढ़ा रहा है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों की इमरजेंसी और आउटडोर में रोजाना इस तरह के करीब 200 मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे मामले में परिजन सबसे पहले उसे न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर समझते हैं, लेकिन सभी जांचों के बाद उन्हें चिकित्सक का परामर्श मिलता है कि यह गर्मी का असर है। विशेषज्ञों के अनुसार लगातार कई दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप बने रहने पर सिरदर्द, चक्कर आने और घबराहट के मरीज तेजी से बढ़े हैं।

इस स्थिति को हीट रैश, हीट क्रैम्प, हीट फटीग (थकान) और हीट स्ट्रोक कहा जाता है। गर्मी का असर शरीर के सभी अंगों पर असर डाल सकता है, जो कभी-कभी गंभीर रूप भी ले सकता है।

# प्रदेश सरकार की मानवता और संवेदनशीलता मर चुकी : जूली

**जयपुर, (का.प्र.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की पर्ची वाली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की मानवता और संवेदनशीलता मर चुकी है। भाजपा की यह सरकार मौत पर भी राजनीति कर रही है।जूली ने आरोप लगाया कि प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल एसएमएस में हीट वेव से हुई अकाल मौत पर सरकार आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिस सरकार को प्रदेश की जनता ने उनकी सहायता के लिए चुना वह सरकार खुद ही असहाय स्थिति में दिख रही है। सरकार को मौत पर राजनीति की बजाय उनका समय पर अंतिम संस्कार करवारकर उनके परिवार की आर्थिक मदद कर उन्हें संबल दे।



जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आवास पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनका अभिनंदन किया।

# तृतीय श्रेणी लेवल-1 शिक्षक भर्ती की नियुक्तियों का रास्ता साफ

- **अदालत ने कहा कि कोर्ट के आदेश से गठित विशेषज्ञ कमेटी ने भी प्रश्नों के पूर्व के जवाबों को सही माना है।**
- **हाईकोर्ट ने 141 याचिकाओं को खारिज कर दिया**

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 भर्ती-2022 में नियुक्तियों का रास्ता साफ कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश प्रियंका शर्मा सहित 141 अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि कोर्ट के आदेश से गठित विशेषज्ञ कमेटी ने भी प्रश्नों के पूर्व के जवाबों को सही माना है। अदालत ने गत 30 नवंबर को यथा स्थिति के आदेश दिए थे। याचिकाएं खारिज होने से अब शेष नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है।

याचिकाओं में अदालत को बताया गया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने तृतीय श्रेणी शिक्षक के 21 हजार पदों के लिए भर्ती निकाली। जिसकी लिखित परीक्षा के बाद बोर्ड ने प्रारंभिक उत्तर कुंजी जारी कर आपत्तियां मांगी। इस उत्तर कुंजी में याचिकाकर्ताओं के जवाब सही थे। वहीं बोर्ड ने मामले में एक्सपर्ट कमेटी गठित कर करीब 22 सवालों के जवाबों में से कुछ को डिलीट कर दिया और कुछ सवालों के जवाब बदल कर अंतिम उत्तर कुंजी जारी कर दी। बोर्ड की ओर से सवालों के जवाब गलत जांचने के चलते याचिकाकर्ता चयन से बाहर हो गए। याचिका में कहा गया कि भर्ती में उम्मीदवारों की योग्यता 12वीं के साथ डिप्लोमा है। इसके बावजूद कमेटी ने विवादित प्रश्नों की जांच के दौरान राज्य सरकार और मान्यता प्राप्त संस्थाओं की पुस्तकों को आधार ना मानकर पीजी स्तर की पुस्तकों और निजी प्रकाशकों की किताबों को आधार बनाया है। ऐसे में कमेटी की ओर से पेश रिपोर्ट सही नहीं है। जिस पर एकलपीठ ने याचिकाओं को खारिज कर दिया है।

# राजेन्द्र राठौड़ ने संस्थागत भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच किए जाने के लिये मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

- **पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि उस समय राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के 80 के बजाए 55 से 65 प्लांट ही संचालित थे क्योंकि यह समस्त प्लांट अपने पी.एल.एफ. (प्लांट लोड फेक्टर) के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रहे थे अर्थात् विद्युत संयंत्रों को आवंटित कोयले का ही पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था। इसके बावजूद तत्कालीन जिम्मेदार अफसरों ने अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से अनावश्यक रूप से विदेश से कोयला आयात करने का ताना-बाना बुना**


**जयपुर।** विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा विदेश से आयातित कोयले एवं सूरतगढ़ थर्मल प्लांट में निजी फर्म से लिग्नाईट की खरीद के संबंध में हुए संस्थागत भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच किए जाने की मांग की।

राठौड़ ने कहा कि गत कांग्रेस सरकार में राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा आरटीपीपी एक्ट के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मई, 2022 में लगभग 1200 करोड़ रुपए का विदेश से कोयला आयात करके संस्थागत भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। तत्समय केन्द्र सरकार द्वारा विदेश से कोयला आयात कर मिक्स करने का आदेश जारी किया गया था जो उन विद्युत संयंत्रों के लिए था जहां निर्धारित क्षमता से अधिक कोयला उपयोग में आता हो। राठौड़ ने कहा कि उस समय राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के 80 के बजाए 55 से 65 प्लांट ही संचालित थे क्योंकि यह समस्त प्लांट अपने पीएलएफ (प्लांट लोड फेक्टर) के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रहे थे अर्थात् विद्युत संयंत्रों को आवंटित कोयले का ही पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा था इसके बावजूद तत्कालीन जिम्मेदार अफसरों ने अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से अनावश्यक रूप से विदेश से कोयला आयात करने का ताना-बाना बुना।

राठौड़ ने कहा कि आवंटित कोयले के उपयोग में नहीं आने की सूचना उत्पादन निगम को केन्द्र सरकार को देनी चाहिए थी, परन्तु तत्समय उच्चाधिकारियों ने भ्रष्टाचारपूर्ण तरीके से आरटीपीपी के नियमों को ताक पर रखते हुए सिंगल टेंडर के आधार पर 206 डॉलर मीट्रिक टन सीआईएफ रेट से 5.79 लाख मीट्रिक टन का ऑडर अपनी चहेती निजी कम्पनी को दे दिया। राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2022-23 में दूसरे राज्यों/एनटीपीसी के आदेशों में कोयले की दरें काफी कम थी जिस पर तत्कालीन कांग्रेस सरकार के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और कोयले की गुणवत्ता के पैमाने को नजरअंदाज करते हुए जानबूझकर निजी कम्पनियों से उच्च दरों पर निम्न स्तर का कोयला आयात किया गया जिससे राज्य को लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। राठौड़ ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा सूरतगढ़ थर्मल प्लांट में कोयले के साथ मिक्स करने के लिए अपनी चहेती फर्म वीएस लिग्नाइट पावर से 1.25 लाख टन लिग्नाइट की खरीददारी की गई जबकि सूरतगढ़ थर्मल प्लांट के बॉयलर, लिग्नाइट के लिए उपयुक्त ही नहीं है। लिग्नाइट के उपयोग से उक्त प्लांट के बॉयलर खराब हो चुके थे और उनकी मरम्मत में भारी खर्चा था जिसके कारण यह लंबे समय तक बंद भी रहे। लिग्नाइट की उपयोगिता नहीं होने के कारण राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम द्वारा खरीदे गए लिग्नाइट का लगभग आधा भाग खराब हो गया जिससे राज्य को नुकसान हुआ और मैसर्स वीएस लिग्नाइट पावर को लगभग 60 करोड़ रुपए का फायदा हुआ।

# सत्ता का दोहन और जनता का शोषण ही कांग्रेस का एकमात्र उद्देश्य : सी.पी.जोशी

- **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि ई.आर.सी.पी. को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को गुमराह किया, भाजपा सरकार ने योजना को अमली जामा पहनाया**
- **'कांग्रेस ने बिजली और कोयला खरीद में किए घोटाले, भाजपा शासन में राजस्थान बिजली के क्षेत्र में बनेगा आत्मनिर्भर'**



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत का दावा किया और राजस्थान में परम्परा रीपीट करने की बात करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में राजस्थान की जनता ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। लोकसभा चुनावों में भी राजस्थान की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ बोलने में माहिर है, भाजपा की सरकार आने के बाद संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने सहित कई बातों से जनता को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन देश और प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ है। देश की सुदूर ढाणी में भी जाकर बोलोगे अबकी बार तो सामने से आवाज आऐगी 400 पार।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्वास पर जनता ने अपनी मोहर लगाई है। चार जून को भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि सत्ता का दोहन और जनता का शोषण कांग्रेस का एक मात्र उद्देश्य है। कांग्रेस ने कभी प्रदेश की चिंता नहीं की। जनता को सिर्फ वादे और नारे दिए। ईआरसीपी को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह किया। कोयला और बिजली खरीद में घोटाला किया बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास नहीं किया। बिजली के क्षेत्र में भाजपा सुधार करती है जिसे कांग्रेस अपने राज में बदतर कर देती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने ईआरसीपी योजना को अमली जामा पहनाया साथ ही यमुना जल समझौता भी हुआ जिसके बारे में किसी ने सोचा नहीं था।

इसके अलावा जनहित और प्रदेश हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनसे जनता को राहत मिल रही है। भाजपा सरकार पांच सालों में पानी-बिजली सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए वादों को पूरा करेगी।

# ड्रग कंट्रोलर के आदेश पर अंतरिम रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने दवाई केमिस्ट को 14 दवाइयों की बिक्री सीमित करने वाले ड्रग कंट्रोलर ऑथरिटी के 8 मई 2024 के आदेश की क्रियांविति पर अंतरिम रोक लगा दी है। वहीं मामले की सुनवाई 16 जुलाई को तय की है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल ने यह निर्देश राजस्थान केमिस्ट अलायंस के अध्यक्ष आरबी पुरी व संजय जैन की याचिका पर दिया। याचिका में कहा कि ड्रग कंट्रोलर ऑथरिटी ने 8 मई के आदेश से 14 दवाइयों की बिक्री सीमित कर दी। जबकि ऐसा आदेश देने का अधिकार केवल केन्द्र सरकार को ही है। केन्द्र सरकार ही ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के प्रावधानों के तहत इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दवाइयों की बिक्री को सीमित कर सकती है। ऐसे में अधिनियम के कानूनी प्रावधानों के तहत दवाइयों की बिक्री सीमित करने के लिए ड्रग कंट्रोलर ऑथरिटी अधिकृत ही नहीं है।

# नहीं रहे समाज सेवी कृष्ण वीर द्रोण



**जयपुर, (का.सं.)।** नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला और क्षेत्रीय समन्वयक रहे कृष्ण वीर द्रोण का 91 वर्ष की आयु में यहाँ निधन हो गया। द्रोण की शिक्षक, शिक्षक नेता, दलित युवा संगठन कर्ता के रूप मे पहचान थी। नेहरू युवा केंद्र संगठन दिल्ली के निदेशक भुवनेश जैन ने द्रोण के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए बताया कि वर्ष 1957 से 1977 तक शिक्षक, 1977 से 1995 तक नेहरू युवा केंद्र संगठन में युवा समन्वयक, क्षेत्रीय समन्वयक के रूप मे राजस्थान, उत्तर प्रदेश राज्य में सेवायें दी। अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं को तैयार करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वाटर मेन नाम से ख्यात राजेन्द्र सिंह राणा को राजस्थान लाने,राष्ट्रीय सेवा कर्मी के रूप मे तैयार करने और अवसर देने का कार्य किया। तरुण भारत संघ संस्था को पंजीकृत करा कर राणा को सौंपी थी।

द्रोण सचेत रहना होगा पाक्षिक समाचारपत्र के सम्पादक और प्रकाशक भी थे। द्रोण युवा विक्षोभ पुस्तक के लेखक थे जो सातवें दशक काफी लोकप्रिय हुई। देश भर के युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने और सामाजिक चेतना के लिए राष्ट्रीय चेतना संघ की स्थापना भी की। नेहरू युवा केंद्र संगठन, राजस्थान के राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने द्रोण को उच्च कोटि का समाज सेवी बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त की।

# किसी भी उम्मीदवार को विजयी घोषित नहीं करें : कोर्ट

**जयपुर, (का.सं.)।** जयपुर मेट्रो-प्रथम की सिविल न्यायाधीश कोर्ट-दक्षिण ने अग्रवाल समाज समिति के 19 मई को हुए चुनाव मामले में समिति के अध्यक्ष सहित व अन्य को अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया है कि वे मूल दावे के निस्तारण तक ना तो किसी भी उम्मीदवार को विजयी घोषित करें और ना ही कोई कार्यकारिणी गठित करें। वहीं चुनाव परिणाम पर 21 मई को लगी रोक को भी बरकरार रखा है। कोर्ट ने यह निर्देश शुक्रवार को आनंद गुप्ता व सूर्यकांत गाडिया सहित अन्य के प्रार्थना पत्र पर दिया।

कोर्ट ने फैसले में कहा कि दस्तावेजों से यह साबित है कि वादी ने चुनाव प्रक्रिया में प्रत्याशी के तौर पर भाग लिया है। ऐसे में यदि वादी के अधिकारों को संरक्षित नहीं किया जाता है तो उन्हें अपूर्णनीय क्षति हो सकती है।

# सैम्पल लेने में राजस्थान देश में पहले पायदान पर

## मिलावट के खिलाफ राजस्थान का सफल अभियान

**जयपुर।** राजस्थान ने खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए एन्फोर्समेंट सैम्पल लेने में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के मुकाबले राजस्थान ने करीब 3 गुना सैम्पल एकत्र कर यह उपलब्धि हासिल की है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ निरन्तर सघन अभियान चलाया जा रहा है। मिलावट के खिलाफ विभाग लगातार कार्रवाई कर सख्त एक्शन ले रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए जारी आंकड़ों में राजस्थान ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक सैम्पल लेते हुए 284 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। प्राधिकरण ने मिलावट के खिलाफ प्रदेश की इस प्रो-एक्टिव अप्रोच को सराहा है।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने वर्ष 2023-24 में प्रत्येक खाद्य सुरक्षा अधिकारी के लिए हर माह 5 एन्फोर्समेंट सैम्पल लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। राजस्थान में 98 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार यह लक्ष्य 5 हजार 880 सैम्पल का था, जिसके विरूद्ध राजस्थान में 16 हजार 691 सैम्पल लिए गए। इस दृष्टि से राजस्थान देश में पहले पायदान पर रहा है।

खान ने बताया कि प्रदेश में जल्द ही 200 और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने से मिलावट के खिलाफ अभियान को गति मिलेगी एवं आमजन को शुद्ध पदार्थों की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



राज्यपाल कलराज मिश्र की शुक्रवार को लखनऊ स्थित राजभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से मुलाकात हुई। राज्यपाल मिश्र और पटेल की यह शिष्टाचार भेंट थी। दोनों ने इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को

**जयपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के उपलक्ष्य में 5 जून को परिष्कार कॉलेज ऑफ ग्लोबल एक्सीलेंस, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर में कार्यक्रम आयोजित किया जाऐगा जिसमें पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा मिलेगा।

## बैठक आज

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को लोकसभा चुनाव प्रवासी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी।

# कार पार्किंग के झगड़े में बाप-बेटों ने मिलकर पड़ौसी को मौत के घाट उतारा

**जयपुर।** गलतागेट थाना इलाके में कार पार्किंग को लेकर हुए झगड़े में बाप-बेटों ने गुरुवार रात पीट-पीटकर पडौसी को मौत के घाट उतार दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर मोर्चरी के बाहर हंगामा किया। पुलिस के आश्वासन पर परिजन मान गए।

पुलिस ने बताया कि गलता गेट इलाके में शांति कॉलोनी में झगड़े में गोपाल खंडेलवाल (60) की मौत हो गई। गुरुवार रात 10:30 बजे गोपाल खंडेलवाल की पडौसी प्रभु ठाकुरिया (58) से कार पार्किंग को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ने पर झगड़ा हो गया। इसी दौरान प्रभु के दो बेटे मनीष ठाकुरिया (36) और रवि ठाकुरिया (34) भी वहां आ गए। तीनों ने लात-घूंसों और डंडों से गोपाल को पीटा। वे गोपाल को अचेत होने तक मारते रहे। पत्नी को पता चला तो वह बाहर पहुंची। बाप-बेटों ने उसके साथ भी मारपीट की और मौके से फरार हो गए। परिजन गोपाल को एसएमएस हॉस्पिटल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

आरोपी प्रभु और उसके दोनों बेटे प्रॉपर्टी कारोबारी है। गोपाल खंडेलवाल की परकोटे में दुकान थी। दो बेटे लव और कुश है। जो प्राइवेट जॉब करते हैं। गोपाल के परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले करीब डेढ़ महीने से पड़ोसी परेशान कर रहे थे। कार पार्किंग को लेकर आए दिन झगड़ा करते थे। पिछले 5 दिन से कार पार्किंग को लेकर झगड़ा बढ़ गया था। देर रात पिता पर हमलाकर पड़ोसियों ने तब तक मारा, जब तक वह बेहोश नहीं हो गए थे। जानकारी में सामने आया कि आरोपी प्रभु ठाकुरिया का राजनीतिक लोगों में उठना बैठना है। प्रभु ठाकरिया और उसके परिजन मृतक और उसके परिजनों को पूर्व विधायक महेश जोशी का नाम लेकर धमकाते थे। अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान भी परिजनों ने पुलिस को यह बात बताई। पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि महेश जोशी का नाम लेकर कई बार धमका चुके है।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**आम सुचना** जो कि मेरा अभिभाष्य श्री फसीउद्दीन शेख पुत्र श्री फरीदुद्दीन शेख उम्र 57 वर्ष निवासी जामा मस्जिद से पहले, महाजनो के मंदिर के पास, बहिर टोंक के निर्देशित किये जाने पर निम्न सुचना पेपर मे पब्लिश करवाये जावे। मेरा अभिभाष्य श्री फसीउद्दीन शेख पुत्र श्री फरीदुद्दीन शेख उम्र 57 वर्ष निवासी जामा मस्जिद से पहले, महाजनो के मंदिर के पास, बहिर टोंक है उनका पुत्र हारिस शेख पुत्र श्री फसीउद्दीन शेख उनके कहने मे नही है व अरसे दराज से संपर्क मे भी नही है। वह आय दिन लोगो से लड़ाई झगड़े करना, उधार लेना इत्यादि करता है। मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र से सभी संबंधो का विच्छेद कर चुका है व अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। हारिस खेख के किसी भी कृत्य से मेरे अभिभाष्य का कोई सरोकार नही रहेगा व उससे संबंध रखने वाला व्यक्ति उसके साथ किये समस्त कृत्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा। सर्वसुचित रहे।
Anurag Kumar, Advocate, Mobile : 9351228762

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. 50, काली कोठी, निवारू रोड, जयपुर, राजस्थान में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 168.75 वर्गगज है। यह कि प्लॉट नं. 50, कुल क्षेत्रफल 168.75 वर्गगज का पट्टा विलेख जे.डी.ए जयपुर द्वारा 21.10.2002 को बजरंग लाल के नाम से जारी किया गया, बजरंग लाल का स्वर्गवास 13.06.2021 को हो गया तथा बजरंग लाल के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त सम्पत्ति के उनके विधिक व कानूनी उत्तराधिकारियो / वारिसान में उनकी पत्नी रेवती देवी जागा व तीन पुत्रान् ओम प्रकाश जागा, जय प्रकाश जागा व संदीप जागा संयुक्त मालिक, स्वामी हुए। तत्पश्चात् ओम प्रकाश जागा, जय प्रकाश जागा, संदीप जागा ने अपने-अपने हिस्से का हक त्याग जरिये पंजीकृत हक त्याग पत्र 13.12.2023 द्वारा अपनी माताजी व सहहिस्सेदारी रेवती देवी जागा के हित में त्याग कर दिया। उसके पश्चात रेवती देवी जागा ने उक्त प्लॉट को जरिये विक्रय पत्र 21.12.2023 द्वारा बिलकिश बेगम को विक्रय कर दिया। इस प्रकार बिलकिश बेगम उक्त सम्पत्ति की एकमात्र मालिकन, स्वामीनी व अधिकारी है। बिलकिश बेगम द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी ग़ैर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत् यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति / ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। सात दिवस की अवधि के पश्चात् इस आम सूचना बाबत कोई भी आपत्ति / ऐतराजात किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
B. C. Shankla Advocate Rajasthan High Court, Jaipur
Off. Add. B-21, Chitrakoot Stadium, Vaishali Nagar, Jaipur, Mob. 9829063273

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक: जविप्रा/उपा./जोन-14/2024/डी-825 दिनांक: 30.5.2024
**सार्वजनिक सूचना**
निम्न भूखण्डधारियों द्वारा दस्तावेज/आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड का नामहस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया गया है:-

| क्र. सं. | भूखण्ड संख्या | नाम/पता | समिति का नाम/निजी खातेदारी/ जविप्रा | योजना का नाम | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/OH/S/403, 14/OH/S/202, 14/OH/204, 14/OH/377, 14/OH/67, 14/OH/93, 14/OH/203, 14/OH/201, 14/OH/205, 14/OH/S/404, 14/OH/403, 14/OH/206, 14/OH/94 | श्री महावीर प्रसाद मीणा पुत्र स्व. श्री बाबूलाल मीणा, 207, कालूराम मीणा की ढाणी, गोनेर, जयपुर | जविप्रा | रिंग रोड परियोजना | मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत हकत्याग पत्र, वारिस सजरा प्रमाण पत्र के आधार पर नाम हस्तान्तरण हेतु |

उक्त भूखण्डों का आवेदक के पक्ष में नामहस्तान्तरण पत्र जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर कार्यालय समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामहस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

**खोया पाया**

मेरे मकान 2S55 हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर के मूल आवन्टन पत्र व कब्जा पत्र कही गिर गये मिले तो सुचित करे 9351184936

दी शिवा कॉ-ऑ. सो.लि. की अनुमोदित योजना 6डी इंजिनियर्स कॉलोनी के भू. सं. डी-12 व डी-13 के प्रति जविप्रा द्वारा जारी मूल सब डिविजन लैटर मय साईट प्लान जो कि 539, गौतम मार्ग, निर्माण नगर-एबी, जयपुर से कहीं गुम हो गये। मिलने पर सूचित करें। कैलाश चन्द जैन, मो. 9001099201

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना (सर्वे व निर्माण)**
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)-द्वितीय, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा -(खुली निविदा- दोहरी पैकेट पद्धति-Two Stage Reverse Auction) आमंत्रित करते है । **1. निविदा सूचना संख्या** : DY CE/C-II-JU-T-04-LUNI-SMR-BLDI **2. कार्य का नाम स्थान सहित** : Earthwork in filling/cutting in formation, Blanketing, construction of Station Building, Platforms, Platform shelter, Foot Over Bridge, Passenger Amenities work, Electrical & S&T structures, RUBs, all Bridges, Retaining walls, Toe wall, Pitching, Electrical General work and all other ancillary works between Bishangarh (Excl.) - Modran (Excl.) stations from Km.49.000 to 92.000 in connection with Luni-Samdari-Bhildi doubling project **3. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 2080620581.11 **4. जमा की जाने वाली बयाना राशि** : रू.1,00,00,000.00 **5. ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 28.06.2024 15.00 बजे तक। **6. प्री-बिड कोन्फ्रेन्स की तिथि, समय एवं स्थान** : प्री-बिड कोन्फ्रेन्स की तिथि - 06.06.2024 प्री-बिड कोन्फ्रेन्स की समय- 11.30 बजें प्री-बिड कोन्फ्रेन्स की स्थान - कार्यालय-उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) द्वितीय, उत्तर-पश्चिम रेलवे, जोधपुर (राजस्थान) **7 वेबसाईट का विवरण, जहां पर ई-निविदा देखी व भरी जा सकती हैं** । : www.ireps.gov.in **8 कार्यालय ई-मेल का पता** : dycec2jodhpur@gmail.com
629-DR/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण श्री राजेंद्र कुमार गर्ग पुत्र स्व. श्री सत्यनारायण गर्ग एंव श्रीमती संतोष देवी गर्ग पत्नी श्री राजेंद्र कुमार गर्ग निवासी A 55 RPA Road, शिवाजी मार्ग, जयपुर, राजस्थान की ओर से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र अभिषेक गर्ग व अपनी पुत्र वधु रितिका अग्रवाल को समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। आज के बाद मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्र अभिषेक गर्ग व अपनी पुत्र वधु रितिका अग्रवाल द्वारा किये गये किसी भी संव्यवहार व कृत्य के लिए मेरे अभिभाष्यगण किसी भी प्रकार से जिम्मेदार व जवाब देह नहीं होगें।
जयपुर (प्रतीक तंवर) एडवोकेट
दिनांक-31-5-2024 मो. नं. 9950708918

**नाम परिवर्तन**

में भवानी सिहं सुपुत्र श्री गुलाब सिंह निवासी प्लाट न.पी-12, कल्याण वाटिका, न्यू रॉयल सिटी कालवाड़ रोड़ मांचवा जिला जयपुर, राजस्थान मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी माताजी का नाम श्रीमती भवरी कवर व जन्म दिनांक 26.09.1958 दर्ज है, जो की गलत है, सही नाम श्रीमती भवंर कंवर व जन्म दिनांक 01.07.1955 दर्ज करे।

मै सपना देवी पत्नी श्री महावीर सिंह निवासी प्लाट न. 870, बरकत नगर, टोंक फाटक, जयपुर। मैने अपना नाम विवाह के बाद कु. सपना कच्छावा से बदल कर सपना देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे सपना देवी के नाम से जाना जाये।

I, BRIJESH SHUKLA S/O RADHEY SHYAM SHUKLA Solemnly declare that I have changed my name from BRIJESH KUMAR SHARMA to BRIJESH SHUKLA R/O New Grain Mandi Road, Syendicate Bank Ke Samne, Sawai Madhopur, Rajasthan 322001. for all future purposes.

I have changed my Daughter name from Prisha to Prisha Babal D/o Ankit Babal R/o Flat No. 1/2, AWHO Colony Sector-2, Vidhyadhar Nagar, Jaipur. For all purpose.

I have changed my name from Jagannath Prasad Sharma to Jagannath Sharma for all purposes R/o 182 Chandra nagar-A Badaram Sirsi Jhotwara Jaipur

My name is Atul Kumar s/o Mahendra kumar address 52/144 VT road Mansarover Jaipur. I have changed my name from Atul Kumar Agarwal to Atul Kumar for all future purpose

# शादी समारोह में खाना खाने के बाद 150 लोगों की तबियत बिगड़ी

## खाना खाने के कुछ देर बाद लोगों को अचानक उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी थी



फूड प्वाइजनिंग से बीमार लोगों को केकड़ी जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



खाद्य विभाग की टीम ने शादी में बने घेवर, मिठाई और तेल आदि के नमूने लिए।

**देवली, (निसं)।** बीजवाड गांव में गुरुवार की रात को एक शादी समारोह में आयोजित भोज में खाना खाने के बाद करीब 150 लोगों की तबियत बिगड़ गई थी। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात को बीजवाड़ गांव में एक शादी थी। इस शादी समारोह में एक हजार लोगों के लिए भोजन बनाया गया था। इस दौरान खाना खाने के कुछ देर बाद अचानक लोगों की अचानक उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। जब यह संख्या ज्यादा बढ़ने लगी तो ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए केकडी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर फूड प्वाइजनिंग की जानकारी लगी। फूड प्वाइजनिंग की वजह से करीब 150 लोग बीमार हो गए। जिनका उपचार केकड़ी जिला अस्पताल में किया गया और इनमें दो की हालत गंभीर होने पर अजमेर रैफर किया गया।

- **फूड प्वाइजनिंग से 150 लोगों की तबियत बिगड़ गई थी, अस्पताल में भर्ती कराया**
- **बीजवाड़ गांव में शादी समारोह में एक हजार लोगों के लिए भोजन बनाया गया था**

जानकारी के अनुसार बीजवाड़ निवासी संदीप पुत्र सत्यनारायण धाकड़ की शुक्रवार को शादी है। ऐसे में गुरुवार को मंडप का कार्यक्रम था। उसमें करीब एक हजार लोगों का खाना बनाया। इस दौरान सैंकड़ों लोग खाना खाने आए। शाम को करीब 7 बजे डेढ़ सौ लोगों को फूड पॉइजनिंग हो गया। वे उल्टियां करने लगे। कोई बेसुध होकर गया। किसी को पेट दर्द होने लगा या फिर दस्त लग गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद सभी बीमार लोगों को परिजन एक एक करके इलाज के लिए निजी वाहनों से केकडी अस्पताल ले गए। जहां बीजवाड़ निवासी सत्यनरायण (49) पुत्र गोपाल धाकड, हनुमान प्रसाद जाट (25) पुत्र नंदा राम जाट, सीमा देवी जाट (38) पत्नी महेंद्र कुमार जाट, केकडी जिले के सरवाड़ थाना क्षेत्र के अजगश निवासी लीला पति बालूराम धाकड, नासिरदा निवासी शंकर लाल (35) पुत्र सुखलाल की तबीयत ज्यादा खराब होने पर भर्ती किया है। अन्य 97 का प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें से सत्यनारायण पुत्र गोपाल धाकड़ और शंकर पुत्र सुखलाल की हालत ज्यादा खराब होने पर उन्हे अजमेर रेफर किया गया।

उधर, इनके इलाज को लेकर केकडी अस्पताल के पीएमओ डॉ. नवीन कुमार जांगिड़ ने पूरी सतर्कता बरती और बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की सूचना पहले से मिलने से अस्पताल में सभी आवश्यक व्यवस्था की गई। ज्यादा डॉक्टरों को कॉल करके बुलाया गया। बीजवाड़ गांव में फूड प्वाइजनिंग की शिकायत पर देवली उपखंड का प्रशासन मौके पर पहुंच गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि गुरुवार रात बीजवाड़ खाना खाने से बीमार होने की सूचना पर टोंक से टीम यहां पहुंची और शादी में बनाए गए भोजन और बाजार से खरीदकर लाए सूखे सामान का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है । इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शादी में बने घेवर, मिठाई और तेल समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए है। यह सारा सामान और मावा केकड़ी के बाजार से खरीदा गया है।

# बेटा-बेटी को बचाने मां पानी के होद में कूदी, तीनों की मौत

## महिला अपनी बेटी दिव्या और बेटे हनी सिंह को लेकर खेत में बने हौद पर कपड़े धोने गई थी

**जोधपुर, (कासं)।** अपनी आंखों के सामने बेटा और बेटी को डूबते देख मां बचाने के लिए हौद में कूद गई। इस दर्दनाक हादसे में तीनों की मौत हो गई। घटना जोधपुर के पीपाड़ शहर थाना क्षेत्र के बाड़ा खुर्द की शुक्रवार सुबह 10 बजे की है। हादसे में संतोष कंवर (43) पत्नी गोविंद सिंह राजपुरोहित निवासी घेनडी जिला पाली, दिव्या कंवर (15) पुत्री गोविंद सिंह, हनी सिंह (12) पुत्र गोविंद सिंह की मौत हो गई। संतोष का पीहर बाड़ा खुर्द में है। उसके पिता राजू सिंह के घर से 500 मीटर की दूरी पर ही उनका खेत आया हुआ है।

जानकारी के अनुसार संतोष सुबह अपनी बेटी दिव्या और बेटे हनी सिंह को लेकर खेत में बने हौद पर कपड़े धोने गई थी। संतोष के साथ आस-पड़ोस के दो बच्चे और भी थे। हनी हौद के पास ही खेल रहा था। तभी अचानक उसका पैर फिसला और वह हौद में गिर गया। भाई को डूबता देख उसे बचाने के लिए दिव्या भी कूद गई लेकिन वह भी डूबने लगी। दोनों बच्चों को डूबता देखा तो संतोष भी उन्हें बचाने के लिए हौद में कूदी और वह भी डूब गई। जहां ये हादसा हुआ वहां से 500 मीटर की दूरी पर ही खेड़ी सालवा रेलवे स्टेशन है। संतोष के साथ गए बच्चे बचाओ-बचाओ की आवाज लगाते हुए वहां पहुंचे। इसके बाद वहां मौजूद लोग घटना स्थल पर पहुंचे और तीनों को बाहर निकाला। तीनों को पीपाड़ शहर के हॉस्पिटल में लाया गया, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। इधर, घटना के बाद परिवार के लोगों को रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

- **हनी का अचानक पैर फिसला और वह हौद में गिर गया, भाई को डूबता देख दिव्या भी कूद गई**

ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि महिला के पिता राजू सिंह का परिवार गांव में ही खेती करता है। महिला का ससुराल पाली जिले के घेनड़ी गांव में है। इस हौद में 7 फीट की गहराई तक पानी भरा हुआ था। पति गोविंद सिंह पाली जिले के खिवाड़ा में चाय की होटल चलाते हैं।

## जेईई एडवांस्ड : कैंडिडेट रिकॉर्डेड रेस्पोंस जारी

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे कठिनतम प्रवेश परीक्षाओं में से एक जेईई-एडवांस्ड जो की इस वर्ष आईआईटी मद्रास द्वारा 26 मई को आयोजित की गयी। जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के कैंडिडेट्स के रिकॉर्डेड रेस्पोंस जारी कर दिए गए। इस वर्ष जेईई एडवांस्ड के इतिहास में सर्वाधिक 1 लाख 91 हज़ार से अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने रिकॉर्डेड रेस्पोंस डाउनलोड करने के लिए जेईई एडवांस्ड पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्म दिनांक एवं रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर डालकर लॉगिन करना होगा उसके बाद अपने कैंडिडेट पोर्टल पर जाकर रिकॉर्डेड रेस्पोंस ऑप्शन से रिकॉर्डेड रेस्पोंस डाउनलोड करने होंगे। विद्यार्थी अपने रिकॉर्डेड रेस्पोंस और जारी किये गए प्रश्नपत्रों का मिलान कर अपने अंकों का आंकलन कर सकेंगे। इसके बाद 2 जून को सुबह 10 बजे प्रोविजनल आंसर की जारी की जाएगी, तब विद्यार्थी आंसर की मिलान करने के बाद 3 जून शाम 5 बजे तक आंसर की के लिए अपने फीडबैक आईआईटी मद्रास को दे सकेंगे।

# एम.पी. की युवती से अजमेर में दुष्कर्म

## गेस्ट हाउस संचालक पर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया

**अजमेर, (कासं)।** एमपी की युवती ने एक गेस्ट हाउस संचालक पर दो साल तक दुष्कर्म करने और गर्भपात करवाने का आरोप लगाया है। साथ ही आरोपी पर देह व्यापार में धकेलने का आरोप लगाते हुए दरगाह थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दरगाह थाने में पीड़िता ने शिकायत देकर बताया कि जनवरी 2020 में जब नाबालिग थी तब वह घर छोड़कर अजमेर आ गई थी। उसने दरगाह क्षेत्र के अलग-अलग घरों में काम करके अपना गुजारा किया था। मई 2022 में उसकी मुलाकात एक गेस्ट हाउस संचालक से हुई थी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गेस्ट हाउस संचालक ने उसका अकेले होने का फायदा उठाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था।

**शादी के फर्जी फर्जी दस्तावेज से करवाया गर्भपात :-** पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह उसके कम उम्र होने का फायदा उठाकर लगातार दुष्कर्म करता रहा था। 4 महीने बाद वह प्रेग्नेंट हो गई थी। इसकी जानकारी उसने आरोपी को दी तो वह उसे दवाइयां देकर अबॉर्शन करवाने के लिए जबरदस्ती करने लग गया। दवाइयों से अबॉर्शन नहीं हुआ तो बाद में उसने शादी के फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार करवा कर डॉक्टर से अबॉर्शन करवाया दिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लग गई थी। परेशान होकर अपने घर चली गई।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों के बाद वह वापस अजमेर आई तो आरोपी ने उसे देह व्यापार में धकेलने के लिए मजबूर करने लग गया। मना किया तो आरोपी उसे धमकी देकर मारपीट करने लग गया। परेशान होकर उसने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया। मामले में दरगाह थाना पुलिस जांच में जुटी है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कठोर कारावास

**धौलपुर, (निसं)।** विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट धौलपुर ने दिहौली पुलिस थाने पर 2021 में दर्ज हुए 15 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 65 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया है।

- **कोर्ट ने 65 हजार रूपये के जुर्माने से भी दण्डित किया**

विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक संतोष मिश्रा ने बताया कि धौलपुर जिले के दिहौली पुलिस थाना पर एक परिवादी ने 18 मार्च 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री 17 मार्च 2021 की रात को अपने दादा-दादी के पास सो रही थी। नाबालिग पुत्री 17 मार्च की रात को शौच के लिए गई हुई थी, जो वापस नहीं लौटी। पीड़ित को तलाश के दौरान जानकारी हुई कि उसकी नाबालिग पुत्री को गब्बर बहला-फुसला कर अपहरण कर ले गया है। इसके बाद पीड़ित पिता ने नामजद आरोपी गब्बर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और नाबालिग को उत्तर प्रदेश के आगरा जिले से डिटेन कर दुष्कर्म संबंधी मेडिकल कराकर कोर्ट में बयान दर्ज कराए गए। अनुसंधान के दौरान मुकदमा दुष्कर्म का पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी गब्बर को गिरफ्तार कर पॉक्सो कोर्ट में पेश किया। आरोपी गब्बर जमानत पर चल रहा है।

मामले में लोक अभियोजक मिश्रा ने कोर्ट में 21 गवाह पेश कर दस्तावेजों को साबित कराया। प्रकरण में न्यायाधीश राजकुमार ने दोनों पक्षों की बहस और लोक अभियोजक की दलील सुनने के बाद शुक्रवार को 20 वर्षीय आरोपी गब्बर पुत्र रामदास को दोषी करार देते हुए बीस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसे 65 हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया है।

## परीक्षा संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत शुक्रवार को ऐच्छिक विषय फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर की परीक्षा का आयोजन अजमेर जिला मुख्यालय पर किया गया। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त विषय की परीक्षा के लिए कुल 4129 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे।

# बॉर्डर पर हीट स्ट्रोक से जवान की तबीयत बिगड़ी

## राजकीय जवाहर अस्पताल में जवान का उपचार करने के बाद जोधपुर रेफर किया

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** शुक्रवार को जैसलमेर स्थित भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के एक जवान के हीट स्ट्रोक के कारण तबीयत बिगड़ने की खबर सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ के जवान की शुक्रवार दोपहर में अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे राजकीय जवाहर अस्पताल लाया गया, जहां अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में बीएसएफ जवान का उपचार करने के बाद उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए जोधपुर रेफर कर दिया।

- **पीड़ित बीएसएफ जवान की पहचान 57 वर्षीय एम एल डोगरा के रूप में हुई है डोगरा 92 बटालियन बरमसर में तैनात है**
- **मौसम बदलने की वजह से बुखार आ गया था**

पीड़ित बीएसएफ जवान की पहचान 57 वर्षीय एम एल डोगरा के रूप में हुई है। डोगरा 92 बटालियन बरमसर में तैनात है। जवान को प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया। जवान के साथ बीएसएफ के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। रेफर किए जाने के बाद बीएसएफ के जवान भी ख्याल रखने हेतू साथ जोधपुर गए हैं। जवाहर हॉस्पिटल के फिजीशियन डॉ. रोहिताश गुर्जर ने जवान का चेक अप कर प्राथमिक उपचार दिया। जवान की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जोधपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार बीएसएफ़ जवान एम एल डोगरा हाल ही में बीएसएफ़ कंपनी के साथ कश्मीर गया था। उसकी कंपनी 2 दिन पहले ही कश्मीर से लौटी है। मौसम बदलने की वजह से उसको बुखार आ गया। बताया गया कि चिकित्स्कों ने जब चेकअप किया तो जवान को 103 डिग्री बुखार था। गौरतलब है कि हीट स्ट्रोक से 27 मई को भी जैसलमेर में भारत-पाक सीमा पर तैनात बीएसएफ के एक जवान की मौत हुई थी।


# हाईकोर्ट ने मांडलगढ़ पालिका अध्यक्ष संजय डांगी के वित्तीय अधिकार छीने

## तीन माह पहले संजय डांगी ने मांडलगढ़ पालिका अध्यक्ष का पदभार संभाला था

**मांडलगढ़, (निसं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी के वित्तीय अधिकार छीन लिए हैं। गुरुवार को आदेश जारी कर मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी को वित्तीय पावर मुक्त कर दिया।

पालिकाध्यक्ष संजय डांगी अगले आदेश तक पालिका के चेक पर हस्ताक्षर नहीं कर सकेंगे और न ही नगर पालिका में कोई वित्तीय लेनदेन या निर्णय कर सकेंगे। एसीबी ने संजय डांगी को तीन साल पूर्व एक ठेकेदार से रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। इस पर सरकार ने डांगी को अध्यक्ष पद से निलंबित भी कर दिया था। 28 फरवरी 2024 को पुनः बहाल कर पालिका अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। इस मामले को लेकर नगर पालिका के चार पार्षद अरुण कुमार व्यास, रेखा वैष्णव, रफीक मोहम्मद टाँक तथा नजमा बानो सिलावट ने जोधपुर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसे स्वीकार कर अदालत ने 8 जुलाई 2024 को अगली सुनाई की तिथि निश्चित की है। इस अवधि या आगामी आदेश तक नगरपालिका मांडलगढ़ में अध्यक्ष संजय डांगी कोई वित्तीय निर्णय नहीं लें सकेंगे।

मांडलगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष के रूप में भाजपा नेता संजय डांगी 2021 के नगरपालिका चुनाव में निर्वाचित हुए थे। 21 जून 2021 को एक ठेकेदार प्यार चन्द्र रेगर से रिश्वत लेने के मामले में एसीबी ने पकड़ा था।ओर जेल भी गए थे। इस मामले में मामले में एसीबी ने विस्तृत अनुसंधान कर 103 पेज की चार्जसीट कोर्ट में पेश की थी। इसी आधार पर स्वायत्त शासन विभाग ने निदेशक ने 25 अप्रेल 2022 को मामले को आगे चलाने के लिए अभियोजन स्वीकृति दी थी। 103 पेज की चार्जसीट में एसीबी ने लिखा कि संजय डांगी ने जो अपराध किया है, वह इस पूरे अनुसंधान में प्रमाणित है।



मांडलगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी।

- **डांगी को 4.20 लाख की रिश्वत लेने के आरोप में एसीबी ने तीन साल पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा था**

एसीबी ने चार्जसीट में बताया था कि डांगी ने अपने बाइक शोरूम पर पालिका में कन्ट्रेक्शन ठेकेदार से रिश्वत ली गई 4 लाख 20 हजार की राशि को भी बरामद कर लिया गया था। इस आधार पर डांगी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 का अपराध प्रमाणित है। एसीबी ने सबूत के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला से भी जांच कराई थी। इसी आधार पर एसीबी ने चालान पेश किया था। इसके बाद ही सरकार ने डांगी को पद से निलंबित किया था। लेकिन राज्य में भाजपा की नई सरकार ने आते ही संजय डांगी को फिर से अध्यक्ष पद की कुर्सी सम्भला दी।

डांगी के पुनः अध्यक्ष बनने से भाजपा का एक खेमा नाराज चल रहा है। दूसरा खेमा चाहता है कि पालिका बोर्ड में भाजपा के जो दूसरे पार्षद है। उनमें से किसी को भी यह जिम्मेदारी दी जाए लेकिन भाजपा के एक नेता के आगे किसी पार्षद ओर कार्यकर्ता की सुनवाई नहीं की जा रही है। फिलहाल मामला हाईकोर्ट में चला गया है, एसीबी ने भी डांगी का रिश्वत अपराध प्रमाणित कर चालान पेश कर दिया है।

# उदयपुर में गंगु कुण्ड में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत

## दोनों युवक आपस में मित्र थे, एक युवक निजी जॉब करता था वहीं दूसरा कार ड्राइवर था

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के आयड़ स्थित गंगु कुण्ड में शुक्रवार दोपहर नहाने गए दो युवकों की पानी में डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक आपस में मित्र थे। पानी में युवकों की डूबने की सूचना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई वहीं सिविल डिफेंस टीम ने मौके पर पहुंच करीब दो घंटे में दोनों युवकों के शव पानी से बाहर निकाले। एक युवक निजी जॉब करता था वहीं दूसरा कार ड्राइवर था। दोनों ने नहाने का मन बनाया और गंगु कुंड नहाने पहुंचे। जॉब छोड़कर अलवर लौट रहे कपिल को क्या पता था कि उसकी उदयपुर से नहीं बल्कि जिंदगी से विदा होने वाला है।



उदयपुर के गंगु कुण्ड में मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने शवों को बाहर निकाला।

भूपालपुरा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर में कपिल शर्मा (32) पुत्र सुरेशचन्द्र शर्मा निवासी अलवर हाल आयड व गणेश मेहरा (44) पुत्र अम्बालाल मेहरा निवासी पायड़ा हाल बलीचा दोनों मित्र आयड़ स्थित गंगु कूण्ड पर नहाने पहुंचे। गहराई में जाने से दोनों युवक पानी में डूब गए। जैसे ही घटना की सूचना क्षेत्र में फैली गंगु कूण्ड पर भारी भीड़ जमा हो गई और सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची। जहां दो घंटे के बाद दोनों के शवों को बाहर निकाल लिया गया।

जानकारी के अनुसार कपिल शर्मा प्राइवेट जॉब करता था और जॉब छोड़कर वापस उसने अलवर गांव लौटने का मन बना लिया था। वहीं गणेश कार चालक था। मित्रता होने से उसने अलवर जाने के लिए उसी को अपनी कार से छोड़ने के लिए कहा था और गर्मी ज्यादा होने से दोनों गंगु कुण्ड नहाने पहुंचे थे जहां यह हादसा हो गया। हालांकि इस दौरान वहां खड़े बच्चे ने इन्हें डूबता देख शोर भी मचाया लेकिन सहायता के लिए पहुंचते इससे पहले दोनों पानी में डूब चुके थे। पुलिस ने कपिल का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया जबकि गणेश का शव परिजनों के आने पर दिया जाएगा।

# दोस्तों के साथ घूमने आए युवक की सरोवर में डूबने से मौत

## मृतक युवक का आज जन्मदिन था

**पुष्कर, (निसं)।** अपने जन्मदिन के एक दिन पहले शुक्रवार को तीर्थ नगरी पुष्कर अपने दोस्तों के साथ घूमने आए किशनगढ़ निवासी जितेंद्र पुत्र जीवनराम रैगर की सरोवर में डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुष्कर पुलिस और स्थानीय तीर्थ पुरोहित, गौताखोर मौके पर पहुंचे और युवक को सरोवर से बाहर निकलने का प्रयास शुरू कर दिया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बावजूद गहराई के चलते सरोवर से युवक को बाहर नहीं निकाला जा सका। स्थानीय पुलिस ने पूरे मामले को लेकर कंट्रोल रूम में सूचना देकर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ से मदद की गुहार लगाई है।



जितेंद्र पुत्र जीवनराम रैगर।

किशनगढ़ के हाउसिंग बोर्ड राजा रेड्डी कॉलोनी निवासी (20) जितेंद्र रेगर पुत्र जीवनराम रेगर अपने दोस्त शुभम, सुमित, पिंटू और जसराज के साथ पुष्कर घूमने आया था। इस दौरान पुष्कर सरोवर के तरणी घाट के नजदीक बावरी घाट पर सरोवर में स्नान करने के लिए आए थे। मृतक जितेंद्र के दोस्तों ने बताया कि जितेंद्र रस्सी पकड़े सरोवर के गहरे क्षेत्र में चला गया और डूब गया।

इस दौरान उन्होंने हल्ला मचाया आवाज सुनकर स्थानीय तीर्थ पुरोहित और गोताखोर मौके पर पहुंचे और युवक को बचाने का प्रयास शुरू कर दिये। मौके पर पहुंची पुष्कर पुलिस ने मामले को लेकर कंट्रोल रूम को सूचना दी और एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की मदद मांगी है। दोपहर दो बजे टीम मौके पर पहुंची और करीब 20 मिनट बाद मृतक जितेंद्र रेगर केशव को सरोवर की 30 फीट गहराई से बाहर निकाल लिया। पुष्कर पुलिस ने शव राजकीय चिकित्सालय के मोर्चरी में रखवा दिया है। जहां से पोस्टमार्टम कर सर्व परिजनों को सौंपा जाएगा।

# एस.एम.एस. अस्पताल में 101 एसी, 50 कूलर और 20 वाटर कूलर लगाए जाएंगे

## भीषण गर्मी के बीच हीटवेव प्रबंधन के लिए 74 लाख रु. की वित्तीय स्वीकृति जारी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** हीटवेव प्रबंधन एवं रोगियों को अस्पताल में सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में करीब 74 लाख रुपये की लागत से एसी, कूलर एवं शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इन संसाधनों को आरएमआरएस में उपलब्ध राशि से खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

सिंह ने बताया कि प्रदेश में हीटवेव की प्रबलता के चलते चिकित्सा संस्थानों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने विगत दिनों तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आरएमआरएस में उपलब्ध राशि का युक्तिसंगत उपयोग करने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में सवाई मानसिंह अस्पताल में आवश्यक संसाधनों की खरीद के लिए 74 लाख 13 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि इस राशि से अस्पताल के विभिन्न वार्डों, आईसीयू, ओपीडी, दवा वितरण केन्द्रों, जांच केन्द्रों, रजिस्ट्रेशन काउंटर सहित अन्य स्थानों पर 101 एयर कंडीशन, 50 डेजर्ट कूलर एवं 20 वाटर कूलर लगाए जाएंगे। इससे अस्पताल में आने वाले रोगियों एवं परिजनों को गर्मी से राहत मिल सकेगी।

उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव ने 23 मई को एसएमएस अस्पताल में आकस्मिक निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को कंटीजेंसी प्लान बनाकर हीटवेव से संबंधित व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने अस्पताल में हीटवेव से बचाव और इसके उपचार संबंधी सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए हैं।

■ **रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर और अन्य स्थानों पर छाया के लिए ग्रीन नेट लगवाई गई है। खराब एसी सही होने तक वैकल्पिक इंतजाम के रूप में बडे कूलर लगाए गए हैं। सभी वार्डों में कूलरों की संख्या बढ़ाकर एग्जास्ट फैन लगाए हैं। शौचालयों की साफ-सफाई भी बेहतर की गई है।**

### जयपुरिया अस्पताल में सुदृढ़ हुई व्यवस्था

भीषण गर्मी एवं लू-तापघात की स्थिति को देखते हुए राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय में भी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया गया है। अस्पताल में कूलर, पंखों एवं एसी आदि की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही, अन्य सुविधाओं में भी इजाफा किया गया है। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा 27 मई को किए गए निरीक्षण में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों की पालना में अधीक्षक डॉ. महेश मंगल ने अस्पताल में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए हैं।

अस्पताल के नोडल अधिकारी, उप निदेशक प्रशासन राजमेस खेमाराम यादव ने बताया कि चिकित्सालय के सभी रजिस्ट्रेशन काउंटरों, वार्डों, प्रतीक्षालय एवं अन्य स्थानों पर पंखों एवं कूलरों की संख्या बढ़ाई गई है तथा बैठने एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। रजिस्ट्रेशन काउंटर के बाहर एवं अन्य स्थानों पर छाया हेतु ग्रीन नेट लगवाई गई है। खराब एसी सही होने तक वैकल्पिक इंतजाम के रूप में बडे कूलर लगाए गए हैं। सभी वार्डों में कूलरों की संख्या बढ़ाई गई है तथा एग्जास्ट फैन भी लगाए गए हैं। शौचालयों एवं परिसर में साफ-सफाई की स्थिति को बेहतर किया है।

## पेपर लीक का एक और मास्टरमाइंड सीकर से गिरफ्तार

**जयपुर।** एसआई पेपर लीक मामले में जोधपुर स्पेशल टीम नेएक और मास्टर माइंड अपराधी को पकडा है।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 का मास्टर माइंड चूरू जिले के छापर के रामपुर निवासी पौरव कालेर पुत्र ओमप्रकाश जाट लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी को प्रदेश पुलिस की कई एंजेसियां ढूंढ रही थीं। रेंज की साइक्लोनर टीम को भी लगाया गया था, जिसके प्रभारी कन्हैयालाल को गुरुवार को सीकर में पौरव के होने की पुख्ता सूचना मिलने पर वहां टीम ने पहुंच कर उसे पकडा. उसके उसे बाद जोधपुर लेकर आए। शुक्रवार को उसे एसओजी की जयपुर टीम को सौंप दिया गया है। अब एसओजी पौरव से पूछताछ करेगी। तीन महीने में रेंज की साइक्लोनर, टोर्नेडो व स्ट्रांग टीम ने यह 13वीं सफलता अर्जित की है. हाल ही में एसआई पेपर लीक मामले में हुई गिरफ्तारियों में पूछताछ के बाद एसओजी के सामने पौरव कालेर का नाम सामने आया था। जांच एजेंसी को पता चला कि उसने पांच से छह चयनित अभ्यर्थियों को पेपर दिया था। जब इस मामले में सख्ती हुई तो वह राजस्थान से बाहर भाग गया।

## सीता कुमावत दे रही महिलाओं को ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण



**जयपुर।** सुंदरता-सौंदर्य के साथ-साथ अगर स्वावलंबन और कौशल विकास की बात करें तो महिलाओं की सबसे ज्यादा रुचि ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण में होती है। ऐसा ही कुछ जज्बा दिखाया है जयपुर के गोविंदपुरा में वंशिका ब्यूटी पार्लर की संचालिका ब्यूटीशियन सीता कुमावत ने। सीता ने बताया कि इस कोर्स के बाद प्रशिक्षाणार्थियों के करियर के सारे विकल्प खुल जाते हैं। ब्यूटी पार्लर के विभिन्न गुर सिखाए जा रहे हैं, इसमें मुख्य रूप से ब्राइडल मेकअप, पार्टी मेकअप, फेशियल, वैक्स, थ्रेडिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके साथ ही हेयर कट और सारी वेयरिंग भी सिखाई जा रही है।

## सार-समाचार

### समाचार पत्र वितरकों ने बांधे परिंडे



**जयपुर।** रामनिवास बाग में अल्बर्ट हॉल एवं आसपास में समाचार पत्र वितरक महासंघ जयपुर द्वारा बेजुबान पक्षियों के दाना-पानी के लिए परिंडे लगाए गए। महासंघ के संगठन महामंत्री एवं पूर्व पार्षद अजय यादव ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों की पानी व चुगा की व्यवस्था के लिए परिंडो का वितरण किया गया। समाचार पत्र वितरकों ने सभी केंद्रों के पास परिंडे लगाये और वितरित किए। यादव ने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने घरों में व घर के आसपास एक परिंडा जरूर लगाए और सुबह शाम उसमें पानी डालकर और वहां दाना चुगा डालकर पक्षियों के लिए सभी को आगे आना चाहिए, जिससे पक्षियों को इस भीषण गर्मी से मदद मिल सकें।सभी वितरकों ने रोजाना परिंडो में पानी भरने व दाने डालने का संकल्प लिया।इस दौरान कोषाध्यक्ष हनुमान सैनी, सावंत सिंह, संजय यादव, टीकम यादव, राजेश यादव, घनश्याम यादव, गोविंद गुर्जर, कैलाश मीणा, सत्यनारायण शर्मा, बी.एल.मीणा, अनिल यादव, उम्मेद गुर्जर, रिंकू पंडित, गजेंद्र सिंह, दिनेश सैनी, किशन तनेजा, महेश यादव, भवानी झा, एडवोकेट ओम प्रकाश यादव, शिवकुमार चौधरी, कुशल सोनी, अनिल यादव, सलीम खान, चंद्र प्रकाश मीणा, के.के.यादव, बाबुद्दीन खान, महेंद्र टांक, कैलाश प्रजापति, राजेंद्र ढोलिया सहित वितरक बंधु उपस्थित रहे।

### स्कॉटलैंड की यूरोपीयन चैंपियनशिप में उपविजेता बनी ओजस्विनी सारस्वत



**जयपुर।** राजस्थान की युवा गोल्फर, जयपुर की रहने वाली ओजस्विनी सारस्वत ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित यूएस किड्स गोल्फ यूरोपीयन चैम्पियनशिप में उपविजेता का स्थान हासिल किया है। यह तीन दिवसीय चैम्पियनशिप स्कॉटलैंड के रॉयल मुसेलबर्ग गोल्फ क्लब में आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में तेज बारिश और तेज़ हवाओं ने चुनौती को अधिक मुश्किल बना दिया था। पहले दो दिनों तक ओजस्विनी को चुनौतीपूर्ण लेआउट से जूझना पड़ा। वहीं खराब मौसम के कारण दूसरे दिन खेल को अस्थायी रूप से स्थगित करना पड़ा, लेकिन ओजस्विनी ने दृढ़ संकल्प और अटूट धैर्य का परिचय देते हुए अंतिम दिन 6 अंडर पार का शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर ओजस्विनी ने कहा कि वह अपने अवॉर्ड-विनिंग परफॉर्मेंस से बहुत प्रसन्न हैं। हाल ही में उन्होंने कोलकाता के टॉलीगंज गोल्फ क्लब में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में (सी श्रेणी) का खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि ओजस्विनी जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में नियमित अभ्यास करती हैं।

### आदर्श नगर में छह अवैध निर्माण सीज

**जयपुर।** हैरिटेज नगर निगम ने शुक्रवार को अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए छह अवैध निर्माणों को सीज कर दिया। नगर निगम कमिश्नर अभिषेक सुराणा के निर्देश के बाद आदर्श नगर जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा के नेतृत्व में निगम दस्ते ने कार्रवाई की है। इस संबंध में जोन उपायुक्त युगांतर शर्मा ने बताया कि आदर्श नगर जोन अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को छह स्थानों पर सीज की कार्रवाई की गई। इससे पहले नगर निगम की टीम द्वारा अवैध निर्माण रोकने और हटाने के लिए इन सभी भवन मालिकों को नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन निगम के नोटिस के बावजूद निर्माणकर्ताओं ने अवैध निर्माण कार्य जारी रखा। उसके बाद शुक्रवार को सीज की कार्यवाही की गई। आदर्श नगर में बीस दुकान पर स्थित मकान संख्या 437 (रेस्टोरेंट) को सीज किया गया। मीठी कुई के रास्ते में 54, गोटा फ्रेक्ट्री के पास वंडर लैंड स्कूल को सीज किया गया। परकोटे में केजीबी के रास्ते में मकान संख्या 3599 और 5426 में अवैध निर्माण चल रहा था। इसे रोककर निगम की टीम ने दोनों भवनों को सीज किया है। आदर्श नगर में मकान संख्या 821 (कमर्शियल एक्टिविटी) को नियमों के विपरीत निर्माण पर सीज किया गया। फतेह टीबा 5, नाना जी को हवेली पर भी बिना अनुमति बन रही अवैध ईमारत को सीज किया है। वहीं, नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कहा कि जयपुर शहर में किसी भी तरह के अवैध निर्माण और अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम द्वारा जोन स्तर पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। निगम अधिकारी नियमों के तहत कार्रवाई कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर सीज की कार्रवाई कर रहे है।

### आईसीयू में महिला ने बच्ची को जन्म दिया

**जयपुर।** सवाई मानसिंह अस्पताल के एडवांस आईसीयू में शुक्रवार को एक महिला मरीज ने बच्ची को जन्म दिया है। यह सुरक्षित प्रसव दो नर्सिंग ऑफिसर ने करवाया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को 28 वर्षीय गर्भवती महिला पूनम को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। परिजन उसे हिण्डौन स्थित एक अस्पताल में लेकर गए। जहां पता चला कि उसके पेट में पानी भरा हुआ है और उसके हाथ और पांव में सूजन थी। तबीयत में सुधार नहीं आने पर उसे एसएमएस अस्पताल रैफर कर दिया गया। वह आठ माह की गर्भवती थी। यहां शुक्रवार शाम को इमरजेंसी में आते ही तुरंत उसे एडवांस आईसीयू में भर्ती किया गया। जहां उसे रात को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। सुबह अचानक उसे प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो आईसीयू में उसकी देखभाल कर रही नर्सिंग ऑफिसर कमलेश सैन व सुनीता मीणा ने तुरंत उसे संभाला और उसका सुरक्षित प्रसव करवाया। प्रसव के दौरान महिला मरीज ने बालिका को जन्म दिया है। मां और बेटी दोनों स्वस्थ है। हालांकि बच्ची आठ माह में पैदा हो गई थी और उसका वजन भी कम था, इसलिए उसे जेके लोन अस्पताल में भेजा गया है। नर्सिंग ऑफिसर सैन ने बताया कि इससे पूर्व भी दोनों ने गत वर्ष फरवरी माह में भी एक सुरक्षित प्रसव करवाया था।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज

**जयपुर।** सी-स्कीम में भगत सिंह मार्ग स्थित लक्ष्मी नारायणजी मंदिर में 1 जून शनिवार को सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन होगा। पण्डित प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि रात 8 से 10 बजे तक सुंदरकांड पाठ के बाद महाआरती होगी। इसके बाद 51 तुलसी के पौधों का वितरण ओजोन नर्सरी की ओर से नि:शुल्क किया जाएगा।


# कड़ी धूप की तपन से सड़कों पर सन्नाटा, अब बारिश का इंतजार

## नौतपा के सातवें दिन जयपुर में पारा 45 डिग्री रहा, आमेर में गर्मी से हथिनी बेहोश हुई

**जयपुर (कासं)।** 'नौतपा' के सातवें दिन जयपुर में पारा 45 डिग्री रहा। कड़ी धूप और लू के थपेड़ों के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि दोपहर में शहर के आसमां पर बादल छाए, लेकिन बारिश का सिर्फ इंतजार ही रहा। दरअसल मौसम विभाग ने जयपुर समेत प्रदेश के कुछ इलाकों में 1-2 जून को हल्की बारिश की संभावना जताई है, ऐसे में अब हर किसी को प्री-मानसून की बारिश की इंतजार है।

उधर भीषण गर्मी के कारण शुक्रवार को आमेर स्थित ठाठर कॉलोनी में हथिनी लक्ष्मी बेहोश हो गई। इसके बाद डॉक्टर्स को मौके पर बुलाया गया और जेसीबी की मदद से हथिनी को फिर से खड़ा किया गया। तेज धूप के कारण जहां सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है, वहीं एयर-कंडीशनर भी फेल हो रहे हैं। लोग फ्रिज का पानी पीने के साथ-साथ पारंपरिक मिट्टी के घड़े भी खरीद रहे हैं, ताकि बिजली कटौती के कारण अगर फ्रिज भी नहीं चले तो ठंडा पानी नसीब हो सके। सीकर रोड, कालवाड़ रोड, मानसरोवर और आगरा रोड समेत शहर के प्रमुख चौराहों पर इन दिनों मिट्टी के घड़ों की बिक्री खूब हो रही है।

■ **मौसम विशेषज्ञों की मानें तो जयपुर में 1-2 जून को बारिश की संभावना है**



हरमाड़ा में जयपुर-सीकर हाईवे पर शुक्रवार दोपहर भीषण गर्मी के कारण सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा।

देखा जाए तो जयपुर में पिछले दो सप्ताह से ज्यादा समय से दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हो रहा है। वहीं, आखिरी 5 दिनों से पारा 45 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर जा रहा है। दिन में जयपुर में तेज धूप होने के साथ लू चल रही है। मौसम विभाग की मानें तो जयपुर में 1 और 2 जून को आंधी-बारिश हो सकती है। वहीं, 3 से 5 जून तक जयपुर में दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। इस दौरान दिन में सतही स्तर पर हल्की गर्म हवा चलेगी। वहीं, जयपुर में आज सुबह गर्मी के बीच लोग पानी के लिए परेशान होते दिखे। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार को श्रीगंगानगर में 47.3, पिलानी और अलवर में 46.5, चूरू में 46.2, बीकानेर में 45.3, फलौदी में 45.2, जयपुर और जैसलमेर में 45, कोटा में 44.5, सीकर और भीलवाड़ा में 44, चितौड़गढ़ व श्रीगंगानगर में 43.7, बाड़मेर में 43.3, जोधपुर में 43, पाली में 42.9, अजमेर में 42.5 और उदयपुर में 40 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## महात्मा गांधी अस्पताल में नशामुक्ति क्लिनिक शुरू

**जयपुर (कासं)।** महात्मा गांधी अस्पताल सीतापुरा में शुक्रवार को तंबाकू निषेध दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ तथा श्रीराम कैंसर सेंटर के निदेशक डॉ. हेमंत मल्होत्रा ने कहा कि तेजी से बढ़ते कैंसर को नियंत्रित करने के लिए तंबाकू उत्पादों पर रोक लगानी होगी। उन्होंने कहा कि मुंह के कैंसर के 90 प्रतिशत मामलों में तंबाकू को जिम्मेदार पाया गया है। कैंसर के सारे मामलों में अकेले तंबाकू की भूमिका 40 फीसदी की है।

डॉ. ललित मोहन शर्मा ने कहा कि तंबाकू बिक्री से होने वाली आय से 8 गुना अधिक तो सरकार को कैंसर रोगियों के उपचार पर खर्च करना पड़ रहा है। इसलिए तंबाकू की उपलब्धता को रोका जाना चाहिए। इसकी बिक्री के लिए भी वेंडर लाइसेंसिंग शुरु करें।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेश अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू सेवन करने वालों में हार्ट अटैक की संभावना दोगुना ज्यादा होती है। श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश कूलवाल ने कहा कि तंबाकू बीडी, सिगरेट, हुक्का आदि सभी नुकसानदेह होते हैं। इनकी धुआं से आसपास रहने वाले भी दुष्प्रभावों के शिकार होते हैं। तंबाकू नशा मुक्ति क्लिनिक की शुरुआत के अवसर पर मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. आरती होता ने बताया कि अस्पताल की नशा मुक्ति क्लिनिक में रोगियों को नशा छोड़ने की काउंसिलिंग के साथ दवाइयां भी दी जा रही है।

## हथियारबंद दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** प्रताप नगर थाना पुलिस ने चौपहिया वाहन में घूम रहे हथियारबंद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि दोनों ही बदमाश जमीनों पर अवैध कब्जे का कारोबार करते है और रंजिश-टशन के चलते हथियार रखते है और जो राजीव चौधरी विनोद पथैना गैंग के सक्रिय बदमाश है। पुलिस ने दोनों बदमाशों के कब्जे से मिले अवैध हथियार दो देसी कट्टा और टाटा सफारी को जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) कावेन्द्र सागर ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने अवैध हथियार लेकर घूमते बदमाश राजीव चौधरी (46) निवासी मालवीय नगर और विशाल चौधरी (43) निवासी मारुति नगर सांगानेर को गिरफ्तार किया है। बदमाश विशाल चौधरी सांगानेर का हिस्ट्रीशीटर है। दोनों ही आदतन अपराधियां के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज है। जमीनों पर अवैध कब्जे के कारोबार में दोनों आरोपी शामिल है।

## रात 12 बजे के बाद क्लब, रेस्तरां और बार नहीं चलेंगे

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में रात 12 बजे के बाद कोई भी क्लब, रेस्तरां और बार नहीं चलेगा। एडिशनल पुलिस कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बड़ा एक्शन लिया है।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर राष्ट्रदीप ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए. किसी भी बार, क्लब, कैफ़े, रेस्टोरेंट, फार्म हाउस, डिस्कोथेक में 12 बजे बाद किसी भी प्रकार की गतिविधि संचालित नहीं होगी। रात 10 बजे बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं होगा। आदेशों की अवहेलना करने पर गिरफ्तारी और सजा होगी।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर राष्ट्रदीप ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अभी तक पुलिस केवल समझाइश कर रही थी, लेकिन अब अगर 12 बजे बाद कोई भी गतिविधियां दिखी, तो धारा 188 के तहत कानूनी कार्रवाई होगी।

## श्रीअन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया

**जयपुर।** हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर शुक्रवार को जलमहल स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त मुख्यालय राकेश शर्मा अपनी टीम के साथ रसोईघर पहुंचे और खाने की गुणवत्ता और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देशन में अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया गया। रसोई में बैठकर खाना खाया, खाने की गुणवत्ता सही थी। रसोई में खाने वाले लोगों से भी पूछा।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में विरोध-प्रदर्शन

**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में एग्जाम के दौरान स्टूडेंट्स से की जा रही अवैध वसूली के खिलाफ शुक्रवार को विरोध रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने कुलपति सचिवालय के बाहर नुक्कड़ नाटक कर गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स ने कहा कि अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने जल्द से जल्द हमारी जायज मांगों को पूरा नहीं किया तो आने वाले वक्त में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने बताया कि राजस्थान यूनिवर्सिटी द्वारा पिछले कई सालों से आम स्टूडेंट से अवैध वसूली की जा रही है। जो भी कोई स्टूडेंट यूनिवर्सिटी में एग्जाम देने पहुंचता है। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा उसके मोबाइल, बैग या अन्य सामान को बाहर सुरक्षित रखने के लिए 20 से 50 रुपए लिए जाते हैं। लेकिन यह रुपए यूनिवर्सिटी के अकाउंट में भी नहीं पहुंचते ना ही इनका कोई हिसाब किया जाता है। जबकि हकीकत यह काम यूनिवर्सिटी प्रशासन का है। क्योंकि एडमिशन के वक्त सभी तरह की फीस स्टूडेंट द्वारा जमा करवाई जाती है। ऐसे में आज छात्रों की इस समस्या को लेकर यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले सैकड़ों स्टूडेंट्स ने गांधीवादी तरीके से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुलपति सचिवालय के बाहर विरोध कर अपनी जायज मांग को कुलपति तक भी पहुंचाने की कोशिश की है। ऐसे में अगर जल्द से जल्द कुलपति ने स्टूडेंट्स की इस समस्या का समाधान नहीं किया। तो आने वाले वक्त में बड़ा आंदोलन करेंगे।

■ **कुलपति सचिवालय के बाहर नाटक से समझाया कैसे हो रही अवैध वसूली**

## सरकारी पानी बेचने वाले 8 टैंकर चालकों के खिलाफ मुकदमा

**जयपुर।** आमजन को मुफ्त दिए जाने वाले पानी की कालाबाजारी करने पर आठ टैंकर चालकों के खिलाफ जलदाय विभाग ने झोटवाड़ा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। झोटवाड़ा के कनिष्ठ अभियंता ने यह मामला दर्ज करवाया है कि पानी की कमी के चलते आम जनता तक पर्याप्त मात्रा में पानी पहुंचाने के लिए जलदाय विभाग की ओर से टैंकरों की व्यवस्था की जा रही है। लेकिन पानी की कालाबाजारी की जा रही थी। सहायक अभियंता भुवनेश कुलदीप ने बताया कि इन टैंकर चालकों के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच में आठ टैंकर चालक पानी की कालाबाजारी करते पाए गए। ये सभी टैंकर चालक सीता विहार पंप हाउस के थे और बिना ओटीपी और बिना जीपीएस सिस्टम के हाईडेंट से पानी की चोरी कर कालाबाजारी कर रहे थे। चालक पानी के आमजन से एक-एक हजार रुपए वसूल कर रहे थे।

टैंकर चालक दिनेश, ज्ञानसिंह, पवन, कालू, जितेन्द्र, महेश, रतन और कमल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। गौरतलब है कि झोटवाड़ा इलाके में लोग पानी मंगवाने को मजबूर हैं और इसका फायदा प्राइवेट टैंकर चालक उठा रहे हैं।

# मॉकड्रिल में बुझाई आग, दो लोगों की जिंदगी बचाई

## हैरिटेज नगर निगम की फायर शाखा ने घाटगेट फायर स्टेशन पर की मॉकड्रिल

**जयपुर।** गर्मियों के दिन में हीट बेव से आग लगने की घटना बढ़ जाती है। ऐसे में आग लगने से ज्यादा नुकसान नहीं हों, इसके लिए सबसे बढ़िया उपाय है, प्रत्येक घर और दुकान में अग्निशामक यंत्र होना चाहिए। जिससे कि हम प्राथमिक रूप से ही आग को रोक सकें। यह बात हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने कही।

■ **प्रत्येक घर-दुकान में अग्निशामक यंत्र रखें : सुराणा**

दरअसल हैरिटेज निगम की घाटगेट अग्निशमन शाखा के कार्यालय में शुक्रवार को आग लगने की मॉकड्रिल आयोजित की गई थी। मॉकड्रिल में एक मकान में आग को दर्शाया गया। जिसमें फायरकर्मियों ने दमकल और अग्निशामक यंत्रों की सहायता से तुरंत आग पर काबू पाया और बिल्डिंग में फंसे दो लोगों को सीढ़ी के सहारे उतार रेस्क्यू भी किया।





मॉकड्रिल के दौरान फायरकर्मियों ने दमकल और अग्निशामक यंत्रों की सहायता से तुरंत आग पर काबू पाया और बिल्डिंग में फंसे दो लोगों को सीढ़ी के सहारे उतार रेस्क्यू भी किया। फोटो-राष्ट्रदूत

मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र मीणा ने बताया कि हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर मॉकड्रिल आयोजित की गई।

इस दौरान फायर उपायुक्त युगांतर शर्मा सभी आगंतुकों को आग से सेफ्टी के लिए लाइसेंस प्रक्रिया के बारे में बताया। आयुक्त सुराणा ने बताया कि आग बुझाने के लिए हैरिटेज निगम की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी किए जाएंगे। जिसमें व्यापारियों को आग लगने पर उसे बुझाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान मॉकड्रिल के बाद आए हुए व्यापारियों को आग लगने पर उसे तुरंत बुझाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान आए हुए व्यापारियों ने निगम आयुक्त से फायर एक्ट लागू करने की बात कही, जिससे कि सभी व्यापारियों के पास अग्निशामक यंत्र और अन्य संसाधन उपलब्ध हों। कार्यक्रम में फायर सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, सिंधी केम्प व्यापार मण्डल, होटल एसोशिएसन, सिनेमा एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## Dinosaur Day

Dinosaurs have been the subject of scrutiny, fascination and even mysticism for more than 300 years, since the first dinosaur bone was discovered by scientists. Now, *Dinosaur Day* provides an opportunity for students, teachers and just general fans of dinosaurs to learn more about them and celebrate them, just as they deserve! While no one knows exactly the dates, some scientists have researched and estimated that non-bird dinosaurs, probably, were roaming the planet in the time range from 245 to 66 million years ago, which was still millions of years prior to human history.




#BRAIN-RESET

## A Long Space Trip

As we enter a new era in space travel, researchers were interested in how the human brain reacts to travelling outside Earth's gravity. They studied brain scans of 30 astronauts from before and after space travel. Their findings revealed that the brain's ventricles expand significantly in those who completed longer missions of at least six months, and that less than three years may not provide enough time for the ventricles to fully recover.





Frequent space travellers should wait three years after a longer mission to allow the physiological changes in their brains to reset, a new study suggests. As we enter a new era in space travel, researchers were interested in how the human brain reacts to travelling outside Earth's gravity.

They studied brain scans of 30 astronauts from before and after space travel. Their findings revealed that the brain's ventricles expand significantly in those who completed longer missions of at least six months, and that less than three years may not provide enough time for the ventricles to fully recover.

Ventricles are cavities in the brain filled with cerebrospinal fluid, which provides protection, nourishment, and waste removal to the brain. Mechanisms, in the human body, effectively distribute fluids throughout the body, but in the absence of gravity, the fluid shifts upwards, pushing the brain higher within the skull and causing the ventricles to expand.

"We found that the more time people spent in space, the larger their ventricles became," says Rachael Seidler, a professor of Applied Physiology and Kinesiology at the University of Florida and an author of the study. "Many astronauts travel to space more than one time, and our study shows that it takes about three years between flights for the ventricles to fully recover."

Based on studies so far, ventricular expansion is the most enduring change seen in the brain, resulting from spaceflight, says Seidler, a member of the Norman Fixel Institute for Neurological Diseases.

"We don't yet know for sure what the long-term consequences of this is on the health and behavioural health of space travellers," she says, "so allowing the brain time to recover seems like a good idea."

Of the 30 astronauts studied, eight travelled on two-week missions, 18 were on six-month missions, and four were in space for approximately one year. The ventricular enlargement tapered off after six months, the study's authors report. "The biggest jump comes when you go from two weeks to six months in space," Seidler says. "There is no measurable change in the ventricles' volume after only two weeks."

"With increased interest in space tourism in recent years, this is good news, as shorter space junkets appear to cause little physiological changes to the brain," she says.

While researchers cannot yet study astronauts, who have been in space much longer than a year, Seidler says that it's also good news that the expansion of the brain's ventricles levels off after about six months. "We were happy to see that the changes don't increase exponentially, considering that we will, eventually, have people in space for longer periods," she says. "The results of the study, which was funded by NASA, could affect future decision-making regarding crew travel and mission planning," Seidler says.



The increasing population of flamingos in the wetlands of Rajasthan is a positive news. But to maintain their steady population and make the yearly visit a regularity, it is essential that they are provided abundant blue-green and red algae, along with small insects and small fish for their sustenance in this season. But the shrinking water bodies pose a major threat to their basic existence. According to reports, until a few years ago, thousands of flamingos and migratory birds used to visit the lake. Even the trees in the lake acted as breeding ground for the birds. "The number of trees has, however, declined to almost zero and the various channels of water have also dried up, giving in to the increasing population pressure," an expert said.

# We Will Loose Our Flamingoes!!

PART:1





Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

There was a time in Rajasthan, around 2014, when it was reported that there was a rise in the population of *flamingoes* in the desert state of India, and it is flocking with pink-feathered birds, this season. The *Asian Waterbird Census* (AWC), which was completed on January 16th, had noted an increase in the number of Greater Flamingos (*Phoenicopterus roseus*) and Lesser Flamingos (*Phoeniconaias minor*) in the state.

The census found 1300 greater flamingos and 1800 lesser flamingos in the wetlands of *Gudha Jhapong* and *Devyani* area in *Sambhar Lake* area of Rajasthan, which is the largest natural depression in India. The lesser flamingo is classified as 'Near Threatened' (NT) on the IUCN Red List and both need a safer habitat to survive.

Flamingos are beautiful, long-legged birds with thousands moving, breeding and feeding together. Their unique bills help them feed by plunging their heads into the water upside-down and filtering the water for shrimp, which, in turn, gives the flamingo its bright pink color. The Greater Flamingo is considerably larger than its cousin, the Lesser. Its neck is longer, the larger bill is less prominently kinked, bit more banana-shaped.

Apart from Flamingos, the survey also noted the presence of winter migratory birds such as Northern Shoveler, Pied Avocet, Common Redshank and Black-winged Stilt, which is a local species. Over the last few years, the numbers of these species had seen a sharp decline. Hence, their visible presence is significant and a matter of joy, despite the fact that the lake, on which they thrive, is shrinking.

The survey will help maintaining the status of this wetland habitat of the migratory birds, and also keep a record of waterbirds' population, species diversity and migration, according to T. K. Roy, AWC, Delhi State Coordinator, a member of the team, that conducted the census. He adds that it will help in creating conservation awareness and for sustainable protection and conservation of this important wetland. It is another matter that not much happened. Though, the Rajasthan Tourism Department advertises,

Have you ever seen a flamingo eat? They look like they're doing headstands for lunch! Turns out, their oddly-shaped beak is perfectly designed for scooping up food while upside down in the water. It is a much declining sight, fast approaching something to be viewed in old movies only. The reasons are all well-documented and known to all.



Sambhar, The salty marshes of Rajasthan.

#FLYING AWAY



A flock of Flamingos, at Sambhar Salt Lake, about 75 kms from Jaipur.

## Shrinking Habitat

The increasing population of flamingos in the wetlands of Rajasthan is a positive news. But to maintain their steady population and make the yearly visit a regularity, it is essential that they are provided abundant blue-green and red algae, along with small insects and small fish for their sustenance in this season. But the shrinking water bodies pose a major threat to their basic existence. According to reports, until a few years ago, thousands of flamingos and migratory birds used to visit the lake. Even the trees in the lake acted as breeding ground for the birds.

"The number of trees has, however, declined to almost zero and the various channels of water have also dried up, giving in to the increasing population pressure," an expert said.

The census report also highlighted the sorry plight of the lake. It was found to be lacking on most of the parameters on which it was evaluated. Although, the catchment area of the lake is 245 kms, owing to the poor rainfall in the area, there are only two small water bodies. The remaining areas are all dry. The group from AWC has suggested that measures be taken by the government to restore water in the lakes for the cause of ecological conservation. Citing the fact that the quality of water is an important factor in the existence and survival of migratory birds, Mr. Roy said, "The quality of water is such that it should be conducive for cultivation of vegetation and fish breeding, required by birds."

## Illegal Salt Mining is threatening Sambhar Lake



The vast expanse of a beautiful lake, only that it is dry, encrusted with salt. The bright sunshine lends a silvery sheen to the salt flats. As one crunches their way across a *kyar* (salt pan), one sees a few birds wading in a little pool of water at Rajasthan's *Sambhar Lake*, India's largest inland salt lake and the site of a recent avian tragedy. In late 2019, the lakebed had turned into a mass graveyard for migratory birds. An estimated 25,000 birds dropped dead, Kentish Plovers, Tufted Ducks, Northern Shovelers, Pied Avocets, Little ringed Plovers, Stilts and Gadwalls, among 36 species. The Indian Veterinary Research Institute in Bareilly said that avian botulism could be the culprit. As Sambhar Lake came under the international spotlight for this mass die-off, another phenomenon drew attention to the lake, rampant illegal *salt mining* and a *shrinking wetland*. Salt pans were proliferating and illegal borewells dotted the area, causing a massive degradation of the famous lake.

## What is the Asian Waterbird Census

The *Asian Waterbird Census* is an annual event which takes place across Asia and Australia, every January. Thousands of volunteers visit wetlands in their country and count waterbirds. AWC is a part of global waterbird monitoring programme, the International Waterbird Census (IWC), which is coordinated by Wetlands International. There are national coordinators across each country, who may be approached by volunteers and bird-lovers, interested in participating in the census.

## Protection needed

The 230 sq.kms shallow, elliptical wetland straddles the districts of Jaipur, Nagaur and Ajmer. Salt production in Sambhar is nothing new. It has taken place for centuries, but in a traditionally sustainable manner, providing livelihood to the local community. The Mughals, the British, and now, *Sambhar Salts Ltd*. (a subsidiary of Hindustan Salts Ltd., a public sector company) have all controlled salt production. But today, there is a mushrooming of illegal salt mining and that is grievously threatening the wetland ecosystem.

*Nawa*, on the northern side of Sambhar Lake, is controlled by private salt manufacturers. It is notorious for the many illegal borewells that over-extract brine. The salt pans encroach upon the lake, and pipelines transport brine, with unauthorised electric cables, across several kilometres, connecting the lakebed to villages. As one travels to Nawa, we can see mounds of salt, even from a distance. Pumpsets are attached to the borewells, dug deep inside the lakebed, and a mesh of wires, covered with mud, lies on top.

## Sucked away

"Sambhar Lake's future is totally dependent on the seasonal rivers that flow into it during the monsoon. But now, this water is being sucked away before it reaches the lake, causing it to dry up," says ecologist Harsh Vardhan. Mendha, Rupangarh, Kharian, Khandel and several such streams and rivulets used to recharge the lake. But the farmers in the 7,560 sq.kms. catchment area of the lake have built surface embankments across the rivers, obstructing their downstream flow into the lake. They have sunk tubewells along the rivers and laid pipelines to transport water to their fields, choking the rivers and ultimately threatening the wetland ecosystem. The lake supports flamingos and migratory birds from as far away as Siberia, that feed on the algae and micro-organisms found in the saline waters. Members of Wildlife Creature Organization, a local NGO, recall wistfully how the entire lake would turn pink with thousands of flamingos, just a decade ago.

## Optimum use

T. K. Roy, a conservationist, counted 1,004 birds belonging to 30 species during the annual *Asian Waterbird Census*, this January. This is a dramatic decline from last year's 43,510 birds. But 2020 might have been an exceptional year due to the rains. The last few years have shown an otherwise steady decline.

"It is an issue of management. Sambhar Lake should be clearly demarcated and its uses defined, taking all stakeholders into consideration," says R.N. Mehrotra, former Principal Chief Conservator of Forests, Rajasthan, and member of an expert committee formed to give recommendations to the High Court on Sambhar. He adds that Sambhar, being on revenue land, was never scientifically managed as an ecosystem. "Sustainability will come only when there is optimum use. There is a habitat here for birds. Until the forest department is given an identified area for the habitat, they cannot make it sustainable."

To add to the wetland's woes, a tented heritage resort has come up, and a 117-year-old, 11 kms meter gauge train line was re-laid, three years ago. As I stroll along the white earth, I wonder, what is the rationale of ecotourism, if the wetland and its birds are, themselves, under threat?

**To be continued...**

rajeshsharma1049@gmail.com



Flamingos.

#PHILOSOPHY

# There Is No 'Self'

"Why are you unhappy? Because 99.9 per cent of everything you think, and of everything you do, is for yourself, and there isn't one."



The brain-powered individual, which is variously called the *self*, the *ego*, the *mind*, or '*me*,' lies at the center of Western thought. In the worldview of the West, we herald the greatest thinkers as world-changers. There is no more concise example of this than philosopher René Descartes' famous statement, "*Cogito, ergo sum*," or, "I think, therefore I am." But who is this? Let's take a closer look at the thinker, or the 'me,' we all take for granted.

## Western view
## The Self is a Pilot



This 'I' is, for most of us, the first thing that pops into our minds, when we think about who we are. The 'I' represents the idea of our individual self, the one that sits between the ears and behind the eyes and is 'piloting' the body. The 'pilot' is in charge, it doesn't change very much, and it feels to us like the thing that brings our thoughts and feelings to life. It observes, makes decisions, and carries out actions, just like the pilot of an airplane.


This I/ ego is what we think of as our true selves, and this individual self is the experiencer and the controller of things like thoughts, feelings, and actions. The pilot self feels like it is running the show. It is stable and continuous. It is also in control of our physical body, for example, this self understands that it is 'my body.' But unlike our physical body, it does not perceive itself as changing, ending (except, perhaps, for atheists, in bodily death), or being influenced by anything other than itself.

## Eastern view: The Self is an Illusion

Now let's turn to the East. Buddhism, Taoism, the *Advaita Vedanta* school of Hinduism, and other schools of Eastern thought have quite a different take on the self, the ego, or 'me.' They say that this idea of 'me' is a fiction, although, a very convincing one. Buddhism has a word for this concept, '*anatta*,' which is often translated as 'no self,' which is one of the most fundamental tenets of Buddhism, if not the most important. This idea sounds radical, even nonsensical, to those who are trained in Western traditions. It seems to contradict our everyday experience, indeed our whole sense of 'being.' But in Buddhism and other schools of Eastern thought, the concept of the self is seen as the result of the thinking mind. The thinking mind reinvents the self from moment to moment such that it, in no way, resembles the *stable coherent self* that most believe it to be.

Put another way, it is the process of thinking that creates the self, rather than there being a self, having any independent existence separate from thought. The self is more like a verb than a noun. To take it a step further, the implication is that without thought, the self does not, in fact, exist. In the same way that walking only exists while one is walking, the self only exists while there are thoughts about it. Neuropsychologists say that science is just now catching up with what Buddhist, Taoist, and Advaita Vedanta Hinduism have been teaching for over 2,500 years.


## There is no 'Self-Centre' in the brain



The great success story of neuroscience has been in mapping the brain. We can point to the language centre, the face processing centre, and the centre for understanding the emotions of others. Practically, every function of the mind has been mapped to the brain with one important exception, the self. Perhaps, this is because these other functions are stable and consistent, whereas the story of the self is hopelessly inventive with far less stability than is assumed.

While various neuroscientists have made the claim that the self resides in this or that neural location, there is no real agreement among the scientific community about where to find it, not even whether it might be in the left or the right side of the brain. Perhaps, the reason we can't find the self in the brain is because it isn't there.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ब्याज माफियाओं के आतंक से परेशान एक परिवार ने इच्छा मृत्यु की मांग की

## शिकायत में बताया कि पिछले आठ वर्ष में करीब 7 करोड़ से अधिक ब्याज चुकाने के बाद भी सूदखोरों का हिसाब 10 करोड़ से अधिक निकल रहा है

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर में ब्याज माफियाओं का आतंक इस कदर बढ़ चुका है कि इनके जाल में फंसे एक चार्टेड अकाउंटेंट को परिवार के साथ जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत के सामने पेश होकर इच्छा मृत्यु की मांग करना पड़ी।

परिवादी के अधिवक्ता अंकित बांगड़ ने बताया कि पेशे से चार्टेड अकाउंटेंट राहुल दरगड़ ने माहेश्वरी समाज के लोगो से पैसे उधार लिए। इन लोगों ने 6 रूपये से लेकर 15 रूपये सैकड़ा प्रतिमाह तक ब्याज वसूला और पिछले करीब 7 वर्ष से उसे धमका कर गैर क़ानूनी वसूली करते रहे। दरगड़ ने शिकायत में बताया कि ऑफिस चालू करते समय वर्ष 2016 में निजी आवश्यकताओं के चलते उसने कुछ लोगों से करीब 20-25 लाख रूपये 1 से 1.5 रुपये प्रति सैकड़ा की दर से उधार लिए। कुछ माह तक ऑफिस सेट नहीं हो पाया जिसके चलते आर्थिक स्थिति बिगड़ गयी, जिसकी जानकारी ब्याज माफियाओं को हो गयी और यही से उन सभी के द्वारा सूदखोरी का खेल शुरू हुआ। माफिया दबाव बनाने लगे कि अब ब्याज की दर 7 रूपये से 12 रुपया प्रति सैकड़ा प्रति माह लगेगी। उस समय से वे, उन सभी के जाल में फंस कर उनकी नाजायज और गैर क़ानूनी ब्याज की मांग पूरी करता गया।




चार्टेड अकाउंटेंट परिवार के साथ जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा।

■ चार्टेड अकाउंटेंट परिवार के साथ जिला पुलिस अधीक्षक के सामने पेश हुआ

दरगड़ ने शिकायत में बताया कि पिछले आठ वर्ष में करीब 7 करोड़ से अधिक ब्याज चुकाने के बाद भी इन सूदखोरों का हिसाब 10 करोड़ से अधिक निकल रहा है जबकि इस दौरान जीवन भर की कमाई और करीब 2 करोड़ का लोन भी इन सूदखोरों द्वारा हड़प लिया गया। साथ ही उसकी पत्नी के करीब 50 तोला जेवरात और मां के 30 तोला जेवरात भी इन सूदखोरों के आतंक के चलते बेचने पड़े। करीब 15 दिन पूर्व एक सूदखोर द्वारा भेजे गए गुंडों ने परिवादी के घर में घुस कर मारपीट की और धमकाया कि एक माह में अगर 10 का ब्याज और 10 रूपये सेकड़ा की पेनल्टी नहीं दी तो तुझे ख़त्म कर देंगे। चार्टेड एकाउंटेंट ने शिकायत में यह भी बताया कि उस दिन से वह, पूरी तरह टूट गया और दो बार आत्महत्या का प्रयास किया लेकिन पत्नी और बच्चो का मासूम चेहरा देख कर रुक गया। फिर घर से भाग जाने की सोची तो भी हिम्मत नहीं जुटा पाया।

दरगड़ ने पुलिस अधीक्षक से सूदखोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी क़ानूनी कार्यवाही कर सजा दिलाने या उसे पत्नी सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की। शिकायत में दरगड्ड. ने नीरज हेडा, महेश भदादा, हरीश पोरवाल, कैलाश चौधरी, महेश डाड, शांतिलाल डाड, शिवम काकानी, सुरेश दरक, पुष्पा अजमेरा, कौशल पोरवाल, दिनेश आगाल, गोविंद भंडारी, शंभु झंवर, सुधीर सोनी, हर्षवर्धन राठौड़ व अन्य करीब 17 से ज्यादा ब्याज माफियाओं के खिलाफ शिकायत दी है।

# न्यायिक अधिकारी पर चप्पल फैंकने के आरोपी ने माफी मांगी

## आरोपी को कोर्ट में पेश करने पर भीड़ की मांग पर आरोपी ने माफी मांगी



पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपी को कोर्ट से निकाल कर जेल भिजवाया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा सेशन कोर्ट परिसर में शुक्रवार को एक बार फिर हंगामे का माहौल बन गया। न्यायिक अधिकारी पर चप्पल फैंककर न्यायिक कार्रवाई बाधित करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट के तहत जेल से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश करने पर वहां भीड़ जुट गई और हंगामा भी हुआ। भीड़ की मांग पर आरोपी ने माफी मांगी। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच उसे कोर्ट से निकाल कर जेल ले जाया गया।

कोतवाली राजपाल सिंह के अनुसार, कावांखेड़ा निवासी इस्माइल उर्फ पोंडिया उर्फ बाबू पुत्र छोटू खां चोरी के केस में जेल में बंद था। 27 मई को इस्माइल को एक प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा से न्यायालय में पेश किया गया था। न्यायालय में पीठासीन अधिकारी अन्य न्यायिक पत्रावलियों में कार्यवाही कर रहे थे, तभी इस्माइल ने अपनी पहनी हुई चप्पल पीठासीन अधिकारी पर फैंकी, जिससे न्यायिक कार्रवाई बाधित हुई। इस घटना को लेकर रीडर बबीता जैन ने कोतवाली में केस दर्ज करवाया था।

अनुसंधान अधिकारी रसीद मोहम्मद ने प्रकरण की जांच के बाद इस आरोपित को प्रोडक्शन वारंट के तहत जेल से गिरफ्तार किया। उसे आज कोर्ट में पेश किया। इसकी भनक लगते ही कोर्ट के बाहर भीड़ जुट गई। न्यायिक अधिकारी पर चप्पल फैंकने को लेकर भीड़ में रोष था। न्यायालय के बाहर भीड़ जुटने के बाद वहां हंगामा खड़ा हो गया। उधर, आरोपित इस्माइल के साथ मारपीट की आशंका के चलते अतिरिक्त पुलिस बल बुलवा लिया गया। एएसपी विमल सिंह नेहरा, डीएसपी सदर श्यामसुंदर विश्नोई, डीएसपी सिटी, कोतवाली व सुभाषनगर थाने का पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने भीड़ से समझाइश की। ऐसे में लोगों ने आरोपित माफी मंगवाने की जिद पर अड़ गये। इसके बाद आरोपित के भीड़ के सामने माफी मांगने के बाद मामला शांत हो पाया।

## दुष्कर्मी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महिला को डेढ़ साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की और बाद में झांसा देकर कोल्ड ड्रिंक और पिज्जा में नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया था। पुलिस गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर अग्रिम अनुसंधान में जुटी है। सिविल लाइन थाने के सब इंस्पेक्टर रामनिवास मीणा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर 19 मई को मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में मुकदमा दर्ज का टीम का गठन किया गया और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रताप कुमार उर्फ विक्की (30) पुत्र शंकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मजदूरी करने के दौरान पीड़िता से दोस्ती की थी। बाद में उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

## कोटा से लापता नीट का छात्र गोवा में मिला

**कोटा, (निसं)।** गंगापुरसिटी से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने आया एक छात्र 6 मई को लापता हो गया था। पुलिस ने उसको बड़ी मशक्कत कर गोवा के मडगांव से ढूंढ निकाला है। छात्र करीब 24 दिन बाद पुलिस को मिला है। पुलिस कोचिंग छात्र की तलाश में कई राज्यों में भी गई थी।

विज्ञान नगर थाना अधिकारी सतीश चंद्र चौधरी ने बताया कि लापता होने के दौरान सबसे पहले वह पुणे गया था। इसके बाद वह जम्मू में वैष्णो देवी चला गया और बाद में वह गोवा पहुंचा। उसके लापता होने के यह कारण सामने आया है कि उसका नीट यूजी का पेपर बिगड़ गया था। सीआई सतीश चंद्र चौधरी ने बताया कि नीट यूजी की तैयारी करने के लिए गंगापुर जिले के बामनवास से कोटा आए 19 वर्षीय राजेंद्र मीणा के पिता जगदीश मीणा ने थाने पर उपस्थित होकर बताया था कि राजेंद्र ने उन्हें मोबाइल पर एक मैसेज किया। जिसमें लिखा था कि 'मैं घर छोड़कर जा रहा हूं, आगे की पढ़ाई नहीं करनी, अब 5 साल बाद ही घर आऊंगा। मेरे पास सब लोगों के नंबर है, मुझे जरूरत होगी तो मैं कॉल कर लूंगा। साल में एक बार फोन जरूर करूंगा।' इसके बाद पूरा परिवार चिंता में था। इसके बाद पुलिस ने उसे गोवा में ढूंढ निकाला। सीआई चौधरी ने बताया कि राजेंद्र ने कोटा में ही अपनी सिम तोड़ दी थी और मोबाइल भी बेच दिया था।

## युवक की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** सिद्धमुख थाना अंतर्गत गांव टुंडा खेडी निवासी एक मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार को मिली जनकारी में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि कुलदीप धाणक निवासी टुंडा खेडी तहसील सिद्धमुख पुलिस थाना सिद्धमुख ने मामला दर्ज करवा कर बताया कि उसका बडा भाई बलवान धाणक उम्र 35 साल जो कई दिनों से मानसिक रूप से बीमारी से परेशान था तथा मंद बुद्धि भी था। उसका ससुराल हिसार सादुलपुर रेलखंड पर स्थित गांव लुटाना पूर्ण है। जो 30 मई 2024 को अपनी ससुराल की ओर आया हुआ था। तथा अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसके कारण उसके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

# आम रास्ते में लगी भीषण आग, पेड़-पौधे जले

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी उपखंड के नानूवाली बावड़ी के पास आम रास्ते में शुक्रवार दोपहर को आग लग गई। इस दौरान हवा तेज होने से आग तेजी से फैलने लगी। खेतड़ी से आई दमकल की मदद से करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

खेतड़ी नगरपालिका के दमकल कर्मी फायरमैन अनिल कुमार ने बताया कि फोन के जरिए सूचना मिली कि नानू वाली बावड़ी के पास बने धन धन सतगुरु आश्रम की ओर जाने वाले मुख्य रास्ते पर आग लगी हुई है। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो रास्ते के दोनों और पेड़-पौधों में आग लगी हुई थी। इससे पहले ग्रामीणों ने आम रास्ते में लगी आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन हवा तेज होने से आग



आग लगने से काफी संख्या में पेड़ पौधे जलकर राख हो गए।

आगे की ओर फैल रही थी। इस दौरान मौके पर पहुंची नगरपालिका की दमकल की मदद से ग्रामीणों ने करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि यह आमजन के लिए गांव से आश्रम में जाने का मुख्य रास्ता है।

■ डेढ़ घंटे की मशक्कत से दमकल की मदद से बुझाई आग

राहगीरों ने आग लगने की जानकारी ग्रामीणों को दी, लेकिन ग्रामीण आग बुझाने में सफल नहीं हो सके। आम रास्ते के दोनों ओर आग लगने से काफी संख्या में पेड़ पौधे जलकर राख हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग हवा के कारण विक्राल रूप धारण कर लेती, जिससे बड़ा हादसा भी हो सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया। इस मौके पर फायरमैन अनिल कुमार, अमीलाल, मुकेश कुमार, राजवीर, कैलाश, विकास, कृष्ण सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# वन्यजीव की तस्करी व बेचान मामले में एक गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** अवैध रूप से वन्यजीव की तस्करी व बेचान के मामले में वाईल्डलाईफ क्राइम कंट्रोल बोर्ड दिल्ली की सूचना पर वन विभाग ने कार्रवाई की है। कोटा टेरिटोरियल वन विभाग की टीम व वन्य जीव विभाग की टीम ने एक युवक को अवैध रूप से स्टार कछुए और गागरोनी तोते को अपने पास रखने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

■ स्टार कछुए और गागरोनी तोते को रखने व बेचने के आरोप में गिरफ्तार

युवक सोशल मीडिया के जरिए ग्राहकों को इन वन्यजीव का अवैध रूप से बेचान करता था। सौदा होने के बाद जब पैसा मिल जाता था तब वह इन्हें बस के जरिए ट्रांसपोर्ट कर खरीदने वाले व्यक्ति तक पहुंचाता था। ऐसे में अब बस ऑपरेटर के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। वन विभाग कोटा के उपवन संरक्षक अपूर्व कृष्ण श्रीवास्तव का कहना है कि यह कार्रवाई स्टेशन इलाके के डडवाड़ा में चित्तौड़ा फार्म कॉलोनी में की गई है। इसके संबंध में एक्टिविस्ट ने वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल बोर्ड दिल्ली को शिकायत दी थी। जिसके बाद ही उपवन संरक्षक वन्यजीव अनुराग भटनागर और ट्रेनिंग आईएफएस विवेक पांडे के साथ वन्यजीव और वन विभाग टेरिटोरियल की टीम पहुंची थी। जहां पर शुभम गौतम को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12 स्टार कछुए और चार गागरोनी तोते बरामद किए गए हैं। शुभम के मोबाइल में कछुओं और अन्य वन्यजीव बेचने के सबूत मिले हैं। रेंजर संजय ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी शुभम गौतम को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## झुंझुनूं किडनी कांड में हो रहे नये खुलासे

**झुंझुनूं, (निसं)।** डॉ. संजय धनखड़ के किडनी कांड में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं। अब जिस किडनी को डॉ. संजय धनखड़ ने अपने धनखड़ अस्पताल में आपरेशन कर निकाला था, वो ही नहीं मिल रही है। इस मामले में डॉ. धनखड़ का कहना है कि उन्होंने किडनी परिजनों को दे दी, जबकि परिजनों का कहना है कि उन्हें किडनी दिखाई थी, लेकिन दी नहीं गई। अब सभी के मन में सवाल यही है कि आखिरकार निकाली गई सही किडनी गई कहां। इसे लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं, जबकि ऑर्गन एक्ट के तहत ऑर्गन को 10 साल और बायोप्सी स्लाइड 12 माह तक सुरक्षित रखने का नियम है, लेकिन अस्पताल ने इस नियमों की पालना लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना ढंग से नहीं की। या फिर किडनी को लेकर कोई और ही कहानी रची जा रही है। इधर, ऑर्गन एक्ट के बारे में डॉ. धनखड़ ने किसी प्रकार की जानकारी होने से मना किया है। जानकारी के अनुसार डॉ. संजय धनखड़ पर नूआं निवासी ईद बानो का आपरेशन कर गलत किडनी निकालने के आरोप लगे हुए हैं। जिसकी जांच विभिन्न स्तरों पर चल रही है। वहीं ईद बानो को इलाज के लिए एसएमएस जयपुर में किया जा रहा है।

## रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई

**खेतड़ी, (निसं)।** सिंघाना थाना क्षेत्र के डूमोली खुर्द में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस दौरान तीन जने घायल हो गए, जिनमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर झुंझुनूं रैफर किया गया है।

पीड़ित धर्मपाल गुर्जर ने थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि उसके मकान के सामने रोहिताश व उसकी पत्नी ने पत्थर डाल दिए। जब उनको घर के सामने रास्ते में पत्थर डालने के लिए मना किया तो उन्होंने रास्ता बंद करने की धमकी दी गई। इसके बाद वह अपने घर चला गया तथा रात करीब दस बजे रोहिताश, किशनलाल, अनिल, कपिल, सचिन, नरेश, मुनेष, छोटी देवी व 15-20 अन्य लोग एकराय होकर उनके घर पर आए तथा मकान का मुख्य दरवाजा तोड़ते हुए उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगे।

इस दौरान जब उसने उक्त लोगों से समझाइश करने का प्रयास किया तो उन्होंने उसके घर पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। शोर-शराबा होने पर उसका भाई हनुमान सिंह, पिंकी, शांति, सुरेंद्र व अन्य लोग बीच बचाव करने आए तो आरोपियों ने उन पर पत्थरों से हमला कर दिया।

इस दौरान आपस में हुई मारपीट में हनुमान सिंह, पिंकी, सुरेंद्र घायल हो गए, जिनको सिंघाना के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया। इस दौरान हनुमान सिंह के मुंह पर चोटें अधिक होने के कारण उसे झुंझुनू रैफर कर दिया। घटना की सूचना पर सिंघाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। थानाधिकारी कैलाश चंद यादव ने बताया कि पीड़ित की ओर से दी गई रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच एएसआई सुबेसिंह यादव कर रहे हैं।

# छप्पर में आग लगने से कई मवेशी जिंदा जले



आग की लपटों को देख ग्रामीण इकट्ठा हो गए।

**मनियां, (निसं)।** धौलपुर जिले के मनियां क्षेत्र के गांव उदई का पुरा में एक छप्परपोश मकान में भयानक आग लग गई। आग से गांव के प्रताप, दिनेश एवं अन्य लोगों का हजारों रुपए सहित पशुधन और अनाज का नुकसान हुआ है। साथ ही 11 भेड़-बकरियां, एक बछड़ा और एक भैंस की आग में झुलसने से मौत हो गई। आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

■ 11 भेड़-बकरियां, एक बछड़ा और एक भैंस की आग में झुलसने से मौत

स्थानीय निवासी रिंकू कुशवाह ने बताया कि छप्परपोश मकान में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई थी। आग की लपटों को देख ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। वहीं आनन-फानन में दमकल गाड़ी को भी सूचना दी, जिसके मौके पर पहुंचने में देर हो गई।


फिर ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया और छप्परपोश में बंधे पशुओं की जलकर मौत हो गई। आग इतनी भयानक थी कि गांव में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने से पीड़ितों का हजारों रुपए के माल का नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार जैसे तैसे करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। अब पीड़ित परिवार पूरी तरह से आहत हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ितों की मदद के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है।

# तेज गर्मी से बाइक पर रखा एसी की गैस का सिलेंडर फटा, दो की मौत

## मैकेनिक और हेल्पर को दोरादास गांव में घर पर फ्रीज ठीक करने बुलाया था



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।





मृतक युवक।

**झुंझुनूं, (निसं)।** सदर थाना इलाके के दोरादास गांव में एसी में डाले जाने वाली गैस का सिलेंडर फटने से एक मैकेनिक और उसके हेल्पर की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक झुंझुनूं शहर के किसान कॉलोनी निवासी नरेश रोहिल्ला एसी और फ्रीज रिपेयर का काम करते थे। शुक्रवार को उन्हें दोरादास गांव में धनपत शर्मा के घर पर फ्रीज ठीक करने के लिए बुलाया गया था। वे अपने साथी चूरू बाईपास केके कॉलोनी निवासी अखिलेश उर्फ रवि नायक के साथ दोरादास गांव पहुंचे। जहां पर उन्होंने धनपत शर्मा के घर पर फ्रीज ठीक किया और वापिस लौटने लगे। उनके साथ बाइक पर एसी में डाले जाने वाली गैस का सिलेंडर बैग में रखा हुआ था। जैसे ही नरेश रोहिल्ला ने बाइक स्टार्ट की और चलने लगे। इतने में ही पीछे बैठे अखिलेश उर्फ रवि के आगे बैग में रखा सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिससे अखिलेश उर्फ रवि और सिलेंडर दूर जाकर गिरे।

वहीं नरेश रोहिल्ला भी बाइक से गिर गए। अखिलेश उर्फ रवि की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नरेश रोहिल्ला घायल हो गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर पास पड़ौस के लोग बाहर आए, जिन्होंने एंबुलेंस को फोन किया। एंबुलेंस ने दोनों को राजकीय बीडीके अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव सौंप दिए। इधर, घटना की सूचना मिलने पर जिला मुख्यालय के एसी, फ्रीज आदि कारोबार और मरम्मत से जुड़े लोग बड़ी संख्या में बीडीके अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है इस गैस सिलेंडर में एसी में डाले जाने वाली आर 32 गैस थी। सिलेंडर फटने के कारणों की संभावना तेज गर्मी के साथ जोड़कर देखी जा रही है।

## संक्षिप्त

### आबादी से अतिक्रमण हटवाया

**मनोहरपुर** ,(निसं)। शाहपुरा तहसील की ग्राम पंचायत जगतपुरा में आबादी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए एडीएम कोर्ट ने पंचायत प्रशासन को आदेश जारी किए थे जिसके तहत पंचायत की आबादी भूमि से अतिक्रमण हटाने पर जनता में खुशी की लहर दौड गई है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत जगतपुरा में काफी समय से अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर मोहल्ले में जाने वाले रास्ते को भी अवरुद्ध कर रखा था। वहीं उप स्वास्थ्य केंद्र पर जाने वाले रास्ते को भी अतिक्रमणकारियों के द्वारा रास्ते को बंद कर रखा है।
अतिक्रमणकारियों ने आबादी भूमि पर लगे सरकारी हैंडपंप को भी कुछ समय पहले उखाड कर खुर्द बुर्द कर दिया था। इस अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों ने बार-बार उच्च अधिकारियों को की लेकिन ग्रामीणों की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे अतिक्रमण करने वाले के हौसले बुलंद होते गए। लोगों ने पंचायत के जिम्मेदारों को भी कई बार समस्या से अवगत कराया लेकिन पंचायत प्रशासन ने भी अतिक्रमणकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की। जब अतिक्रमण की शिकायत पर विकास अधिकारी व एसडीएम ने भी कार्रवाई नहीं की तो मामला एडीएम कोर्ट तक पहुंच गया। एडीएम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए ग्राम पंचायत प्रशासन को तुरंत प्रभाव से पंचायत की आबादी भूमि से अतिक्रमण हटाकर मौके की वीडियोग्राफी व फोटो पेश करने के आदेश जारी किए जिसके तहत अतिक्रमण को हटा दिया है।इसके लिए जनता ने विजय प्रताप सोनी व पत्रकारों का आभार प्रकट किया है।


### रक्षिता को 97.33 प्रतिशत अंक मिले

**निवाई,** (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर के द्वारा दसवीं बोर्ड के जारी परीक्षा परिणाम में सीनियर सेकेंडरी इम्मानुएल स्कूल के सभी छात्र-छात्राएं अच्छे अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य मिनी ए जॉर्ज ने बताया कि इम्मानुएल स्कूल की छात्रा रक्षिता बोहरा पुत्री विशम्भर ने उपखंड क्षेत्र में सर्वाधिक 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी प्रकार पलक खण्डेलवाल पुत्री कमलेश खण्डेलवाल ने 97 प्रतिशत, आंकाक्षा गुप्ता पुत्री नरेंद्र गुप्ता ने 96.83 प्रतिशत अर्जित किए हैं। इसी प्रकार अविशी जैन ने 94.67, रुबल जैन ने 94.50, विदिता मोयल ने 94.33, नितिशा सैनी ने 94.17, समर्थ शर्मा 94, अक्षत जैन 93.67, मुदित जैन 93.67, रेखा मीणा 93.67, हर्षित सिंह हाडा 93.33, मोहित मीणा 92.83, साक्षी पारीक 92.83, अंकित हल्दिया 92.5, रिद्धम अग्रवाल 92.17, दिशना परिडवाल 92, भव्य जैन 91.83, दक्ष साहू 91.50, कोविंद तिवारी 91.50, प्रिती मीणा 91.33, वैभव पंचोली 90.83 और पलक सैनी ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय परिवार की ओर प्रबंधक अगस्ट्रीन जॉर्ज ने सभी प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया है। इसी प्रकार एमडीएस स्कूल निवाई के बृजसुंदर शर्मा ने बताया कि दसवीं का परीक्षा परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। स्कूल के छात्र परमेश्वर मीणा ने 92.33 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। शैलेंद्र मीणा ने 92.17 प्रतिशत और हेमराज सैनी ने 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पीहर पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाया

**देवली** (निसं)। उपखंड के दूनी थाना क्षेत्र के राजमहल गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया। शुक्रवार सुबह राजमहल गांव के लोधा मोहल्ले में एक विवाहिता की फांसी लगाने की सूचना पर पूरे गांव में हडकंप मच गया।

ग्रामीणों की सूचना पर दूनी थाना प्रभारी सरवर खा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। इसके बाद सूचना पर देवली उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा, पुलिस उपअधीक्षक रामसिंह जाट और टोंक से एफएसएल टीम और एमआईयू टीम मौके पर पहुंची और घटना के साक्ष्य जुटाए। ग्रामीणों के अनुसार स्वामी का बास चाकसू निवासी ममता लोधा की शादी राजमहल गांव के नंद किशोर लोध के साथ सालभर पहले ही नाता प्रथा के तहत हुई थी। वहीं ममता चार महीने की गर्भवती भी थी। मौके पर पहुंची दूनी थाना पुलिस ने महिला के शव को दूनी के अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया दिया है। मृतक विवाहिता के चाकसू से परिजनो के आने के बाद परिजनो की रिपोर्ट के आधार पर दूनी अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से मृतका का पोस्टमार्टम करवाया गया है।


देवली पुलिस ने मौकास्थल पहुंच मामले की जांच की।

देवली पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह जाट के अनुसार शुक्रवार सुबह राजमहल गांव में लोधा मोहल्ला निवासी ममता पत्नी नंद किशोर लोधा के फांसी लगाने की सूचना मिली। जब मौके पर पहुंच कर देखा तो महिला के दोनों हाथों की नशें कटी हुई थी और महिला ने अपनी साडी से फंदा लगा रखा था। वहीं कमरे में भी खून बिखरा हुआ था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके टोंक से एफएसएल टीम आदि मौके पर आई और साक्ष्य जुटाए।

इस मामले को लेकर परिजनो ने दहेज हत्या का मामला पुलिस थाने में दर्ज कराया राजमहल गांव निवासी विवाहिता ममता की मौत की सूचना पर चाकसू से महिला के परिजन दूनी अस्पताल पहुंचे और पुलिस से मामले की जानकारी ली । मृतक विवाहिता ममता के पिता किशन लाल ने दूनी पुलिस थाने दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है । इस पर दूनी थाना पुलिस ने मृतक ममता के पति नंद किशोर लोधा को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दूनी थाना प्रभारी सरवर ख़ा ने

- **मृतका की साल भर पूर्व शादी हुई थी और चार माह की गर्भवती थी**

बताया कि स्वामी का बास थाना चाकसू निवासी मृतका के पिता किशन लाल पुत्र रघुनाथ लोधा ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि उसकी पुत्री ममता की शादी नाता प्रथा से राजमहल निवासी नंदकिशोर जाति लोधा पुत्र कैलाश लोधा के साथ नवम्बर 2023 में की गई थी, जो गर्भवती भी थी। आरोप है कि विवाह के कुछ दिनों बाद ही ममता के पति नंदकिशोर, ससुर कैलाश चंद व सास संतोष देवी दहेज की मांग करने लगे थे। मांग पूरी नही करने पर उसे प्रताड़ित करते थे। जिन्होंने उसकी पुत्री की गुरूवार रात को मारपीट कर हत्या कर दी। वही घटना को छुपाने के लिए शव फंदे से झूला कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया है। मृतका के पिता ने रिपोर्ट में बताया कि जब वो घटनास्थल पर पहुंचे तो उसकी पुत्री का शव कमरे के बाहर टीनशैड के छप्पर में साड़ी के फंदे पर लटका हुआ था। जिसके दोनों पैरों के घुटने जमीन पर टिके हुए थे।

### रोड लाइट के काटे कनेक्शन

**फुलेरा**, (निसं)। कस्बे में गुरुवार की शाम अचानक विद्युत विभाग द्वारा रोड़ लाईटों का कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया। इसके संदर्भ में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के मण्डल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल व नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक नगर पालिका पहुंच कर अधिशाषी अधिकारी तेजराममीणा से रोड़ लाईट बंद होने के संदर्भ में जानकारी जुटाई। साथ ही तुरन्त अधिशाषी अभियन्ता सांभरलेक सारांशचौधरी को फुलेरा क्षेत्र की रोड़ लाईट के संबंध में व अघोषित बिजली कटौती हेतु वार्तालाप के लिएफुलेरा नगर पालिका कार्यालय पर वार्तालाप हेतु बुलाया गया। इसके चलते वार्तालाप के दौरान अधिशासी अभियन्ता सारांश चौधरी एवं नगर पालिका फुलेरा अधिशासी अधिकारी तेजराम मीणाके साथ बैठकर क्षेत्र में बिजली की विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने व रोड़ लाइट कनेक्शन को पुन चालु करने को लेकर वार्ता की। जिसमे जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि आगे से शहर में अघोषित बिजली की कटौती नही की जायेगी।

# शिव महापुराण कथा एवं रुद्राक्ष महोत्सव का शुभारंभ

**किशनगढ़बास,** (निसं)। खैरथल रोड गजानंद गार्डन में श्याम सखा मंडल के सहयोग से प्रथम बार कराई जा रही श्री शिव महापुराण कथा एवं भव्य रुद्राक्ष महोत्सव के प्रथम दिन केंद्रीय मंत्री व अलवर लोकसभा से चुनाव लडे भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित भाजपा नेताओं के साथ कथा में शामिल हुए और व्यास गद्दी व कथा वाचक मनु महाराज को नमन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व पूर्व विधायक रामहेत यादव का व्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक मन्नू महाराज व आयोजक समिति के सदस्यों ने पगड़ी दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के स्वागत के लिए कथा स्थल पर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और कुशलक्षेम पूछी।


व्यास गद्दी पर विराजमान कथावाचक मन्नू महाराज व आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, पूर्व विधायक रामहेत यादव को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया।

कथा के उपरांत केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व पूर्व विधायक रामहेत यादव बाईपास स्थित भाजपा कार्यकर्ता दीपचंद यादव के कार्यालय पर पहुंचे जहां दीपचंद यादव सहित कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं से मुलाकात व जलपान कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। कथा

- **पूर्व संध्या पर महिलाओं ने निकाली 1111 बिल्व पत्र यात्रा**

आयोजन समिति बबलू अग्रवाल, पवन मिश्रा ने बताया श्री शिव महापुराण कथा एवं भव्य रुद्राक्ष महोत्सव के प्रारंभ होने से पहले पूर्व संध्या पर किशनगढ़बास के मुख्य मार्गो से 1111 महिलाओं ने एकत्रित होकर बिल्व पत्र यात्रा निकाली। इस बीच लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा से किया गया। शीतल व मीठे पानी की जगह-जगह प्याऊ लगाई गई। शुक्रवार को दोपहर 3 बजे शुरू हुई शिव महापुराण कथा एवं रुद्राक्ष महोत्सव के प्रथम दिन राष्ट्रीय कथा वाचन मन्नू महाराज ने शिवलिंग पूजन का महत्व व रुद्राक्ष धारण की महिमा का वर्णन किया।

# प्राचार्य डॉ. ज्ञानप्रकाश दायमा को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा का सेवा काल पूर्ण होने पर पुरानी धान मंडी स्थित महाविद्यालय परिसर में विदाई समारोह मनाया गया। दायमा की 33 साल की सेवा अवधि के दौरान उनके द्वारा शिक्षा के जगत में विशिष्ट योगदान के लिए जमकर तारीफ की गई। राजकीय शाकांभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लंबे समय तक प्राचार्य के पद पर सेवा देने वाले डॉ. दायमा से वहां के स्टाफ और छात्र छात्राओं इतना अधिक अटैचमेंट था कि वह भी विदाई समारोह में आने से अपने आप को नहीं रोक सके। महाविद्यालय कि छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि दायमा सर के कार्यकाल के दौरान हमें जो मार्गदर्शन व ज्ञान प्राप्त हुआ है वह हमारे लिए एक सौभाग्य की बात है। सामाजिक क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखने के करण उनके विदाई समारोह में खटीक


प्राचार्य डॉ. ज्ञान प्रकाश दायमा का विदाई समारोह मनाया गया।

समाज के लोगों के अलावा अनेक विशिष्ट जनों ने शिरकत की। स्टाफ की भी विदाई समारोह के दौरान विचार व्यक्त करते हुए उनकी आंखें नम हो गई। इस अवसर पर उन्हें अनेक ने स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया। साफा पहनाकर फूल मालाओं से उन्हें लाद दिया। श्री गोपाल गौशाला के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सुनील शर्मा की तरफ से भी साफा पहनकर उनका आदर किया गया। इस मौके पर कायस्थ समाज के सदस्य शैलेश माथुर ने कहा कि ज्ञान प्रकाश जी का आध्यात्मिक ज्ञान से अनेक युवाओं को एक नया रास्ता समाधान के लिए मिला है।

# पशुओं में लम्पी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण किया

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे की सांभर रोड स्थित राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय फुलेरा की टीम द्वारा नोडल प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र के श्रीरामनगर में संचालित श्रीहरसिद्धी गौशाला में गौवंशों के रख रखाव, चारा-पानी एवं छाया की उचित सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया साथ ही गौशाला में मौजूद सभी गायों का लम्पी रोग का टीकाकरण भी किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा ने बताया कि संयुक्त निदेशक डॉ. लक्ष्मण मीणा एवं उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ. पदमचन्द कन्खेडिया के आदेशानुसार गौशालाओं मे गायों को लम्पी रोग से बचाव को लेकर टीकाकरण किया गया। वही गौशाला में हीट वेव से गायों के बचाव के लिए गौशाला प्रबंधन को जागरूक भी किया गया। पशु चिकित्सालय की

- **हीटवेव से बचाव के लिए गौपालकों को जागरूक किया**

टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा, पशुधन निरीक्षक रामनिवास भटेश्वर, पशु परिचर विष्णु जाजोटर ने टीकाकरण कार्य किया। इसमें डॉ. अशोक कुमार उपनिदेशक ब्लॉक वेटेनरी हेल्थ ऑफिसर सांभरलेक का निर्देशन रहा। लम्पी जैसे संक्रामक बीमारी से विगत वर्ष सैकड़ों गौवंश की मृत्यु हुई थी। इस वैक्सीन के साथ- साथ मादा गौवशों में ब्रुसेलोसिस जैसे संक्रामक रोग के टीकाकरण के लिए 4 से 8 माह की बछडियों का रजिस्ट्रेशन कर टीकाकरण कार्य भी किया गया। इसके बाद राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में पक्षियों के लिए परिण्डे लागाये गये।

## सार-समाचार

### छात्राओं का घर-घर जाकर सम्मान



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मऊ की कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहने पर प्रधानाचार्या ममता अग्रवाल ने सभी छात्राओं, अभिभावकों व स्टाफ सदस्यों को बधाई प्रेषित दी है। स्टाफ के साथ टॉपर छात्राओं भावना कंवर 93, निधि कुमावत 87.67 प्रतिशत, खुशी बुराडिया व विशाखा कुमावत 83.50 प्रतिशत के घर पहुंच कर छात्राओं को साफा, माला पहनकर व मुंह मीठा करके सम्मान किया। साथ ही अभिभावकों का भी माला पहना कर सम्मान किया साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ की।इस अवर पर प्रधानाचार्या श्रीमती ममता अठावाल, शंकर लाल यादव, हेमराज वर्मा, कमलेश कुमार रांगेरा, रामलाल कुमावत व्याख्याता, सभाष चन्द मीणा, सोहन लाल व. अ. श्रीमती कंचन कंवर कनिष्ठ सहायक मौजूद रहे। सम्मान पाकर छात्राएँ खुशी से झूम उठी।

### छात्रवृत्ति योजना के फार्म आज से

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा क्षेत्र में राठी फाउण्डेशन के तत्वावधान में पिछले कई वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने आगे पढ़ ाई जारी रखने के लिए आर्थिक रूप से पिछडे एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय समय पर छात्रवृत्ति के रूप में सहायता की जा रही है। उपरोक्त जानकारी देते हुए ट्रस्टी कैलाश बैनाडा ने बताया कि क्षेत्र के होनहार विद्यार्थी उच्च अध्ययनार्थ एवं आईटीआई कोर्स में लाभान्वित लाभार्थी एवं इस वर्ष के ऐसे विधार्थी जो आर्थिक रूप से कमजोर है और 10 वीं व 12 वीं कक्षा में अच्छे अंकों से पास हुए हो तथा जिनका चयन उच्च अध्ययन / आई टी आई में हुआ हो। वह विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन फुलेरा के राजबाजार स्थित फूलचन्द धर्मचन्द जैन की दुकान से 1 जून से प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में आगे बताया कि फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तारीख 10 जून 2024 है।

### 151वां पाठ का होगा भव्य आयोजन

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। मंडल के द्वारा 125वां पाठ महामंडलेश्वर धुव दास जी के आदेश से हरिद्वार में किया गया था। संयोजक रतन सिंह सरदार ने बताया की 1 जून को हिंदू समाज हनुमान भक्त मंडल द्वारा सामूहिक 151वा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन महावीर दल में किया जाएगा। मंडल के सह संयोजक विजय कुमावत ने कहा कि हिंदू समाज हनुमान भक्त मंडल पिछले 3 वर्ष 1माह से प्रत्येक शनिवार को अलग अलग मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ करते आ रहा हैं। इसी क्रम में महावीर दल अखाड़े में होने वाले सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में मंडल के सदस्यों के अलावा आस पास के लोगो से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में पहुंचने का आठाह किया सत्यनारायण सेन ,रघुवीर सैनी, दीनदयाल सैनी, महेंद्र सैनी, दौलत सैनी, किशन स्वामी ,पप्पू सेनी, छगन सेनी सतीश कुमावत, सिदार्थ जांगिड अमित ठठेरा, मुकेश शर्मा, अजय मिश्रा, दीपेंद्र योगी, रवि प्रजापत, महेश शर्मा, सुरेश कुमावत, अभिषेक कुमावत, हिमांशु शर्मा, अजय बागोरिया आदि कार्यकर्ता रहेंगे।

### चल प्याऊ को हरी झंडी दिखाई

**निवाई,** (निसं)। भीषण गर्मी में लोगों एवं राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए नगर पालिका ने बैटरी से स्वचालित ई रिक्शा शुरू किए हैं। चल प्याऊ का शुभारंभ पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी व अधिशासी अधिकारी मनोहर जाट ने विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष इसरानी ने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी पड रही है। गर्मी के समय में पानी की अत्यधिक आवश्यकता हो जाती है। इसी को मध्य नजर रखकर पालिका ने चल प्याऊ शुरू कर लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने का प्रयास किया है। लोगों को भी पशु-पक्षियों सहित आमजन के लिए पेयजल की व्यवस्था करने के लिए आगे आना चाहिए। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि एक वाहन अहिंसा सर्किल से पहाडी चुंगी नाका तक, दूसरा अहिंसा सर्किल से झिलाय रोड रेलवे फाटक तक, तीसरा अहिंसा सर्किल से एफसीआई गोदाम तक व चौथा वाहन शहर के अंदर वाले बाजार में घूम-घूम कर लोगों को शीतल पेयजल पिलायेगा। उन्होंने बताया कि वनस्थली मोड व झिलाय रोड पर स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर स्थाई प्याऊ लगाई गई है।

### जांच एवं परामर्श शिविर में 25 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम दिन आयोजित किए जाने वाला नि:शुल्क परामर्श शिविर डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी अस्पताल के बरामदे में आयोजित नि:शुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर में 25 रोगी लाभान्वित हुए। क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिकने बताया कि शिविर में रोगियों को शुगर, बीपी एवं वजन तुलाई की सुविधा नि:शुल्क प्रदान की गई साथ ही डॉक्टर महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा शिविर में मरीजों को नि:शुल्क परामर्श भी दिया गया।शिविर में क्लब के सागरमल हलवाई, रेवत सिंह, रामावतार वर्मा आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग दिया ।वही शिवपाल योगी, महेंद्र शर्मा और जितेंद्र शर्मा ने मरीजो की जांच में सहयोग किया।

### बाइक चोरी का मामला दर्ज

**निवाई**, (निसं)। गुरूवार की देर शाम को जैन पैराडाइज के बाहर से चोर बाइक चुरा ले गए। बाइक मलिक हेमंत जैन पुत्र भागचंद जैन निवासी झिलाय वालों का बाग ने बताया कि वह गुरूवार की देर शाम को जैन पैराडाइज में एक समारोह में गया था। थोडी देर बाद वह बाहर आया तो बाइक गायब मिली। उसने बाइक की तलाश भी की लेकिन कोई पता नहीं चला। पीडित ने जिसकी सूचना निवाई थाने पर दी।

# बिजली कटौती से त्रस्त उपभोक्ताओं ने ए.ई.एन. का घेराव किया

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे के लोग भीषण गर्मी के दिनों में कभी कम वोल्टेज तो कभी बिजली कटौती से परेशान है।

उमस भरी गर्मी से बिलबिला उठे है। करीब 50 हजार की आबादी उमस भरी गर्मी में बिजली विभाग की तैयारियों की पोल खुल गई है। कस्बेवासी बिजली कटौती से त्रस्त हैं। आसपास की कॉलोनी सहित मामोडिया के मोहल्ले में लगे ट्रांसफॉर्मर में बार-बार तकनीकी खराबी आ जाने के चलते लोग गर्मी से बिलबिला उठे। गुरुवार रात से उपजी बिजली की समस्या शुक्रवार की देर शाम तक बनी रही। लोग गर्मी से परेशान हो गए। मामोडिया मोहल्ला निवासियों ने तो गुरुवार की रात जागकर गुजारी और शुक्रवार सुबह गुस्साए लोग बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर बिजली विभाग एईएन को जमकर आडे हाथों लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने जमकर खरी खोटी सुनाकर बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।


बिजली कटौती से त्रस्त उपभोक्ताओं ने एईएन को घेराव कर समस्या समाधान की मांग की।

इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आदेश अनुसार जिम्मेदार अधिकारियों के हेडक्वार्टर नहीं रहकर दूसरी जगह अप डाउन कर कार्यालय पहुंचने पर भी गहरी नाराजगी जताई। एईएन ने मोहल्लेवासियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही समस्या से निजात दिला दी जाएगी। लोगों की मानें तो गुरुवार की रात ट्रांसफॉर्मर मैं लोड नहीं लेने के कारण आपूर्ति ठप हो गई। लोगों के द्वारा बार-बार सूचना देने के बाद भी संतोष जनक जवाब नहीं मिल पाया और प्रात: 4 बजे के करीब बिजली आई फिर चली गई। शुक्रवार दिन में भी कुछ यही स्थिति रही। बार-बार बिजली कटौती से परेशान आकर लोगों ने विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचकर एईएन को घेर कर अपनी बात रखी। इस दौरान जूटे उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के इंजीनियरों पर लापरवाही का आरोप लगाया। कहां की इंजीनियरों की लापरवाही के कारण शासनादेश अनुसार लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। इस दौरान कैलाश चंद सैनी, गणेश सैनी, भागचंद सैनी, राजेंद्र सैनी, दिनेश नाटाणी, विष्णु कुमार मामोडिया, पूरण सैनी दिनेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**टोंक,** (निसं)। जिले में अन्तर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस आयोजित किया गया। जिले में समस्त चिकित्सा संस्थानों पर आमजन को तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई एवं तम्बाकू सेवन करने वाले लोगों को इसे छोडने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

- **अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन**

अधिकारी डॉ. अशोक कुमार यादव ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड टोंक के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा



टोंक में अन्तर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया।

प्राधिकरण सचिव दिनेश कुमार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू जनित पदार्थ का उपयोग से मानव जीवन में हानि एवं अनेक बीमारियाँ होती है। उन्होंने बच्चों को इससे हो रही हानियों एवं कानून की जानकारी देते हुए परिवार में इसकी रोकथाम हेतु प्रेरणा दी। उन्होंने इस वर्ष की थीम ''बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना'' के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सीएमएचओ डॉ अशोक कुमार यादव ने बताया कि आज के समय में धुम्रपान और चबाने वाले तम्बाकू का सेवन बहुत अधिक मात्रा किया जा रहा है, जो कि चिंता का विषय है। निकोटीन एक ऐसा पदार्थ है जो बेहद नशीला होता है और तम्बाकू के पौधों में पाया जाता है।

## संक्षिप्त

### लू लगने से टैंकर ड्राइवर की मौत

**निवाई, (निसं)।** एक टैंकर ड्राइवर की शुक्रवार को अधिक गर्मी व लू लग जाने से मौत हो गई। बरोनी थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि फोन से सूचना मिली कि सीएचसी निवाई में टैंकर ड्राइवर की मौत हो गई है। पुलिस ने जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। टैंकर के सैकंड ड्राइवर मूलचंद ने बताया कि मृतक राजू पुत्र भगवानसिहं निवासी जोगिया थाना हाथरस गेट उत्तरप्रदेश निम्हेडा चित्तौडगढ से टैंकर में सरसों का तेल भरवाकर आगरा जा रहे थे। इसी दौरान गांव मोटूका के पास स्थित ढाबे पर चाय नाश्ते के लिए रूके थे। इसी दौरान राजू की तबीयत खराब हो गई। अन्य गाडी से उसे अस्पताल इलाज के लिए लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाकर परिवारजनों को सूचना दे दी गई है।

### योगाभ्यास व प्राणायाम करवाये

**टोंक, (निसं)।** उपनिदेशक डॉ ललित कुमार शर्मा के निर्देश व मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम शोप में देवलाल बाबा के बगीचे में योग शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में योग प्रक्षिशक यश कुमार चौधरी द्वारा विभिन्न योगाभ्यास व प्राणायाम करवाये गए एवं योग-प्राणायाम हमारे लिए क्यों आवश्यक है इस बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई। आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी डॉ कैलाश नागर द्वारा उक्त शिविर आमजन को ऋतुचर्या, दिनचर्या व रात्रिचर्या के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर के बाद योग के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु योग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

### पेयजल सप्लाई को चालू कराया

**टोंक, (निसं)।** जिले में भीषण गर्मी एवं हीटवेव के मध्य नजर जलदाय विभाग द्वारा आमजन को राहुत पहुंचाने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है। इसके साथ ही, लोगों की पेयजल समस्याओं का निस्तारण भी तत्काल किया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा द्वारा निरंतर की जा रही है। टोंक शहर के वार्ड नंबर 52 स्थित बनवारी जी के चौराहे क्षेत्र में पानी नहीं आने की शिकायत मिलने पर कार्यवाही करते हुए विभाग के पंप हाउस पर इलेक्ट्रिक फॉल्ट को सही कर क्षेत्र में पेयजल सप्लाई को चालू करवाकर लोगों की समस्या को तत्काल दूर किया गया। अब बनवारी जी के चौराहे क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति हो रही है।

### गौशाला समिति के चुनाव कल

**फुलेरा, (निसं)।** श्रीरामनगर स्थित हरिसिद्ध हनुमान मन्दिर एवं गौशाला समिति के चुनाव रविवार को होंगे। उपरोक्त जानकारी वर्तमान व्यवस्थापक रूपेश मौर्य के द्वारा दी गई। साथ नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर चुनाव सफल संपन्न करवाने की अपील की है।

### न्यायिक कार्य किये स्थगित

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला अभिभाषक संघ की बैठक शुक्रवार को स्थानीय न्यायालय परिसर में संघ के अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भीषण गर्मी व मौसम विभाग द्वारा जारी रेड अलर्ट को देखते हुये संघ ने आगामी 4 जून तक स्वैच्छिक रूप से न्यायिक कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया। गुर्जर ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते अधिकांश अधिवक्ता व पक्षकार न्यायालय में आने में असमर्थ है। ऐसे में न्यायिक कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान जिला कलेक्टर राजस्व न्यायालय, एडीएम राजस्व न्यायालय, एसडीएम कोर्ट व सहायक कलेक्टर कोर्ट में भी न्यायिक कार्य नहीं हो सकेगें।

### अधिकारी ने दिये जरूरी निर्देश

**टोंक, (निसं)।** दिनेश कुमार जलुथरिया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की अध्यक्षता में बाल पीडितों को प्रतिकर दिलवाने के लिए जिला बाल पीडित सहायता समिति के पदेन सदस्यों की बैठक हुई। विधिक सचिव ने बाल पीडितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में चर्चा की तथा बाल पीडितों के संदर्भ में अब तक 32 एफआईआर दर्ज होना पाया गया, उनमें से किसी भी परिवादी द्वारा पीडित प्रतिकर स्कीम के तहत प्रार्थना पत्र पेश नहीं हुआ है। इस संदर्भ में पत्रावली प्रार्थना पत्र तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती गीता, एएसपी, महिला अपराध अनुसंधान सेल टोंक, हेमराज चौधरी, आदि उपस्थित थे।

# दो कच्चे घरों में लगी आग, पांच लाख का नुकसान



शाहपुरा में दो कच्चे घरों में लगी आग को मशक्कत से बुझाया गया।

- पीड़ित महिला को प्रशासन से मुआवजा दिलाने की माँग
- आग से घरेलू सामान जलकर हुआ राख
- नगरपालिका की दो दमकल मौके पर पहुँची व आग पर पाया काबू

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा नगरपालिका के वार्ड नंबर 5 ढाणी नई कोठी में स्थित मन्ना देवी पत्नी स्वर्गीय संतुराम सैनी के दो कच्चे घरों में बुधवार की रात करीब चार बजे अचानक अज्ञात कारण से आग लग गई। जिससे करीब पाँच लाख रूपये का नुकसान हो गया।

आग में दो भैंस व एक पाडा भी जलकर बुरी तरह झुलस गये। झुलसे पशुओं की हालत गंभीर बनी हुई है। बुधवार की सुबह राजकीय पशु चिकित्सालय के डॉक्टर मौके पर पहुंचे और आग में झुलसे पशुओं का उपचार किया लेकिन पशुओं की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। इनके बचने की कोई संभावना नहीं है। आगजनी घटना के पीडत मन्ना देवी पत्नी स्वर्गीय संतोष सैनी व उनके पुत्र कमलेश कुमार सैनी ने बताया कि बुधवार की रात वो गर्मी के कारण घरों से बाहर चौक में सो रहे थे तभी करीब चार बजे अचानक अज्ञात कारण से उनके दो कच्चे घरों में आग लग गई। आग से घर में बंधी हुई दो भैंस व एक पाडा जिनकी कीमत करीब दो लाख रूपये, घर में रखी हुई 10 बोरी गेहूँ की, 5 बोरी बाजरा, 5 बोरी खल-काकडा, दो कच्चे घरों के छप्पर, दो टीन सेड, खाने पीने के बर्तन, दो पीकअप चारा जिसकी कीमत करीब एक लाख रूपये, घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना शाहपुरा नगरपालिका के दमकल विभाग को दी गई जिस पर दो दमकल मौके पर पहुँची और आग को बुझाकर आग पर काबू पाया गया। इस दौरान शाहपुरा थाना पुलिस भी मौके पर पहुँची और आगजनी की घटना की जानकारी ली।

शाहपुरा पटवारी दर्शन यादव मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान की रपट तैयार की। वहीं पीडित ने आगजनी घटना की रिपोर्ट शाहपुरा पुलिस थाने में दी। आसपास के लोगों ने बताया कि गरीब पीडित महिला पशुपालन कर परिवार का भरण-पोषण करती है। महिला का रो रो कर बुरा हाल है। समाज सेवी मुकेश कुमार सैनी, महेन्द्र सैनी, विजयपाल सैनी, लक्ष्मण जाला, हजारीलाल सैनी, मनोहरलाल सैनी, मुकेश बबेरवाल, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी ने मौके पर पहुंचकर पीडित महिला को ढाढ्स बंधाया और प्रशासन से गरीब महिला को मुआवजा देने की माँग की है।

### भीषण गर्मी से बचाव के उपाय बताये

**कोटपूतली, (निसं)।** राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी एवं चर्म, एलर्जी व गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश कसाना ने आमजन से अपील करते हुए बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में तेज धूप, हीटवेव व लू के सम्पर्क में आने से तापघात व सनबर्न होता है। ऐसे में गर्मी के समय में बाहर निकलने से बचना चाहिये। साथ ही कुछ सावधानियां भी बरतनी चाहिये। डॉ. कसाना ने बताया कि चिलचिलाती धूप में बिना छाते व काले चश्में के बाहर ना निकलें, काले व भारी भरकम, फिट कपड़े ना पहने, कमरे में गर्म हवा ना आने दें, नंगे बदन व बिना चप्पलों के बाहर ना जायें। जब भी घर से बाहर निकले शरीर को पुरा ढक कर, धूप वाली टोपी व कपड़ डालकर ही बाहर निकलें, ढीले सूती व पूरी बाजू के कपडे पहने, धूप में जाते वक्त सनस्क्रीन व सनग्लास लगाकर ही बाहर निकलें। घर व कार्य स्थलों पर सूर्य की सीधी रोशनी रोकने के लिये पर्दे का इस्तेमाल करें।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर 4551 स्वास्थ्यकर्मियों ने ली शपथ



कोटपूतली में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया।

- तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में दी जानकारी

**कोटपूतली, (निसं)।** विश्व तम्बाकू दिवस के अवसर पर चिकित्सा संस्थानों पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया।

सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में संचालित सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सभी अधिकारी एवं कार्मिकों द्वारा शपथ ली गई एवं आमजन को जागरूक किया गया। डीएनओ रविकांत जांगिड ने बताया कि राजकीय सरदार जनाना अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. शेखावत द्वारा सभी अधिकारी व कर्मचारियों एवं आमजन को शपथ दिलाई गई तथा तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। खण्ड कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के समस्त राजकीय एवं निजी संस्थानों/विभागों में तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ का आयोजन हुआ एवं ग्राम सभायें आयोजित की गई। राज्य सरकार द्वारा जारी शपथ पत्र को सभी जगह पढा गया एवं तम्बाकु के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई।

बीसीएमओ द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम् यूपीएचसी नागाजी की गौर में सभी स्टॉफ व आमजन को शपथ दिलाते हुये तम्बाकु के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। ब्लॉक कोटपूतली में स्वास्थ्य विभाग के लगभग 4551 लोगों ने भाग लिया। आगामी 21 जून अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस तक प्रतिदिन विश्व तम्बाकु निषेध गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया जायेगा।

# शहीद प्रभुसिंह की स्मृति में बनाया गांव का मुख्य द्वार



मेजर हरचंद राम ने मुख्य द्वार का फीता काटकर उद्घाटन किया।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जोरावरनगर गांव में शहीद प्रभुसिंह की स्मृति में गांव के बाहर मुख्य द्वार का निर्माण किया गया है। जिसका उद्घाटन गुरूवार को नीमकाथाना के सैनिक कल्याण बोर्ड के पूर्व अधिकारी हरचंद राम ने फीता काटकर किया। गेट का उद्घाटन पूर्व पंचायत भवन के पास समारोह पूर्वक किया गया। शहीद के भाई मनोहर सिंह शेखावत ने बताया कि समारोह में आए हुए मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं गेट का फीता काटकर गेट वीरांगना पान कंवर की ओर से गांव वालों को सुपुर्द किया गया। ग्रामीणों ने वीरांगना का सम्मान किया। गौरतलब है कि प्रभु सिंह शेखावत 30 मई 1971 को असम ऑपरेशन कैकट्स लिली में शहीद हो गए थे जिनकी स्मृति में गांव के बाहर मुख्य द्वार बनाकर गांव को सुपुर्द किया गया है। इस मौके पर कांग्रेस नेता बालेंदु सिंह शेखावत, जोरावरनगर पूर्व सरपंच नरेंद्र सिंह शेखावत, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनवारीलाल यादव, महावीर सिंह शेखावत, अजीत सिंह शेखावत, मंगेज सिंह, सुमेर सिंह शेखावत, राजेश सिंह, शिवराज सिंह, युवराज सिंह, पवन सिंह, दिनेश सिंह आदि मौजूद थे।

# 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का समापन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का शिविर प्रभारी प्रकाश चन्द यादव, दल नायक मोहित आर्य व एसयूपीडब्ल्यू प्रभारी रामकरण यादव के सानिध्य में समापन हुआ।

शिविर प्रभारी प्रकाश चन्द्र यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित करना व विद्यार्थियों की सामाजिक चेतना को जागृत करना है, ताकि बच्चे गांव शहर में नागरिकों के साथ मिलकर सृजनात्मक और रचनात्मक कार्य भी कर सकें। रामकरण यादव ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी देश की युवा शक्ति को पूर्णतः समाज सेवा की सृजनशील धारा की ओर उन्मुख करने के पक्षधर थे, इसलिए उनका कहना था कि विद्यार्थी समाज की आर्थिक और सामाजिक अक्षमता के संबंध में न केवल वैचारिक सहानुभूति रखें बल्कि वे संख्यात्मक कार्यो में उत्साह से भाग भी लें, ताकिं नागरिकों के जीवन स्तर को आर्थिक और नैतिक दृष्टि से उन्नत किया जा सके।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करें। शिक्षा विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करती है तो समाज सेवा व्यक्तित्व विकास में सहायक होती है। समाज सेवा ना केवल सामाजिक जीवन से सरोकार कराती है बल्कि सामुदायिक समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का विकास कर सामूहिक जीवन जीने का कौशल उत्पन्न करती है। समाज सेवा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आदर भाव पैदा कर राष्ट्रीय एकता की भावना को पनपाती है तथा विद्यार्थियों में श्रम के प्रति निष्ठा प्रतिस्थापित करती है। इस दौरान रतिराम यादव, आशीष तंवर, तनू कंवर, नीतू यादव, सीमा यादव, रितिक रोशन, संगम आर्य, अंकित आर्य, अंकुश वर्मा, महिपाल आर्य, अनुराग आर्य आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शिक्षा के प्रति जागरूकता संदेश प्रसारित करने व जरूरतमंद बालिकाओं को कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास में प्रवेश दिलाने के संकल्प का आह्वान किया।

# मालपुरा में बूस्टरों से हो रहा पानी का अवैध दोहन, 35 बूस्टर जब्त



जलदाय विभाग अधिक्षण अभियंता संदीप बाटड की मौजूदगी मे एईएन व जेईएन ने टीम के साथ 35 अवैध बूस्टर जब्त किये।

- विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की मारपीट व अभद्रता
- आठ जनों पर राजकार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज

**मालपुरा, (निसं)।** नगरपालिका शहरी क्षेत्र के ट्रक स्टेण्ड आबादी क्षैत्र में महावीर मार्ग, दौराई मौहल्ला, ईमाम बाडा, जामा मस्जिद के पास, आवासीय कॉलोनी मे विभाग की लाईन में सीधे बुस्टर लगाकर पानी के हो रहे अंधाधुंध दोहन व कॉलोनी के अन्तिम छोर तक उपभोक्ताओं के पानी नहीं पहुंचने की मिली शिकायतों को गंभीरता से लेते हुये जलदाय विभाग की टीम ने शुक्रवार को ताबडतोड कार्यवाही करते हुये 35 अवैध बुस्टर जप्त कर आठ जनों के विरूद्ध राजकार्य में बाधा का मामला दर्ज करवाया।

मालपुरा विधानसभा से लगातार तीसरी बार विधायक बन प्रदेश की भजन लाल सरकार ने जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के गृह राजनैतिक क्षेत्र मालपुरा शहर में विभाग की लाईनों में बुस्टर लगाकर पानी के किये जा रहै अवैध दोहन की मिली शिकायतो तथा बीते दिनो मालपुरा क्षेत्र के दौरे पर रहै मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व जिला कलेक्टर सौम्या झां के समक्ष ट्रक स्टेण्ड क्षैत्र की आवासीय कॉलोनियों मे पानी की भारी किल्लत व प्रभावशाली लोगों द्वारा बुस्टर लगा अवैध रूप से पानी के दोहन की मिली शिकायतां को गंभीरता से लेते हुये अधिक्षण अभियंता संदीप बाटड के सुपरविजन में सहायक अभियंता तारा स्वामी व कनिष्ठ अभियंता हंसा चौधरी के नेतृत्व मे गठित टीम ने शुक्रवार को तीनों आवासीय कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति के दौरान मॉनिटरिंग कर विभाग की लाईनों में अवैध रूप से बूस्टर लगा पानी का दोहन करते मिले उपभोक्ताओं पर ताबडतोड कार्यवाही करते हुये 35 अवैध बुस्टर जप्त कर मालपुरा मे ही नही अपितू राजस्थान मे भीषण गर्मी के मौसम मे अब तक की सबसे बडी कार्यवाही को अंजाम दिया। पेयजल किल्लत से शहरवासियो को हर हाल मे निजात दिलाने को अपनी पहली प्राथमिकता बताने के केबिनेट मंत्री द्वारा दिये बयानो तथा जिला कलेक्टर सौम्या झां के निर्देशों पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान कॉलोनीवासियों ने विभाग की ऐईएन तारा स्वामी व जेईएन हंसा चौधरी के साथ गाली-गलोच व अभद्रता सहित विभाग के फिडर कार्मिक मुकेश शर्मा के साथ मारपीट की घटना के बाद मौके पर पहुंची थाना पुलिस के वाहन में सभी अवैध बुस्टरों को जप्त कर विभाग कार्यालय पहुंचाया गया।

एईएन तारा स्वामी फिडर मुकेश शर्मा की और से शंकर गुर्जर, नईम, ओमप्रकाश सैनी, श्योजी गुर्जर सहित तीन महिलाओं के विरूद्ध मारपीट व राजकार्य में बाधा व मारपीट का मामला दर्ज करवाया गया। जलदाय मंत्री के गृह क्षैत्र मे अवैध बुस्टरों पर राजस्थान की पहली व सबसे बडी कार्यवाही सोशल मिडिया व ईलेक्टॉनिक मिडिया के साथ-साथ राजनैतिक गलियारे में चर्चा का विषय बनी रही।

## सार-समाचार

### 10वीं बोर्ड का शत् प्रतिशत परिणाम रहा



**दौसा, (निसं)।** श्री डी साइंस अकैडमी के नोनिहालों ने हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के कक्षा दसवी परीक्षा मे बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए शत् प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। निदेशक प्रमोद शर्मा एवं श्याम शर्मा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान अरमान शर्मा ने 97.17 फीसदी अंक बोर्ड में प्राप्त करने के साथ साथ एनएसटीएसई ओलंपियाड में राजस्थान में 1017 रैंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया हैं। संस्थान के प्रतिभाशाली 13 विधार्थियो ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 46 विधार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 84 विधार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 118 विधार्थियों 80 प्रतिशत से अधिक अंक एवं 152 विधार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक एवं 177 विधार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक प्राप्त कर जिले मे अपना परचम लहराया है। इधर सभी विधार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं उनके उत्जवल भविष्य की कामना की।

### परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत



**कोटपूतली, (निसं)।** टीम स्वच्छता सेवा दल के सहयोग से भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षी बचाओ-परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की गई। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए टीम स्वच्छता सेवा दल द्वारा प्रतिवर्ष परिंडा अभियान चलाया जाता है। अभियान की शुरुआत शुक्रवार को श्री अवध बिहारी मंदिर से 5 परिंडे लगाकर की गई। मंदिर के मंहत श्री श्री 1008 बालेश्वरदास महाराज ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा करना सबसे बडा पुण्य का कार्य है। एड. अशोक सुरेलिया ने बताया की प्रत्येक मनुष्य को अपने आसपास के मंदिर परिसर, पार्क, विद्यालयों या फिर अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करनी चाहिये। प्रत्येक मनुष्य को कम से कम 5 परिंडे अपने हाथों से लगाने चाहिये। इस दौरान मंदिर पुजारी नरहरिदास महाराज, पार्षद प्रमोद गुरूजी, हेमंत मोरीजावाला, सतीश योगी, अशोक शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### अधेड़ की मौत, पुलिस जुटी जांच में

**मालपुरा (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र की मोरला ग्राम पंचायत व पचेवर थाना क्षैत्र की बॉर्डर पर कुमावतो की ढाणी में शुक्रवार को एक अधेड की हुई रहस्यमय मौत की जांच में जुटी पुलिस। पचेवर थाना पुलिस से मिली जानकारी मे सामने आया कि मोरला पंचायत की कुमावतो की ढाणी मे रहने वाला नन्दलाल पुत्र रामस्वरूप खंगार जो कि अपने झोपडे मे अकेला ही रहता था। परिवार के बाकी सदस्य जयपुर व किशनगढ मे मजूदरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। नन्दलाल जो कि आसपास के गांव ढाणियो मे मोटरसाईकिल से फैरी लगा कर सब्जी बैचने का कार्य करता था। गुरूवार की देर शाम फैरी लगाकर घर लौटने पर सकुशल खाना खाकर सो गया था। शुक्रवार की सवेरे चिलचिल्लाती धुप निकल जाने के बावजूद मकान के चौक में चारपाई पर ऊनी कम्बल ओढे लेटा देख पडोसियों ने उसे उठाया तो कोई हरकत नही की। तत्काल मामले की जानकारी परिजनों व थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अचेतावस्था में नन्दलाल को मालपुरा अस्पताल में भर्ति करवा स्वास्थ्य परीक्षण कर उसे मृत घोषित किया। अस्पताल पहुंचे परिजनों की मौजूदगी मे पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया।

### जलदाय विभाग ने पुलिस की मौजूदगी में लगाया वाल

**कोटपूतली, (निसं)।** जलदाय विभाग की टीम पुलिस बल के साथ नागाजी की गौर पहुंची तो बड़ी संख्या में समाज विशेष के महिला पुरूषों ने अधिकारियों को घेर लिया और वॉल लगाने का पुरजोर विरोध किया। किन्तु पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में जलदाय विभाग के अधिकारी वाल लगाने में कामयाब रहे, जिससे लम्बे समय से पानी का इन्तजार कर रहे लोगों तक पानी पहुंचने की उम्मीद जगी है। इस दौरान विरोध जता रहे कई लोगों ने जलदाय विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार पर ना केवल किसानों से सांठ-गांठ कर वॉटर स्पलाई का पानी खेतों में देने के आरोप लगाए बल्कि कई लोगों ने विभाग द्वारा अवैध कनेक्शन देने के भी आरोप लगाए। लोगों का यह भी कहना था कि जलदाय विभाग की पानी की लाईनें जगह-जगह क्षतिग्रस्त हैं। जिसके चलते लोगों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। समाज विशेष के लोगों का यह भी आरोप था कि विभाग द्वारा महज उन्हें टारगेट किया गया है।

### अरण्य उद्यान में लता मंडप का निर्माण

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के अरण्य उद्यान सं. 3 में शुक्रवार को लता मंडप का निर्माण वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अमित शर्मा द्वारा करवाया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह व राजस्थान विश्वविधालय के वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रामावतार शर्मा ने किया। डॉ. अमित शर्मा ने कहा कि इस लता मंडल के निर्माण के प्रेरणा स्त्रोत सेवानिवृत आचार्य डॉ. सूर्यप्रताप सिंह राठौड है, जिनका महाविधालय के हरे-भरे परिसर को बनाने में अविस्मरणीय योगदान रहा। प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की पहल महाविधालय के सभी संकाय सदस्यों व विधार्थियों के लिये अनुकरणीय है।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा बुधवार को घोषित किये गये 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रागपुरा महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा श्रेष्ठ प्रतिमान स्थापित करने पर विद्यालय एसडीएमसी सदस्य एलन स्वामी के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा की अध्यक्षता मे छात्र छात्राओं का स्वागत समान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य बाबूलाल वर्मा ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम मे विद्यालय की छात्रा सानिया खान ने 96.7 प्रतिशत, लक्ष्मी राठी ने 95 प्रतिशत, नीरज राठी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय, गुरुजन, परिवार, माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित उच्च माध्यमिक परीक्षा में नेहा स्वामी ने 84.6 प्रतिशत, रोशन स्वामी ने 83.3 प्रतिशत, संजना भार्गव ने 81.2 प्रतिशत, निकिता चौधरी ने 80.8 प्रतिशत, हरीश ने 80.8 प्रतिशत, नितिन यादव ने 70.8 प्रतिशत अंक हासिल किये। वही 8वीं व 5वीं बोर्ड मे भी अधिकांश छात्र- छात्रा ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है। जिस पर आगंतुक अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो का मुँह मीठा करवाते हुए माला व साफा पहनाकर एवं प्रतिक चिन्ह देकर समानित किया गया। इस अवसर पर उपेंद्र सिंह शेखावत, राजेंद्र प्रसाद स्वामी, सूरज मल राठी, बंशी मेहरा, इमरान खान, मनीष यादव, विक्रम राठी, अजय स्वामी, श्याम सुंदर सहित उपस्थित अभिवावको ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया।



टीम की अंतिम एकादश में जायसवाल और दुबे दोनों को जगह मिलनी चाहिए। जायसवाल युवा है और वह बेखौफ क्रिकेट खेलता है। दुबे को भी किसी तरह से टीम में जगह देना होगा। वह जिस तरह से खड़े-खड़े छक्के लगाता है उस तरह की क्षमता बहुत कम खिलाड़ियों के पास है। - सुरेश रैना

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, यशस्वी व शिवम के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **बाबर आजम**



टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक पहले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने आखिरी टी20 मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 22 गेंदों पर एक छक्का और 5 चौकों की मदद से 36 रन की पारी खेली साथ ही विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। बाबर टी20 क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। बाबर आजम ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक कुल 660 रन क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में बनाए हैं जबकि विराट कोहली ने इस टीम के खिलाफ अब तक 639 रन बनाए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

### निशांत देव ने भारत को दी बड़ी खुशी

## पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय बॉक्सर बने

### निशांत ने 71 किग्रा. वर्ग में मोल्दोव के वासिल सेबाटोरी के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज की



बैंकॉक, 31 मई। भारतीय मुक्केबाज निशांत देव पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए हैं। शुक्रवार 31 मई को निशांत बैंकॉक में विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट 2024 के क्वार्टर फाइनल में विजयी हुए। पहले क्वालीफायर में कोटा से मामूली अंतर से चूकने के बाद 23 वर्षीय निशांत ने 71 किग्रा वर्ग में मोल्दोव के वासिल सेबोटारी के खिलाफ अपने मुक्केबाजी में 5-0 से जीत दर्ज की और पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए चौथा मुक्केबाजी कोट हासिल किया। निशांत 26 जुलाई से शुरू होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों का टिकट हासिल करने के लिए निखत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के साथ शामिल हो गए।

हालांकि, अंकुलशिता बोरा को अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में स्वीडन की एंजेस एलेक्सियसन के लिए खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह महिलाओं के 60 किग्रा के लिए कोटा हासिल करने से चूक गई। भारत के बाकी दो मुक्केबाज अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर में उतरेंगे।

## त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में



कल्लांग, 31 मई। त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की युवा भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21,21-19,24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। हालांकि एक समय गेम 4-4 की बराबरी पर चल रहा था लेकिन इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। त्रिशा और गायत्री की भारतीय जोड़ी ने अंक के अंतर को कम किया लेकिन पहले गेम में वह बढ़त हासिल नहीं कर सकीं और उन्हें मैच में 1-0 से पिछड़ना पड़ा। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद किम-कोंग की कोरियाई जोड़ी ने पलटवार करते हुए 11-9 की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने फिर से शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए गेम को 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए दूसरे गेम को जीत कर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली।

दोनों टीम मैच तीसरे और निर्णायक गेम को जीत कर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश करना चाह रही थीं। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी लय बरकरार रखते हुए 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद त्रिशा-गायत्री की जोड़ी ने अपनी बढ़त को बनाए रखा। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। यहां से किसी भी टीम को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लगातार दो अंक हासिल करने थे। फिर ड्यूस और मैच प्वाइंट का सिलसिला शुरु हुआ और खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### इंडिया और बांग्लादेश वॉर्म-अप मैच की होगी थिएटर में स्क्रीनिंग

अमेरिका, 31 मई। टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया अपना एकमात्र अभ्यास मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। 1 जून को ये मुकाबला शाम साढ़े 8 बजे से न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस अभ्यास मैच से पहले फैंस के लिए खुशखबरी सामने आई है। स्टार स्पोर्ट्स ने अपने ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने भारत और बांग्लादेश अभ्यास मुकाबले को लेकर जानकारी दी है।

### हम अच्छी हॉकी खेल रहे हैं लेकिन कभी-कभी लय कायम नहीं रख पाते : हरमनप्रीत



लंदन, 31 मई। भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि उनकी टीम टुकड़ों में अच्छी हॉकी खेल रही है और पेरिस ओलंपिक से पहले एफआईएच प्रो लीग के आगामी मैचों में टीम को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत इस समय प्रो लीग की तालिका में 12 मैचों में 21 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। भारत का सामना शनिवार से शुरू हो रहे प्रो लीग के लंदन चरण में छठी रैंकिंग वाली जर्मनी और नौवीं रैंकिंग वाली ब्रिटेन टीम से होगा। भारत ने बेल्जियम चरण में अर्जेंटीना को दो मैचों में हराया जबकि दो मैचों में बेल्जियम ने उसे मात दी।

हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा ,'' हमने कुछ मौकों पर शानदार हॉकी खेली लेकिन कई बार लय के लिये जूझते रहे। टीम लगातार सुधार कर रही है। हमने युवा खिलाड़ियों को भी मैच अनुभव देने की कोशिश की।'' भारतीय कप्तान ने कहा कि अर्जेंटीना और बेल्जियम के खिलाफ कुछ कड़े मुकाबले खेलने से टीम को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, '' हमने एंटवर्प में अर्जेंटीना और बेल्जियम से कुछ करीबी मुकाबले खेले। ये दोनों टीमें पेरिस ओलंपिक में हमारे ही पूल में हैं।

लंदन चरण में हम अपनी गलतियों से सबक लेकर टीम संयोजन और पोजिशनिंग पर काम करेंगे।'' शनिवार के मैच के बाद भारत को आठ जून को जर्मनी से खेलना है। ब्रिटेन से मैच दो और नौ जून को खेले जायेंगे। भारतीय महिला हॉकी कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद उनकी टीम नये सिरे से शुरूआत कर रही है और प्रो लीग के मैच इसमें अहम भूमिका निभायेंगे। भारत इस समय 12 मैचों में आठ अक लेकर सातवें स्थान पर है। महिला टीम भी जर्मनी और ब्रिटेन से खेलेगी।

### फ्रंटियर और कॉलेजियंस की रोमांचक जीत

नयी दिल्ली, 31 मई। लम्बी सीटी से ठीक पहले कप्तान शपोरजी के शानदार गोल की बदौलत फ्रंटियर एफसी ने ईमी हीरोज को 3-2 से पराजित कर डीएसए ए डिवीजन लीग में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। अन्य मैच में कॉलेजियंस एफसी ने गौरव लाल के दर्शनीय गोल से विक्ट्री एफसी को हराया। शपोरजी के विजई गोल के अलावा फ्रंटियर की जीत का आकर्षण डेविड मोटला के दो गोल रहे। बेहद रोमांचक मुकाबले में ईमी के गोल किपगेन और अखिलेश देवरानी ने किए। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए सीनियर डिवीजन मुकाबले में भारतीय वायुसेना ने कीमा के दो गोलों से अजमल एफसी को 3- 0 से पराजित किया। एक गोल यश लाल ने किया। दोनों टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं।

### विश्व मुक्केबाजी का सदस्य बना भारतीय मुक्केबाजी महासंघ

नयी दिल्ली, 31 मई। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से नाता तोड़कर विश्व मुक्केबाजी का सदस्य बन गया। आज यहां इस अवसर पर बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, मुक्केबाजी की स्थिरता के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि यह अपना ओलंपिक दर्जा बरकरार रखे, इसलिए हम विश्व मुक्केबाजी में शामिल होकर प्रसन्न हैं और खेल के भविष्य के विकास को आकार देने और दुनिया भर के मुक्केबाजों के लिए एक उज्जवल भविष्य प्रदान करने के लिए कार्यकारी बोर्ड और हमारे साथी सदस्यों के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि वह खेल के विकास के लिए विश्व मुक्केबाजी के कार्यकारी बोर्ड के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि दुनिया भर के मुक्केबाजों को अच्छा भविष्य मिल सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वैन डेर वोर्स्ट ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी में एक बहुत ही महत्वपूर्ण देश है और हम बढ़ते विश्व मुक्केबाजी परिवार में बीएफआई का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। यह एक बहुत ही रोमांचक कदम है जो एशिया में हमारी उपस्थिति को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और मैं अपने साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने में बीएफआई के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### खिलाड़ियों को तम्बाकू निषेध की शपथ दिलाई


जयपुर, 31 मई। अमर पैलेस होटल जयपुर में में जस्ट हेल्थ एंड वेलनेस द्वारा प्रस्तुत फर्स्ट जयपुर ओपन क्लासिकल एफआईडीआई रेटिंग चैस टूर्नामेंट में आज तम्बाकू निषेध दिवस पर चेस पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर लोकेंद्र शर्मा एव उनकी टीम ने चेस पेरेंट्स एसोसिएशन के पदाधिकारीयो को, सभी सदस्यों को एवं सभी खिलाड़ियों को तंबाकू निषेध कि शपथ दिलाई। आयोजन सचिव जयंत चतुर्वेदी ने बताया कि पांच चक्र के बाद सात खिलाड़ियों ने 5 में से 5 अंक अर्जित करके बढ़त बना ली है। इनमें उदयपुर के दिव्यांशु बावेल भी हैं।

### नोवाक जोकोविच तीसरे दौर में पहुंचे

फ्रांस, 31 मई। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए यहां लगातार सेट में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच को राबर्टो कार्बालेस बेयना को पराजित करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने स्पेन के खिलाड़ी को दो घंटे चार मिनट में 6-4, 6-1, 6-2 से हराया। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन मैच प्रभावित हुए लेकिन इस बीच ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी जापान की क्वालीफायर मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-2 से हराकर आगे बढ़ने में सफल रही। पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबालेंका का अगला मुकाबला पाउला बैडोसा से होगा, जो उनकी करीबी सहेली है और इस साल महिला युगल में उनकी जोड़ीदार है। महिला वर्ग में ही 2022 की विंबलडन चैंपियन और यहां चौथी वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना ने अरांटेक्सा रुस को 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह रूसी खिलाड़ी जब 6-1, 5-0 से आगे चल रहा था तब उनके प्रतिद्वंद्वी मिओमिर केकमैनोविच ने मैच से हटने का फैसला किया। राफेल नडाल को हराने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपना विजय अभियान जारी रखा। उन्होंने डेविड गोफिन को 7-6 (4), 6-2, 6-2 से हराया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और दो बार की गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने बुधवार रात दूसरे दौर के मुकाबले में मैच प्वाइंट बचाया और फिर अंतिम पांच गेम जीतकर दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने मैच के बाद कहा, ''निश्चित तौर पर यह मुकाबला काफी तनाव भरा था। मैंने दूसरे दौर में कभी इतने कड़े मुकाबले की उम्मीद नहीं की थी। निश्चित तौर पर अगली बार मैं इसके लिए अधिक तैयार रहूंगी।''

## टी-20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में गेंदबाजी नहीं करेंगे मिचेल मार्श

### पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं ऑस्ट्रेलियाई कप्तान



अमेरिका, 31 मई। टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम में चिंता बढ़ गई है। अक्सर चोटों से जूझने वाले उसके कप्तान मिचेल मार्श एक बार फिर चोट से जूझ रहे हैं। हालांकि, उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और वह एहतियात के तौर पर वर्ल्ड कप के शुरूती मैच में बॉलिंग नहीं करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया को 6 जून को ओमान के खिलाफ अपने वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करनी है। टीम के चीफ कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने बताया कि इस मैच में मार्श बॉलिंग नहीं करेंगे और सिर्फ बातौर बल्लेबाज मैदान पर उतरेंगे। कंगारू टीम को इसके बाद 9 जून को डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ खेलना है। तब देखना खास होगा कि क्या मार्श खुद को तब भी बॉलिंग से दूर रखेंगे या फिर जरूरत पड़ने पर वह ये जिम्मेदारी उठाएंगे।


मार्श इस टूर्नामेंट से पहले इंडियन प्रीमियर लीग में खेले थे। जहां वह हैमस्ट्रिंग चोट का शिकार हो गए, वह दिल्ली कैपिटल्स की ओर इस लीग में खेल रहे थे। इस चोट से पह करीब-करीब उबर गए हैं लेकिन एतहिताय के तौर पर ओमान जैसी साधारण टीम के खिलाफ वह बॉलिंग नहीं करेंगे। इससे पहले उन्होंने नामीबिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ अभ्यास मैच भी खेले, इन दोनों प्रैक्टिस मैचों में उन्होंने 18 और 4 रन बनाए।

मैकडोनाल्ड ने क्रिकेट कॉम एयू से कहा कि, उसने अभ्यास मैच खुद को परखने के लिए खेले, दूसरे अभ्यास मैच में उसने ज्यादा देर फील्डिंग की, जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। वह पहला मैच खेलेगा लेकिन गेंदबाजी नहीं करेगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, कैमरून ग्रीन और ट्रेविस हेड नहीं खेले थे जो आईपीएल के बाद अभी भी यहां पहुंचे नहीं हैं।

### पूरन, पॉवेल के अर्द्धशतकों से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

पोर्ट आफ स्पेन, 31 मई। निकोलस पूरन और रोवमैन पॉवेल के अर्धशतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही आस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में 35 रन से हराया। आस्ट्रेलिया ने नामीबिया के साथ पहले अभ्यास मैच के बाद एक बार फिर नौ खिलाड़ियों को ही उतारा। चयनकर्ता जॉर्ज बेली और कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने फील्डिंग के दौरान ही पूरी टीम उतारी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने पूरन के 25 गेंद में 75 रन (पांच चौके, आठ छक्के) और कप्तान पॉवेल के 25 गेंद में 52 रन (चार चौके, चार छक्के) की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाये। शेरफान रदरफोर्ड ने 18 गेंद में नाबाद 47 रन बनाये। जवाब में आस्ट्रेलिया के लिये जोश इंगलिस ने 30 गेंद में 55 रन और नाथन एलिस ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। आस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी।

## शरत कमल से देश को टेबल टेनिस में पदक दिलाने की उम्मीद



नयी दिल्ली, 31 मई। अपने पांचवें ओलंपिक के लिए कड़ी तैयारियों में जुटे अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल को पेरिस में मिलने वाली कड़ी चुनौती के बावजूद उम्मीद है कि इस बार खेल में ओलंपिक का पदक का सूखा खत्म होगा। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम के ध्वजवाहक शरत कमल इस समय जर्मनी में ट्रेनिंग में जुटे हैं।

पेरिस में भारतीय पुरुष टीम की अगुआई करने वाले शरत ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित कराई गयी 'वर्चुअल' बातचीत में कहा, ''पहली बार हम टीम (पुरुष और महिला) स्पर्धाओं में खेलेंगे। ओलंपिक में इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा होती है। मेरे पास राष्ट्रमंडल खेलों (सात स्वर्ण सहित 13 पदक), एशियाई खेलों (दो कांस्य) के पदक हैं। बस ओलंपिक पदक की कमी है। उम्मीद करता हूं कि इस बार देश के, खेल महासंघ और खुद के लिए यह पदक जीत सकें।''

उन्होंने कहा, ''टीम स्पर्धाओं में युगल सबसे अहम होता है क्योंकि हम शुरूआत ही इससे करते हैं। अगर अच्छी शुरूआत हो तो आत्मविश्वास बढ़ता है।'' शरत मानते हैं कि शारीरिक फिटनेस के साथ मानसिक रूप से मजबूती पदक दिलाने में अहम होगी और ट्रेनिंग सत्र में टीम मजबूती पर काफी काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''टीम को मजबूती देने पर जोर लगा है क्योंकि सभी की उम्मीदों से दबाव होगा ही। ओलंपिक 'खेलों का उत्सव' है, जहां हर खेल के शीर्ष एथलीट होते हैं और अगर सफलता हासिल करनी है तो दबाव का आनंद लेकर खेलना होगा। युवा खिलाड़ी हैं, जिनमें से कुछ का पहला ओलंपिक है। लेकिन सभी को दबाव से निपटना होगा। हम अपना फोकसअपने प्रदर्शन पर रखना होगा। ''

वर्ष 2004 में ओलंपिक में पदार्पण करने वाले 41 वर्षीय शरत का यह अंतिम ओलंपिक होगा। अपने दो दशक के करियर में शरत ने ऐसा दौर भी देखा है जब खिलाड़ियों को अपनी छोटी छोटी जरूरतों के लिए खेल मंत्रालय के चक्कर काटने पड़ते थे।

### भारतीय टीम ने 3 घंटे नेट पर बहाया पसीना

अमेरिका, 31 मई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्म-अप मैच खेलने के लिए तैयार हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय टीम ने मैच से एक दिन पहले लंबा अभ्यास सत्र किया, जिसमें रोहित शर्मा ने बल्लेबाजी की और ऋषभ पंत भी विकेटकीपिंग को तराशते हुए नजर आए। इस बीच, खास बात ये रही कि गेंदबाजों को भी बल्ला थामे नेट पर देखा गया। भारतीय टीम ने मैच से एक दिन पूरे 3 घंटे तक अभ्यास सत्र किया। इस दौरान सबसे पहल कौचिंग प्रेक्टिस की गई। ऋषभ पंत विकेटों के पीछे अभ्यास करते हुए नजर आए। वहीं, नेट पर सबसे पहले सूर्याकुमार यादव को समय दिया गया। सूर्या के बाद सीधे युजवेंद्र चहल और जसप्रीत बुमराह के हाथ में बल्ला थमाया गया। दोनों गेंदबाजों ने काफी देर तक बल्लेबाज अभ्यास किया। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारतीय टीम बल्लेबाज में गहराई लाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। न्यूयॉर्क में ड्रॉप इन पिचों पर काफी उछाल मिलने की संभावनाएं प्रबल हैं। इस बीच, भारतीय कप्तान ने अभ्यास सत्र में ज्यादा समय पेस गेंदबाज के साथ बिताया।

## खेल मंत्रालय ने यूरोप में नीरज को दो महीने की ट्रेनिंग की मंजूरी दी



नई दिल्ली, 31 मई। खेल मंत्रालय ने को मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैम्पियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया।

चोपड़ा ने तीन साल पहले तोक्यो ओलंपिक में ट्रैक और फील्ड पदक जीतने वाला पहला भारतीय बनकर इतिहास रच दिया था। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम) के अंतर्गत वित्तीय सहायता में हवाई यात्रा का किराया, रहना और खाना, मेडिकल बीमा, स्थानीय यात्रा के खर्चे के अलावा अन्य भत्ते भी शामिल होंगे जो भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के मानदंड के अनुसार दिये जायेंगे।

पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग भाग लेने वाली विनेश ने लोम्बार्ड के हंगरी की यात्रा, वीजा तथा रहने और स्थानीय यात्रा के लिए मदद देने का अनुरोध किया था। वह छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। एमओसी ने मैड्रिड में पांच से सात जुलाई तक स्पेन में होने वाली ग्रां प्री हिस्सा लेने के लिए उनके प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

विनेश की सहयोगी टीम में फिजियो अश्विनी जीवन पाटिल, स्पारिंग जोड़ीदार अरविंद और कोच वोलर अकोस शामिल होंगे। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। वह कोच बॉबी जॉर्ज के साथ लिस्बन, पेरिस, एथेंस और जिनेवा में ट्रेनिंग लेंगी। इसके अलावा एमओसी ने शॉटगन निशानेबाज राजेश्वरी कुमारी और महेश्वरी चौहान को इटली में ट्रेनिंग शिविर में अपने निजी कोचों को ले जाने के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी। एमओसी ने 2022 हांग्झोउ एशियाड के कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय के ट्रेनर रोहन जॉर्ज की नियुक्ति के लिए वित्तीय मदद के अनुरोध को भी मंजूरी दे दी है।

मैसनाम मेराबा और अनुपमा उपाध्याय के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए मदद के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। रिकर्व तीरंदाज अतनु दास के कोच मीम गुरुंग के साथ पुणे में दो महीने की ट्रेनिंग के लिए वित्तीय सहायता के अनुरोध को भी मंजूर कर दिया गया। नौकाचालक विष्णु सरवनन के ट्रेनिंग शिविर के दौरान 40 दिन के लिए फिजियो सरथ लाल को शामिल करने और पैरा पावरलिफ्टर अशोक के व्हीलचेयर दिलाने के अनुरोध को भी स्वीकार कर लिया गया।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय उच्चाधिकारियों, जिला प्रभारी सचिवों, संभागीय आयुक्त व कलैक्टरों की समीक्षा बैठक ली, जिसमें उन्होंने अधिकारियों को पानी-बिजली सप्लाई की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये तथा अधिकारियों के साथ प्रदेश में वॉटर हार्वेस्टिंग एवं आम जन शिकायत निवारण सहित कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने जिला प्रभारी सचिवों, कलैक्टर्स और संभागीय आयुक्तों की बैठक ली

## बैठक मुख्यतया भारी हीट वेव से निपटने की तैयारियों की समीक्षा करने के मुद्दे पर बुलाई गई थी

- **मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को हर गांव-कस्बे व शहर में बिजली, पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।**
- **मुख्यमंत्री ने लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।**

जयपुर, 31 मई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभागीय उच्चाधिकारियों, जिला प्रभारी सचिवों, संभागीय आयुक्त एवं कलैक्टर्स की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, भीषण गर्मी के दौर में आमजन को बिजली और पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। जिस भी दर पर बिजली उपलब्ध हो रही है, एक्सचेंज से खरीद कर राज्य सरकार आमजन को उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मर को रिपेयर या रिप्लेस कर ट्रिपिंग की समस्या का त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही, कमी होने पर जिलों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की आपूर्ति भी की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रभारी जिला सचिव अपने दौरे के दौरान औपचारिक समीक्षा बैठकों तक ही सीमित ना रहें, अपितु फील्ड में औचक निरीक्षण कर परिवादों एवं शिकायतों का वास्तविक समाधान सुनिश्चित कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड विज़िट में बिजली, पानी या एजेण्डा बिन्दुओं के साथ-साथ नए एवं पुराने सभी कार्यों और योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने प्रशासनिक कार्यां में लापरवाही करने वाले कार्मिकों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए भी निर्देश दिए।

शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रभारी जिला सचिव जलापूर्ति से संबधित परियोजनाओं व कार्यों की सघन मॉनिटिरिंग करें और प्रत्येक जिले में ट्यूबवेल की समीक्षा कर अधिकारियों को ट्यूबवेल सूखने के कारणों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, सरकार ने गर्मी के मौसम में बिजली की मांग 3 हजार 777 लाख यूनिट के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बावजूद भी आमजन को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई है।

शर्मा ने आमजन से बिजली और पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की और अधिकारियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में मानसून से पहले जल संग्रहण एवं संचयन के ढांचों (वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर) के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के तहत निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जाएं। साथ ही, परंपरागत पेयजल एवं जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने और भू-जल स्तर बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

शर्मा ने कहा कि, हीटवेव एवं मौसमी बीमारियों से उत्पन्न स्थितियों को नियंत्रित करने के लिए सभी चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कार्मिकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो। उन्होंने अस्पतालों में मरीजों को राहत देने के लिए पर्याप्त संख्या में कूलर, एसी, वाटर कूलर आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि, गौशालाओं में पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए समय पर अनुदान जारी किया जाए।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि, चुनाव आचार संहिता में पहले सभी काम ठप पड़ जाया करते थे, लेकिन इस बार सरकार ने भर्ती प्रक्रिया से लेकर टेंडर, खरीद आदि के 141 मामलों में भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर यह सुनिश्चित किया कि जरूरी कार्य बाधित न हों। उन्होंने कहा कि, राजकीय अधिकारियों एवं कार्मिकों की स्थानांतरण नीति का प्रारूप तैयार कर लिया गया है और शीघ्र ही इसका प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के समक्ष किया जाएगा। गत 15 दिन में ही दो हजार नई नियुक्तियां दी गई हैं।

# क्या प्रशासन गुंजल की पत्नी की फर्म के काम को गैर प्रशासनिक तरीके से रोक रहा है?

-यादवेंद्र शर्मा-

- **हाईकोर्ट ने इस मामले में गुंजल की पत्नी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि, सरकार जय कंवर गुंजल की फर्म को सुनवाई की अगली तारीख तक सुचारू रूप से काम करने दे।**
- **इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी. माथुर ने कहा कि, जय कंवर गुंजल की फर्म, बाल बालाजी क्रशर्स को सरकार द्वारा गठित समिति एक अवर्णित भूमि का सर्वे करने के नाम पर काम करने से रोक रही है, जबकि किसी भी विभाग ने ऐसा कोई भी आदेश नहीं दिया है, जिससे फर्म का काम बंद करना पड़े।**

जयपुर, 31 मई। लोकसभा प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल की पत्नी जय कंवर गुंजल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि, राज्य सरकार के कई विभाग उनकी फर्म, बाल बालाजी क्रशर्स के क्रशर्स को चलाने नहीं दे रहे हैं, जबकि किसी भी विभाग ने उनके क्रशर का कार्य रोकने के लिये आदेश पारित नहीं किये हैं।

हाईकोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को आदेश दिये हैं कि, वह बाल बालाजी क्रशर्स को सुनवाई की अगली तारीख तक किसी भी कार्य से अवरूद्ध ना करें। न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल ने यह आदेश जय कंवर गुंजल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये। इस मामले की अगली तारीख जुलाई में तय की गई है।

इस मामले में यचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.बी.माथुर और उनके सहायक अधिवक्ता विवेक यादव, वर्णित जैन और फलक माथुर पैरवी के लिये पेश हुए।

इस मामले की जिरह के दौरान आर.बी.माथुर ने अदालत को बताया कि, राज्य सरकार ने कई विभागों के अफसरों की एक टीम गठित की थी जिसे एक अवर्णित भूमि के क्षेत्र का सर्वे करना था, परंतु इस कमेटी के अधिकारी सर्वे की आड़ में बाल बालाजी क्रशर्स को कार्य करने से अवरूद्ध कर रहे हैं।

उन्होंने आगे बताया कि, राज्य सरकार के किसी भी विभाग द्वारा ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया है जिससे बाल बालाजी क्रशर्स को काम करने से रोका गया हो।

इस मामले पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल ने मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष, कोटा जिले के कलेक्टर, एस.पी. कोटा, कोटा डवलपमेंट अथॉरिटी के सचिव, यू.आई.टी. कोटा के सचिव तथा अन्य अफसरों से जवाब तलब किया है। अदालत ने आदेश दिये हैं कि, नोटिस रजिस्टर्ड पोस्ट से भेजे जायें और पावती रसीद प्राप्त की जाये। अदालत ने कहा कि, नोटिस की पूर्ति होने के बाद ही मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी।

## नीरव,माल्या व मेहुल चोकसी को लेकर ई.डी. की कोर्ट में जमकर खिंचाई हुई

- **मुंबई हाई कोर्ट ने कहा कि, ये सभी लोग ई.डी. की नाकामी की वजह से देश छोड़कर भाग गये।**

मुंबई, 31 मई (वार्ता) महाराष्ट्र में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी को पकड़ने में विफलता के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की खिंचाई की।

सुनवाई के दौरान अदालत ने चार्टर्ड अकाउंट व्योमेश शाह की उस याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें उन्होंने विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति को खत्म करने की मांग की थी। शाह पर गरवारे इंडस्ट्रीज के निहाल गरवारे के लिए धन शोधन का आरोप है, जिसे पिछले साल बीकेसी में एक संपत्ति सौदे के माध्यम से जेएंडके बैंक को एक सौ करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शाह ने जमानत आदेश में संशोधन की मांग करते हुए विशेष अदालत का रुख किया था।

# गर्मी से पुलिस कांस्टेबल की मौत

- **धौलपुर के दिहौली थाना क्षेत्र में तैनात कांस्टेबल भूपेन्द्र की शुक्रवार दोपहर गर्मी की वजह से तबियत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।**

धौलपुर, 31 मई (निसं)। धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र की अंडवा पुरैनी चौकी पर तैनात एक कांस्टेबल की शुक्रवार दोपहर को गर्मी की वजह से अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसे साथी पुलिसकर्मी जिला अस्पताल धौलपुर लेकर गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है।

जानकारी के अनुसार, चंबल के बीहड़ों में स्थित अंडवा पुरैनी चौकी पर तैनात पुलिस कांस्टेबल भूपेंद्र (42) पुत्र पूरन, निवासी टुहिया भरतपुर रोजाना की तरह शुक्रवार को भी ड्यूटी पर तैनात था। दोपहर में अचानक भूपेंद्र की तबीयत बिगड़ गई। उसके साथी कांस्टेबल हरेंद्र ने थाने पर कांस्टेबल भूपेंद्र की तबीयत खराब होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर कांस्टेबल को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन, रास्तेमें ही उसकी मौत हो गई।

प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि, कांस्टेबल भूपेंद्र की मौत भीषण गर्मी के कारण हुई है। कांस्टेबल की मौत की सूचना से धौलपुर जिले के पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई तथा परिजनों और रिश्तेदारों में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार मृतक कांस्टेबल वर्ष 2008 में भीलवाड़ा जिले में पुलिस में भर्ती हुआ था। जिसके बाद साल 2017 में उसका ट्रांसफर धौलपुर जिले में हो गया था।

## राजनीतिक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नेता व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक बार फिर पलटी मारने की संभावना जताई। विपक्ष को चन्द्रबाबू नायडू के भी एन.डी.ए. छोड़ कर इंडिया गठबंधन में आने की उम्मीद है।

## गंगोत्री हाईवे पर चट्टानें गिरीं, एक की मौत कई यात्री घायल

नैनिताल, 31 मई। उत्तराखंड चारधाम यात्रा में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गंगोत्री हाईवे पर चट्टान के गिरने से एक यात्री की मौत हो गई है। हादसे में पांच अन्य यात्री भी घायल हैं। हादसे के बाद यात्रा को रोका गया है। घटना के बाद राहत व बचाव का कार्य जारी है। मलबे में कई गाड़ियां भी दबीं हैं।

शुक्रवार दोपहर को गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबरानी के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने की सूचना मिली थी। हादसे में कई गाड़ियों समेत कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका भी जताई गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमें मौके पर राहत व बचाव कार्य के लिए रवाना हो गईं।

पुलिस-प्रशासन की टीम ने तुरंत ही मौके पर रैस्कयू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

प्रशासन की ओर से हाईवे पर गाड़ियों को रोका गया है। बताया कि, हाईवे पूरी तरह से सुरक्षित होने पर ही यात्रियों को रवाना किया जाएगा। हादसे के बाद हाईवे पर गाड़ियों की लंबी-लंबी लाइनें लग गईं हैं। बताया गया है कि हादसे वाली जगह पर इन दिनों सीमा सड़क संगठन द्वारा सड़क की बाहरी तरफ के पुश्ता का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

# देश की जी.डी.पी. आंकड़ों ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सार्वजनिक निवेश में, तकरीबन 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं, जो कि एक मजबूत रुझान है। यह राजस्व के शानदार कलैक्शन सहित कई कारकों से ही संभव हो सका है। जी.एस.टी. प्राप्तियां माह दर माह 1 लाख करोड़ रुपयों से अधिक रही हैं, जिसकी वजह से सार्वजनिक वित्त एक सुखद स्थिति में आ गया है। लागत वृद्धिके बावजूद वित्तीय घाटा 5.6 प्रतिशत पर बना हुआ है।

सरकार के वित्त को रिज़र्व बैंक से भी मदद मिली है। रिज़र्व बैंक ने केन्द्र सरकार को अभूतपूर्व उच्च लाभांश हस्तांतरित किए हैं। उसने केन्द्र सरकार को 2011 लाख करोड़ ट्रांसफर किए हैं। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा अर्जित बड़ी मात्रा के आधिन्य ने भी शायद केन्द्र सरकार की व्यय योजनाओं को आगे बढ़ाया है, लेकिन ये योजनाएं इन सबके बीच एक विवेकशील वित्तीय मानदण्ड में रही हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था अब तक पूर्णरुपेण निजी उपभोग व्यय पर निर्भर रहती आई है। कई अर्थशास्त्रियों ने इस प्रकार की एक तरफा निर्भरता को लेकर चेतावनी दी है। जब अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का काम सिर्फ उपभोक्ता मांग ही करती है, तब मांग में अचानक आने वाली कोई कमी आर्थिक विकास की संभावनाओं को कुल मिलाकर फीका कर देती है।

नवीनतम आंकड़े संकेत देते हैं कि घरेलू उपभोग लगातार मजबूत रहा है। उच्च आवृत्ति वाले कुछ आंकड़े ऑटो सेल्स हाउसिंग लोन्स, फ्यूल कंज़म्पशन जैसे कुछ विशिष्ट सैगमैन्ट्स में आर्थिक विकास की तेज गति का संकेत देते हैं। इस वर्ष सामान्य मानसून की भविष्यवाणी के बावजूद आर्थिक मजबूती के वास्तविक सैगमैन्ट "मांग" में थोड़ी कमी है।

समग्र अनुकूल पृष्ठभूमि को देखते हुए, अगली सरकार की कुछ प्राथमिकताएं हैं। आर्थिक नीति संचालकों को जोर इस पर होना चाहिए कि इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने के लिए अपने प्रचुर संसाधनों का उपयोग किया जाए। यदि इनकी सक्रियता बरकरार रहती है तो ये एक नियत समय में प्राइवेट सैक्टर के बड़े निवेशों तक पहुंच जाएंगे।

निजी निवेश तब आते हैं, जब उनकी क्षमता का उपयोग अधिक हो और उत्तरोत्तर वृद्धि के ट्रैण्ड्स दिख रहे हों। कुछ बिज़नैस कॉन्फिडैंस सर्वे व अन्य संकेतकों से पता चलता है कि बड़े निजी निवेशों के लिए मनोभाव सकारात्मक बन रहे हैं। निजी सैक्टर के निवेशों में महत्वपूर्ण वृद्धि की उम्मीद की जा सकती है।

वास्तव में, भारत में भारतीय निजी निवेशकों के साथ ही प्राइवेट सैक्टर की कुछ बड़ी कम्पनियों का भी आना तय है। केन्द्र सरकार की इन्सैन्टिव स्कीम्स को देखते हुए अधिकाधिक निवेशक भारत को लेकर प्रसन्न मुद्रा में हैं। कम्प्यूटर चिप मेकिंग और सैमीकन्डक्टर इण्डस्ट्री सहित कुछ सैक्टर्स में महत्वपूर्ण नई शुरूआत की उम्मीद है।

इन ट्रैण्ड्स को देखते हुए कोई भी यह सहज भविष्यवाणी कर सकता है कि अर्थव्यवस्था की गति मजबूत बनी रहेगी और वित्तीय बाज़ार थोड़ी तेजी दर्शा सकते हैं।

## 'किसी उद्योगपति का कर्जा माफ नहीं हुआ'

नई दिल्ली, 31 मई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोन डिफाल्टर्स के साथ किसी तरह की रियायत नहीं की जा रही है और ईडी ने अब तक 64,920 करोड़ की संपत्ति अटैच कीहै। उन्होंने कहा कि इस तरह के 1105 डिफाल्टर अब भी जांच के दायरे में हैं। विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में किसी भी उद्योगपति का कर्जा माफ नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा, विपक्ष झूठ बोनलने और अफवाह फैलाने का आदी हो गया है। विपक्ष के लोगों को लोन वेवर और राइटऑफ में भी फर्क समझ नहीं आता है। उन्होंने कहा, आरबीआई के निर्देशों के मुताबिक राइटऑफ के बाद बैंक सक्रकिय रूप से बैड लोन की रिकवरी में जुट जाते हैं। किसी भी उद्योगपति का कोई भी कर्ज मोदी सरकार में माफ नहीं किया गया है। वहीं बैंकों ने बैड लोन से 10 लाख करोड़ रुपये की रिकवरी की है।

# 'बहुमंजिला निर्माण पर "यथास्थिति" सिर्फ गांधी नगर इलाके में ही है'

- **हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि, न्यायाधीशों के बंगलों के सामने बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर "यथास्थिति" बनाए रखने का आदेश सिर्फ गांधी नगर इलाके के लिए ही है, अन्य क्षेत्रों पर यह प्रभावी नहीं होगा।**

जयपुर, 31 मई। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने चीफ जस्टिस (सी.जे.) सहित अन्य न्यायाधीशों के बंगलों के सामने बहुमंजिला इमारतों के निर्माण के मामले में स्पष्ट किया है कि, बहुमंजिला निर्माण पर यथास्थिति केवल गांधी नगर इलाके में ही है और शहर की अन्य जगहों पर नहीं है। ऐसे में एकलपीठ का 15 मई का आदेश केवल गांधी नगर इलाके में ही लागू होगा।

सी.जे. एम.एम. श्रीवास्तव व जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह निर्देश शुक्रवार को स्वप्रेरित प्रसंज्ञान मामले में प्रार्थी मनीषा मालिनी के प्रार्थना पत्र पर दिया।

मामले से जुडे अधिवक्ता संजय जोशी ने खंडपीठ को बताया कि, एकलपीठ ने 15 मई को गांधी नगर सहित अन्य संबंधित जगहों पर बहुमंजिला निर्माण पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। यह प्रसंज्ञान 2019 में दिए एक निर्णय के आधार पर लिया था और इस निर्णय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका पेंडिंग चल रही है। ऐसे में एकलपीठ को 2019 के निर्णय के आधार पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेने का क्षेत्राधिकार ही नहीं था।

अधिवक्ता जोशी ने कहा कि, एकलपीठ ने यथास्थिति किस जगह के बारे में दी है वह भी अपने आदेश में स्पष्ट नहीं किया है और ना ही बहुमंजिला इमारत की जानकारी दी है। वहीं प्रार्थिया को ई.डब्ल्यु.एस. वर्ग में एक फ्लैट आवंटित हुआ है, लेकिन बिल्डर हाईकोर्ट के स्वप्रेरित प्रसंज्ञान आदेश का हवाला देते हुए उसे कब्जा नहीं दे रहा है। इसलिए एकलपीठ के आदेश को स्पष्ट करवाया जाए।

खंडपीठ ने प्रार्थी पक्ष की दलीलों से सहमत होकर स्पष्ट किया कि बहुमंजिला निर्माण पर यथास्थिति केवल गांधीनगर इलाके में ही है और अन्य जगह पर नहीं है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट की एकलपीठ ने 15 मई को शहर के गांधीनगर इलाके में हाईकोर्ट के सी.जे. सहित अन्य न्यायाधीशों के बंगलों के सामने बहुमंजिला इमारतों के निर्माण पर सख्ती दिखाते हुए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया था और गांधीनगर सहित अन्य संबंधित स्थानों पर बहुमंजिला निर्माण पर यथास्थिति बनाए रखने के लिए कहा था। एकलपीठ ने इन बहुमंजिला भवनों के निर्माण की मंजूरी देने पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि, इनसे आम लोगों के लिए बिजली-पानी व रोशनी पर संकट पैदा होगा। उन्होंने सी.जे. सहित अन्य जजों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चिंता जाहिर की थी।

## एग्ज़िट पोल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जाएगी उस समय इंडिया नैशनल डवलपमेंटल इंक्लुसिव एलांयस (इंडिया) निर्णायक जनादेश की ओर अग्रसर हो रहा होगा।

अंतिम चरण के चुनाव से एक दिन पहले शुक्रवार को यहां ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, कांग्रेस के महासचिव प्रभारी संचार, जयराम रमेश, मीडिया व पब्लिसिटी विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा एवं सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफार्म्स की अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि, देश की जनता से मुद्दों पर आधारित प्रचार अभियान से पार्टी को पहचान लिया है, जो राजनीति की गरिमा की सीमा का किसी भी तरह उल्लंघन नहीं करती है।

## किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

नयी दिल्ली, 31 मई (वार्ता) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिये राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है।

आयोग की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, उसने राज्य सरकार द्वारा हाल की कुछ ऐसी घटनाओं में मामला दर्ज किये जाने की बात स्वीकार की है लेकिन कहा है कि ऐसा लगता है कि किशोरियों की तस्करी की घटनाएं जारी हैं। आयोग ने मानव तस्करी रोकने और पीड़ितों के पुनर्वास जैसे कार्यों के लिये केन्द्रीय गृह मंत्रालय की व्यापक योजना के तहत गठित की जाने वाली डीएएचटीयू को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को नोटिस भेजें हैं। आयोग ने उनसे इस संबंध में अब तक की गयी कार्रवाई का आठ सप्ताह के भीतर रिपोर्ट भेजने को कहा है।

आयोग के संज्ञान में राजस्थान में किशोरियों को स्टाम्प पेपर पर बेचने और उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों तथा विदेशों में शारीरिक शोषण, यौन उत्पीड़न के लिये भेजे जाने के मामले आये थे।

# सट्टा बाजार भाजपा को 306...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

यह संशोधन मुख्य रूप से इस संदेह से उत्पन्न होता है कि भाजपा का प्रदर्शन उत्तर प्रदेश, राजस्थान व बिहार जैसे राज्यों में हल्का रहा है। भविष्यवाणियों का संकेत है कि भाजपा को उत्तर प्रदेश में स्वघोषित दावों से कम सीटें मिल सकती है। वर्ष 2019 की 62 सीटों की तुलना में उसे इस बार के चुनावों में 54 सीटें मिलने का अनुमान है। यद्यपि, कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने पूरे उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक बढ़त हासिल की है। कुल मिलाकर, सट्टा बाजार की भविष्यवाणी यह है कि भाजपा के नेतृत्व वाला एन.डी.ए. गठबंधन को 306 सीटें मिलेंगी, साथ कांग्रेस को 55 से 65 सीटों के बीच सीटें प्राप्त होते बताया है।

महाराष्ट्र में सट्टा बाज़ार सत्तारूढ़ महायुति को 48 में से 30 सीटें मिलना बता रहा है जो गठबंधन के स्वयं की अपेक्षाओं से थोड़ा सा कम है। विशेष रूप से महाविकास अघाड़ी में शिव सेना सबसे अधिक सीटें जीत सकती है।

मजेदार बात यह है कि राजस्थान में फलौदी का सट्टा बाज़ार भी मोदी सरकार को लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होता देख रहा है। चुनावों के द्वितीय चरण के बार प्रारंभिक अनुमान में भाजपा के लिए 270 से 280 सीटों का दावा किया है और कांग्रेस को 70-80 सीटों के बीच का अनुमान बताया है। उतार-चढ़ाव के बावजूद, फलौदी सट्टा बाज़ार के अनुमान के अनुसार भाजपा को 300 से कम सीटें प्राप्त होंगी जबकि इंडिया ब्लॉक के लिए अनुमानित सीटें 80 से 95 के बीच दर्शा रहा है।

फलौदी सट्टा बाज़ार जोधपुर से लगभग 160 कि.मी. दूर स्थित है। फलौदी बाज़ार का महत्व यहाँ के खास सट्टा बाज़ार की वजह से है। यह बाज़ार किसी भी महत्वपूर्ण कार्यक्रम की सटीक भविष्यवाणी करने के लिए विख्यात है जिसमें चुनावों के परिणाम भी शामिल हैं।

फलौदी सट्टा बाज़ार दलालों के माध्यम से कार्य करता है जो मतदाता के मूड का विश्लेषण करते हैं तथा भिन्न-भिन्न शर्तों के लिए चुनावों के रूझान के अनुसार भाव तय करते हैं।

इस बाजार की काल्पनिक सटीकता का श्रेय देश भर में व्यापक रूप से फैले मुखबिरों के नेटवर्क को दिया जाता है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा को कुल 80 सीटों में से 55 से 65 सीटें जीतने की उम्मीद है, पर फलौदी सट्टा बाज़ार इसमें कमी कर रहा है। अयोध्या में मंदिर निर्माण जैसे मुद्दों के बावजूद भाजपा को संभावित राजनीतिक लाभ मिलने की अपेक्षा नहीं है।

उत्तर प्रदेश से आगे इसके सट्टेबाजों की निगाहें महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, ओडिशा एवं बिहार जैसे राज्यों पर भी है। भाजपा पिछले लोकसभा चुनावों में 42 में से 16 सीटें पश्चिम बंगाल में जीत चुकी है, यहां इसे आगे लाभ मिलने का अनुमान है। बिहार व महाराष्ट्र में राजनीतिक दृश्य जटिल बना हुआ है। बिहार में भाजपा ने नीतीश कुमार के साथ गठबंधन किया है तथा महाराष्ट्र में शिव सेना व एन.सी.पी. के बीच चल रही कलह के चलते चुनावी दृश्य जटिल बना हुआ है।

## कर्नाटक पुलिस ....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

है कि, कौनसे मोबाइल फोन से सबसे पहले वीडियो बनाए गए थे और फिर वे इसके बारे में प्रज्वल रैवन्ना से सवाल पूछे जाएंगे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, प्राथमिक डिवाइस को नष्ट कर दिया गया है और अगर जाँचकर्ता उसको दूढ़ने में असफल रहते हैं तो जनता दल (एस) के सांसद के विरूद्ध "सबूत के साथ छेड़छाड़" का आरोप भी लगाया जायेगा। प्रज्वल रैवन्ना जो कि, एन.डी.ए. प्रत्याशी के रूप में हासन लोकसभा चुनाव क्षेत्र से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, ने अप्रेल में देश छोड़ दिया था जब वो वीडियो क्लिप्स जिसमें कथित रूप से उनके द्वारा कई महिलाओं को यौन उत्पीड़न करते हुए दिखाया गया था, पूरे कर्नाटक में चर्चा का विषय बन गए थे।

26 अप्रेल को, लोकसभा चुनावों के दूसरे चरण में, हासन में मतदान हुआ था। इसी बीच एस.आई.टी. ने प्रज्वल की माँ भवानी रैवन्ना को भी एक अपहरण के मामले में 1 जून को पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा है। अभी तक प्रज्वल रैवन्ना के खिलाफ रेप के तीन मामले दर्ज हो चुके हैं।

प्रज्वल के वकील अरूण जी. ने मीडिया के लोगों को बताया कि, "कल उसे इमिग्रेशन सैंटर पर प्रॉसीजर के मुताबिक रोका गया था। वो जाँच-पड़ताल में सहयोग करने के लिए आया है और वह यही कह रहा है। इसके साथ ही उन्होंने मीडिया से प्रार्थना की है कि, कृपया मीडिया ट्रायल ना करें।"

## 'फैसले लिखने...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बात कही थी और सुप्रीम कोर्ट में होने वाली लम्बी छुट्टियों की आलोचना की और कहा कि, इतने केस पैंडिंग हैं ऐसे में इतने लंबे अवकाश की क्या जरूरत है?

सान्याल के आलेख पर कानून विशेषज्ञों व प्रोफैशनल्स में तीखी बहस छिड़ गई। मौजूदा व्यवस्था के समर्थकों ने न्यायिक समर्पण पर जोर दिया। सान्याल ने संरचनात्मक बदलाव पर जोर दिया ताकि लंबित केसों के ढेर की समस्या का समाधान किया जा सके।

बार काउन्सिल ऑफ तमिलनाडू एण्ड पुड्डुचेरी और वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीराम पांचू ने मौजूदा व्यवस्था की वकालत की और कहा कि, जज छुट्टियों का उपयोग फैसले लिखने में करते हैं।

बार काउन्सिल व पांचू की प्रतिक्रिया के जवाब में सान्याल ने कहा कि औरों की तरह जज भी छुट्टी के अधिकारी हैं। पर इसके लिए पूरे लीगल सिस्टम क अवरूद्ध नहीं किया जाना चाहिए।

अर्थशास्त्री शामिका रवि ने सान्याल का समर्थन किया व कहा जजों के कार्य दिवस बढ़ाने लंबित केसों का ढेर कम हो जाएगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908